धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार

10.02.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 210




## रोहित ने मचायी तबाही भारत ने सीरीज जीती

**कटक (ओडिशा)।** कप्तान हिटमैन रोहित शर्मा की शानदार तूफानी शतकीय पारी के चलते भारत ने इंग्लैंड को दूसरे वनडे में 4 विकेट से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली। दूसरे वनडे में रोहित शर्मा ने अपनी शतकी पारी में चौकों-छक्कों की बारिश कर तबाही मचा दी। तीन वनडे सीरीज के दूसरे मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 10 विकेट पर 304 रन बनाये। भारत ने 44.3 ओवर में 6 विकेट खोकर कर 33 बॉल बाकी रहते ही 4 विकेट से जीत दर्ज कर कर कर सीरीज को अपने नाम कर लिया। कप्तान रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। तीसरा मैच 12 फरवरी को गुजरात के अहमदाबाद में होगा।

## न्यूज डायरी

### 17 से रांची-प्रयागराज की सीधी फ्लाइट सेवा

**रांची।** महाकुंभ जानेवाले झारखंड के लोगें के लिए एक खुशखबरी है। रांची से प्रयागराज के लिए 17 से सीधी विमान सेवा शुरू हो सकती हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने 28 तक उड़ान की अनुमति दे दी हैं। यह विमान सोम, बुध और शुक्र के दिन प्रयागराज-रांची-प्रयागराज के बीच उड़ान भरेगा। सुबह 11:30 बजे रांची आयेगा और फिर दोपहर 12 बजे उड़ान भरेगा। प्रयागराज से अनुमति मिलते ही टिकट की बुकिंग शुरू हो जायेगी।

### पीएम मोदी आज करेंगे परीक्षा पे चर्चा

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी सोमवार को 11 बजे इस वर्ष के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। देश भर में रिकॉर्ड पांच करोड़ से अधिक पंजीकरण कराये गये हैं। मोदी वार्षिक परीक्षाओं से पहले देश भर के परीक्षार्थियों, उनके अभिभावकों और अध्यापकों को संबोधित करते हैं, ताकि बच्चों को परीक्षा के तनाव से बचाने में मदद मिल सके।

### मणिपुर के सीएम का इस्तीफा

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। भाजपा सांसद संबित पात्रा के अलावा मणिपुर सरकार के मंत्री और विधायकों के साथ राज्यपाल से मुलाकात करने राजभवन पहुंचे थे।

# बीजापुर में भीषण मुठभेड़ 31 नक्सली ढेर, दो जवान शहीद

### अतिरिक्त जवान भेजे गये

**बीजापुर/बस्तर(एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में रविवार की सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई। सुरक्षाबलों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। इस मुठभेड़ में दो जवान भी शहीद हो गये।

दो जवान घायल हैं। खुफिया इनपुट पर जवानों ने बीजापुर के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान इलाके में ऑपरेशन को अंजाम दिया। बस्तर रेज के आइजी सुंदरराज ने कहा कि जवानों ने घटनास्थल से मारे गए सभी 31 वदीर्धारी नक्सलियों के शवों को बरामद कर लिया है। उनकी शिनाख्त की जा रही है, तभी पता चल सकेगा कि वे किस कैडर के थे। घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है। इस सफलता के बाद अब तक छत्तीसगढ़ में इस साल कुल 81 नक्सली मारे गये हैं।

(शेष पेज 11 पर)



### नक्सलियों को जड़ से खत्म करेंगे : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर दिया जायेगा। रविवार को नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा, मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है। यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा। शहीद जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। राज्य के सीएम विष्णुदेव साय ने इस सफलता पर जवानों को बधाई दी। उन्होंने कहा, देश-प्रदेश में कैंसर रूपी नक्सलवाद का अंत तय है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हू. घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

## हजारीबाग के पूर्व एसडीओ रांची से गिरफ्तार

### अशोक कुमार पर है पत्नी को जिंदा जलाकर मारने का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि हजारीबाग सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने की है। लोहसिंघना थाना प्रभारी संदीप कुमार और उनके टीम ने गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। रविवार की शाम अशोक कुमार की गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी। गिरफ्तारी के बाद हजारीबाग पुलिस ने पूर्व एसडीओ को अपनी हिरासत में ले लिया।

31 जनवरी को हजारीबाग व्यवहार न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इस मामले में हजारीबाग पुलिस ने कोर्ट में पुलिस डायरी भी जमा कर चुकी है।

हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी को जिंदा जलाकर मार डाला है। 26 दिसंबर को झील रोड स्थित एसडीओ आवास में सुबह उनकी पत्नी अनीता देवी गंभीर रूप से झुलसी मिली थीं। प्राथमिक चिकित्सा के बाद बीजीएच बोकारो और रांची में इलाज चला। 28 दिसंबर की सुबह अनीता देवी का निधन हो गया था। निधन के बाद मृतका के भाई राजू कुमार गुप्ता ने जला कर मारने के आरोप में मामला दर्ज कराया था। परिजनों, समाजसेवी एवं राजनीतिक दल के लोगों ने लोहसिंघना थाना का घेराव भी किया था।

(शेष पेज 11 पर)

### दिल्ली में सरकार बनाने की तैयारी शुरू, शाह-नड्डा संग बैठक में चर्चा

## सीएम के नाम की घोषणा शीघ्र, पीएम के लौटते ही शपथ ग्रहण

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 27 साल के बाद भाजपा सरकार बनाने जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को गृहमंत्री अमित आवास पर भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई। बैठक में सीएम के कई नामों पर चर्चा की गयी। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा , संगठन महामंत्री बीएल संतोष, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत तमाम नेता मौजूद थे। ऐसी चर्चा है कि पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा के बाद नये सीएम का शपथ ग्रहण समारोह होगा। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में 70 सीटों में भाजपा ने 48 सीट पर जीत का परचम लहराया। वहीं सत्तारूढ़ आप को महज 22 सीटों पर विजय मिली। करारी शिकस्त के बाद सीएम आतिशी ने अपना इस्तीफा रविवार को सौंप दिय्या। एलजी वीके सक्सेना ने 7वीं विधानसभा भंग करने नोटिफिकेशन जारी कर दिया।

**14 की रात को स्वदेश लौटंगे मोदी:** भाजपा को बहुमत मिलने के बाद विधायकों की यह पहली बैठक है। इसमें मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा की गयी। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा।

(शेष पेज 11 पर)



### पारा शिक्षक और आंगनबाड़ी सेविकाएं भी ले रहीं थीं मंइयां सम्मान योजना का लाभ

# पलामू में मंइयां सम्मान योजना के पकड़े गये 584 फर्जी लाभुक

■ अब सरकार करेगी उनसे पैसे की वसूली

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। राज्य के पलामू जिले में मंईयां सम्मान योजना के तहत 584 फर्जी लाभुकों से पैसे की वसूली की जाएगी। पलामू में प्रशासनिक जांच में बड़ी संख्या में फर्जी लाभुक पकड़े गए हैं, जिनमें पारा शिक्षक और आंगनबाड़ी सेविका भी शामिल हैं। बड़ी संख्या में ऐसे लाभुक हैं, जो मंईयां सम्मान योजना के पात्र ही नहीं थे। बड़ी संख्या में ऐसे लाभुक पकड़े गए हैं, जिनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक है। कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो विभिन्न सरकारी प्रतिष्ठानों से जुड़े हैं। जानकारी के अनुसार पलामू में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के सत्यापन का काम चल रहा है। पलामू में मंईयां योजना के 3,72,937 लाभुक हैं। पलामू के 21 प्रखंडों में जांच चल रही है। शुरुआती चार प्रखंडों की रिपोर्ट सामने आ गई है। मेदिनीनगर सदर प्रखंड में 189, सतबरवा में 170, लेस्लीगंज में 82 और रामगढ़ में 143 फर्जी लाभुक पकड़े गए हैं।

प्रशासनिक जांच में यह बात सामने आई है कि सरकारी कर्मचारियों के परिवार के लोग भी मंईयां योजना का लाभ ले रहे हैं। पलामू में ढाई हजार से ज्यादा ऐसे लोग पकड़े गए हैं जिन्होंने दो अलग-अलग खातों से योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। लेकिन समय पर जांच में वे पकड़े गए और उनके खाते में राशि नहीं आयी।

सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा विक्रम आनंद ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर चार प्रखंडों में 584 फर्जी लाभुक पकड़े गए हैं और पूरे मामले में राशि की वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में बुजुर्ग लोग योजना का लाभ ले रहे थे, वहीं पारा शिक्षक और आंगनबाड़ी से जुड़े लोग भी पकड़े गए हैं। पूरे मामले की विस्तृत जांच चल रही है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## मोदी की गारंटी ने दिल्ली वालों का जीता दिल : अन्नपूर्णा देवी

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि दिल्ली ने झूठे सपने दिखाकर जनता को ठगने वाले बहुरूपियों को ऐसा सबक सिखाया है, जो देशभर में जनता के साथ झूठे वादे और छल प्रपंच की राजनीति करने वालों के लिये मिसाल बनेगा। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी ने दिल्ली वालों का दिल जीता है। उन्होंने कहा कि यह दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नये युग का आरंभ है। देश की राजधानी दिल्ली में 27 साल बाद मिली इस ऐतिहासिक जीत के लिए मैं प्रधानमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करती हूं। मुझे पार्टी की ओर से आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रचार का प्रभार सौंपा गया था। आदर्श नगर विधानसभा सीट पर भाजपा के राजकुमार भाटिया ने आम आदमी पार्टी के मुकेश गोयल को 11482 वोटों से हराया है। लोगों में आम आदमी पार्टी और इसके नेताओं के खिलाफ आक्रोश और दीवारों पर लिखा बदलाव का संदेश साफ दिख रहा था। लोगों ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगाने का मन बना लिया था और नतीजों ने साफ कर दिया कि दिल्ली की महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं सहित सभी वर्ग के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा जताते हुये भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलवाई है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव ने नए समीकरणों को दिया जन्म : तनवीर

रांची। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे राजनीति के नए समीकरणों को जन्म दिया है। ये बातें सामाजिक कार्यकर्ता तनवीर अहमद ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में कांग्रेस दिल्ली में एक भी सीट नहीं जीत सकी थी, और उसका वोट शेयर घटकर मात्र 4.2% रह गया था। 2025 के चुनाव में कांग्रेस ने थोड़ी मजबूती दिखाई और 2% अधिक वोट हासिल करने में सफल रही। हालांकि सीटें न जीतने के बावजूद कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के वोट बैंक में सेंध लगाते हुए 12 स्थानों पर उसे हराने का काम किया। यह कांग्रेस के लिए दिल्ली में फिर से एक बार रणनीतिक बढ़त की ओर संकेत करता है। दिल्ली चुनाव के नतीजों का असर उत्तर प्रदेश और बिहार के आगामी विधानसभा चुनावों पर भी पड़ सकता है।

## मौसम के तापमान में उतार चढ़ाव जारी

आज से तापमान में होगी बढ़ोत्तरी



रांची। राज्य भर में इन दिनों मौसम के तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। कभी तापमान में गिरावट हो रही है तो कभी तापमान बढ़ जा रहा है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। इससे लोगों को सर्दी, खांसी और बुखार की भी शिकायतें मिल रही है। रविवार को भी मौसम का यही रूख देखने को मिला और तापमान में मामूली उतार चढाव दर्ज किया गया। रांची में अधिकतम तापमान 27 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार से तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 33.4 डिग्री, जबकि सबसे कम तापमान चतरा में 5.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 30.4 और 10.4, डालटेनगंज में 28.9 और 8.5, बोकारो में 28.1 और 9.1, चाईबासा में 33.3 और 9.6, देवघर में 26.7 डिग्री और न्यूनतम 10.3 सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### 108 कलाकारों ने एक साथ प्रस्तु किया रवींद्र संगीत

## अर्चा साहित्य कला अकादमी ने रचा इतिहास

■ करीब 50 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। अर्चा साहित्य कला अकादमी की ओर से रविवार को सीएमपीडीआई के मयूरी ऑडिटोरियम में मैगजीन लोकार्पण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगीत गुरु पंडित श्यामा प्रसाद नियोगी थे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में एनईसी के सीएमडी अभिजीत घोष, कोलकाता से आये सीएचआरओ समर बनर्जी थे। सभी ने मिलकर अकादमी के अध्यक्ष डॉ पम्पा सेन विश्वास के साथ दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर अतिथियों का सम्मान पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र, और मेंमेंटो देकर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण देते हुए अकादमी की अध्यक्ष डॉ पम्पा सेन विश्वास ने कहा कि यह अकादमी बीते 10 सालों से चल रही है। इसमें विभिन्न भाषाओं का और साहित्य का काम होता है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का सेमिनार-संगोष्ठी का आयोजन भी समय-समय पर किया जाता है। नृत्य, संगीत, काव्य पाठ, नाटक, चित्रांकन इत्यादि साहित्य के विभिन्न विधाओं पर कार्य होता है। समय-समय पर समाज का कार्य भी होता है। इसमें निःशुल्क शिक्षा देना, वृक्षारोपण, वस्त्रवितरण, भोजन वितरण और ब्लड डोनेशन कैंप इत्यादि शामिल है।

उन्होंने बताया कि रविवार को तो अकादमी ने 100 से रविंद्र संगीत का कार्यक्रम कर झारखंड में इतिहास रच दिया। एक साथ एक ही मंच पर 108 कलाकारों ने एक साथ 15 रविंद्र संगीत श्यामा प्रवाह प्रस्तुत किया। इसी कार्यक्रम कोई यादगार रूप में रखने के लिए मैगजीन तैयार किया गया है। इसका लोकार्पण किया गया।

मौके पर अशोक विश्वास, जमशेदपुर से सब्यसाची चंद्र, सेतांक सेन, सुबीर लहेरी, नृत्य गुरु विपुल नायक और वेदपाठी गगनदेव को सम्मानित किया गया। इसके बाद नृत्य गुरु विपुल नायक और उनके कलाकारों ने मिले सुर मेरा तुम्हारा संगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। फिर विद्यार्थियों के बीच प्रशस्ति पत्र बांटे गये। करीब 50 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शशि ने और धन्यवाद ज्ञापन रिंकू बनर्जी ने किया। इस कार्यक्रम को अर्चा साहित्य कला अकादमी के सभी सदस्यों ने भाग लेकर सार्थक बनाया।

## भाजपा जिला स्तरीय सक्रिय जांच उपसमिति घोषित

संगठन महापर्व के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने जारी की सूची

रांची। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह संगठन के चुनाव संयोजक राकेश प्रसाद ने जिला स्तरीय सक्रिय जांच उपसमिति की सूची जारी की है। इसके तहत रांची महानगर के लिये डॉक्टर अरुण उरांव, रांची ग्रामीण ओम सिंह, लोहरदगा प्रदीप सिन्हा, गुमला- सत्यनारायण सिंह, सिमडेगा- श्रीचंद्र प्रजापति, खूंटी- परमा सिंह पश्चिमी सिंहभूम दिनेश कुमार, सरायकेला-खरसावां अमित कुमार सिंह, जमशेदपुर महानगर जेबी तुबिद, पूर्वी शिवम रमाकांत महतो, गढ़वा शिव शंकर उरांव, पलामू योगेंद्र प्रताप सिंह, लातेहार रघुराज पांडे, शशांक राज हजारीबाग रमेश सिंह, रामगढ़ प्रेम मित्तल, कोडरमा दीपक बंका, गिरिडीह रणधीर सिंह, बोकारो अपर्णा सेनगुप्ता, धनबाद महानगर संजीव विजय वर्गीय, धनबाद ग्रामीण रामकुमार पाहन, जामताड़ा परितोष सोरेन दुमका प्रकाश सेठ, देवघर जयप्रकाश वमा, गोड्डा-बाबूलू भगत, साहिबगंज अशोक कुमार भगत, पाकुड़ सुनील सोरेन बनाये गये हैं। इसके अलावा 27 सभी जिलों में दो-दो सदस्य भी बनाये गये हैं। इनमें रांची महानगर से समरी लाल और अरुण झा, ग्रामीण से शैलेंद्र कुमार और प्रमोद सिंह को सदस्य बनाया गया है।

### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रोटेक किसान मेला का दूसरा दिन

## किसान मेले में महिला कृषक सम्मानित विशेषज्ञ ने कैंसर से बचाव के दिए टिप्स

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की कैंसर विशेषज्ञ डॉ रजनीगंधा टुडू ने कहा है कि भारत में हृदय रोग के बाद कैंसर मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। कैंसर के सिर्फ 10 से 20 प्रतिशत मामले ही आनुवंशिक कारणों से होते हैं। शेष 80 प्रतिशत मामले जीवन शैली जनित होते हैं। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रोटेक किसान मेला के दूसरे दिन महिला कृषक गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कैंसर रोग के लक्षण और इससे बचाव के उपायों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। डॉ टुडू ने कहा कि कैंसर शरीर के किसी भी अंग में हो सकता है, किन्तु महिलाओं में स्तन और गर्भाशय का कैंसर एवं पुरुषों में मुंह और फेफड़े का कैंसर अधिक होता है। डॉ टुडू ने कहा कि रोग के लक्षणों के प्रति जागरूक रहकर, धूम्रपान एवं शराब का पूर्ण त्याग कर, हरी सब्जी एवं फलों का नियमित सेवन बढ़ाकर, प्रसंस्कृत एवं जंक फूड की मात्रा घटाकर इस बीमारी की आशंका को कम किया जा रहा है। इसके लिए हमें दैनिक रूटीन में व्यायाम शामिल करना होगा। एक स्थिर वजन मेंटेन करना और हेपटाइटिस बी एवं सी का टीका लेना होगा। डॉ टुडू ने कहा कि इस रोग के लक्षणों के प्रति सचेत रहकर शरीर में इसकी जगह बनाने पर प्राथमिक स्टेज में चिन्हित किया जा सकता है। इससे समय से उपचार प्रारंभ कर इस रोग का से मुक्ति प्राप्त की जा सकती है।

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि देश को बढ़ाने के लिए, महिलाओं को शिक्षित एवं आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। महिलायें शिक्षित होंगी तो पूरे परिवार का शैक्षिक एवं संस्कारिक स्तर सुदृढ़ होगा। बीएयू की सामुदायिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ रेखा सिन्हा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति वर्ष 60 करोड़ लोग यानी प्रत्येक 10 में से 1 व्यक्ति दूषित खाद्य जनित रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। इसलिए खान-पान के प्रति सावधानी रखना जरूरी है। उन्होंने पोषक आहार के घरेलू स्त्रोतों पर भी प्रकाश डाला। डॉ किरण सिंह, डॉ निभा बाड़ा, डॉ विशाखा सिंह आदि ने महिला कृषकों को खेती एवं पशुपालन की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर नवोन्मेषी कृषि के लिए एक दर्जन से अधिक महिला कृषकों को सम्मानित किया गया।

दोपहर बाद पशु-पक्षी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, नामकुम के निदेशक डॉ अभिजीत कर ने किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल मार्केट में निर्यात के लिए खाद्य की उच्च गुणवत्ता और सर्टिफिकेशन आवश्यक है, किन्तु आज तक झारखंड स्टेट में एक भी रेफरल लैबोरेट्री नहीं है। हमारा संस्थान राज्य में इस तरह का फूड और पैकेज टेस्टिंग लैबोरेट्री स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। इसका फायदा पूरे पूर्वी भारत के लोग उठा सकेंगे।

उन्होंने प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किया। पशु-पक्षी प्रदर्शनी में आसपास के गांवों के किसानों ने सैंकड़ों की संख्या में अपने उन्नत नस्ल के गाय, भैंस, बकरी, भेड़, सूअर आदि लाये थे। मंच पर विश्वविद्यालय के डीन डॉ सुशील प्रसाद, डॉ एमएस मलिक एवं डॉ डीके शाही भी उपस्थित थे। आयोजन का समन्वयन प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ जगरनाथ उरांव और संचालन शशि सिंह ने किया।

**समापन समारोह आज :** मेला का समापन समारोह 10 फरवरी को अपराह्न 2.30 बजे होगा। इसके मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे। विधान सभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो और कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीख पी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

## समाज के लिए वैश्य मोर्चा ही लड़ेगी : महेश्वर साहू



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। यह बैठक निकाय चुनाव एवं संगठन विस्तार के मुद्दे पर रखी गयी थी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि संगठन के बिना जीवन अधूरा है। आज के समय में हर स्तर पर एकता और संगठन की जरूरत है। वैश्यों को भी अपना हक-अधिकार लेने के लिए एक होना ही होगा। इसके लिए वैश्य मोर्चा ही एक मात्र ऐसा संगठन है जो गत 18 वर्षों से समाज के मुद्दे को लेकर लड़ रही है। बैठक में तीन प्रस्ताव भी पारित किये गए। पहले प्रस्ताव में कहा गया कि ओबीसी को 27% आरक्षण, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यापारियों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी आदि मांगों को लेकर पुनः आंदोलन शुरू किया जायेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहु, उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, अशोक गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, रामशंकर राजन, दिलीप प्रसाद, शिव प्रसाद साहु, संगठन महासचिव कृष्णा साहु, अनिल वैश्य, जगदीश साहु, चतुर साहु, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, संजय साहु, जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु (रांची), देवेन्द्र मंडल (देवघर), महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु, सचिव आदित्य पोद्दार, विजय कुमार, मनोज कुमार, रमेश साहु, धन्नजय कुमार, अभिषेक कुमार, तरुण साहु आदि उपस्थित थे। संचालन खूंटी जिला प्रभारी राजन चौधरी ने किया।

### जनता में विश्वास कायम रखने के लिए हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना की राशि का किया भुगतान

# हेमंत सोरेन सरकार के लिए चुनाव पूर्व की गयी घोषणा को नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी

सत्येन्द्र

रांची। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में लगातार दूसरी बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनी है। विधानसभा चुनाव में भारी जीत के बाद सत्तारुढ़ दल का मनोबल काफी ऊंचा है। जाहिर तौर पर राज्य की जनता को उम्मीद है कि प्रदेश में तेजी से विकास का काम होगा। जनता की आकांक्षाओं को पुरा करने एक बार फिर राज्य की बागडोर संभालने आए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए कई चुनौतियां सामने खड़ी हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

इस संबंध राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि हेमंत सरकार के लिए वित्तीय प्रबंधन के साथ-साथ जनता से किए वादों को पूरा करना बड़ी चुनौती होगी। इसके अलावे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा के साथ साथ गठबंधन सरकार में सभी को लेकर चलना चुनौती भरा होगा।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि दूसरी बार सरकार गठन के बाद हेमंत सरकार के लिए सबसे पहली और महत्वपूर्ण चुनौती चुनाव में किये गये घोषणा को लेकर वित्तीय प्रबंधन है, जिसे पूरा करने के लिए सरकार को गंभीरता से प्रयास करना होगा।

### वादों को पूरा करना होगा चुनौती



चुनाव के दौरान या उससे पहले जनता से किए गए वादों और घोषणाओं को पूरा करना बड़ी चुनौती होगी। हेमंत सरकार ने गठन के पहले ही दिन से राजस्व प्राप्ति को लेकर प्रयास शुरू कर चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अपने बकाये की मांग कर दी है। बीते दिनों राज्य के वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर स्वयं दिल्ली जाकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण एवं कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी से मिलकर राज्य के विकास के लिए बकाये राशि की मांग कर चुके है। मुलकात के दौरान कोयला मंत्री ने राज्य के बकाये को देने के लिए खान विभाग एवं कोयला मंत्रालय की एक उच्च स्तरीय टीम का गठित कर बकाये का ब्योरा देने के लिए निर्देश दिया है।

मंईयां सम्मान योजना हो या 450 रुपया में सिलिंडर या सर्वजन पेंशन के तहत 2500 रुपया देने की घोषणा, सरकार के लिए इसे नियमित बनाए रखना चुनौती पूर्ण होगा। हलांकि सरकार गठन के बाद हेमंत सरकार ने अपने घोषणा के अनुकूल मईयां सम्मान योजना की राशि 2500 रुपया का भुगतान देना शुरू कर दिया है। फिलहाल इस भुगतान को लेकर सरकार के सेहत पर अभी कोई प्रभाव नहीं डाला है।

आर्थिक- सामाजिक मामलों के जानकारों का कहना है कि आमतौर पर चुनावी घोषणा को कार्यकाल समाप्त होने के समय सरकार के द्वारा शुरू किया जाता है, जो कहीं ना कहीं परेशानी का सबब बन जाता है। इसके बावजूद हेमंत सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के शुरुआत से ही अपनी घोषणा को पूरा करने की पहल शुरू कर दी है। इससे जनता के बीच सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।

हलांकि सरकार राजस्व प्राप्ती को लेकर सरकार गठन के पहले ही दिन से काफी गंभीर है। पिछले दिनों संचालित योजनाओं के कारण राज्य सरकार के खजाने पर हजारों करोड़ के वित्तीय भार को पाटने के लिए राजस्व संग्रह बढ़ाना होगा। आर्थिक जानकारों का मानना है कि सरकार को बिना जनता पर बोझ दिए राजस्व संग्रह को बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास करना होगा, जो बड़ी चुनौती होगी।

### सरकार के लिए पेसा कानून सहित कई पॉलिसी को जमीन पर उतारना है चुनौती

हेमंत सोरेन सरकार के लिए पेसा कानून सहित कई पॉलिसी को जमीन पर उतारना बेहद ही चुनौतीपूर्ण है। राज्य में पेसा कानून कागज पर है, जिसे अमल में लाने की मांग लगातार होती रही है। इसी तरह स्थानीयता का मुद्दा विवादों में रहा है, जिसे अमल में लाना कठिन चुनौती है। ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाने को लेकर पिछले बार किए गए प्रयास कामयाब नहीं होने के बाद एक बार फिर पुनर्विचार कर इसे नियमसंगत बनाना भी चुनौती है।

### शिक्षा का स्तर बढ़ाना सरकार के लिए चुनौती

उद्योग धंधों के विकास के साथ-साथ हेमंत सरकार के लिए राज्य में शिक्षा का स्तर बढ़ाना बेहद ही चुनौतीपूर्ण होगा। राज्य में हाल के वर्षों में उच्च शिक्षा पर भले ही जोर दिया गया हो, मगर प्राथमिक शिक्षा काफी कमजोर स्थिति में है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रारंभ से ही बच्चों को मिले और कुपोषण मुक्त झारखंड रहे, इसके लिए सरकार को गंभीरता से काम करना होगा।

### कृषि उत्पादन पर देना होगा ध्यान

शिक्षा के बाद कृषि उत्पादन सरकार के लिए चुनौती भरा काम है। कृषि ऋण माफी के बाद किसानों को राहत जरूर मिली है। मगर खेतों तक सिंचाई की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो इसके लिए सरकार को प्रयास करना होगा। समय पर बीज और खाद की उपलब्धता किसानों तक पहुंचे, इसके लिए सरकार को गंभीर होना पड़ेगा। इसके अलावे सभी तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना सरकार के लिए कठिन चुनौती है क्योंकि आज भी यह देखा जाता है कि शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सकों की भारी कमी है, जिस वजह से लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए सरकार के विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और डॉ इरफान अंसारी कार्यभार संभालने के बाद संसाधनों की उपलब्धता को देखते हुए समस्या के निदान में जुट गये है।

### गठबंधन में समन्वय बनाये रखना चुनौती

सरकार के कामकाज के साथ- साथ हेमंत सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती गठबंधन में समन्वय बनाकर राजकाज चलाना है। हालांकि पिछली सरकार की तुलना में इस बार गठबंधन के अंदर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सीटों की संख्या अधिक है। इसके बावजूद प्रदेश स्तर पर इंडिया गठबंधन के मुखिया होने के नाते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी जिम्मेदारी होगी, अपने सहयोगी दलों के साथ समन्वय बनाकर रखना। आर्थिक जानकार कहते है कि इस बार सहयोगी दलों के बीच समन्वय बनाने में कोई खास कठिनाई नहीं होगी। क्योंकि हेमंत सोरेन की पार्टी जेएमएम खुद मजबूत स्थिति में है। आम तौर पर मुख्यमंत्री से नहीं मिलने देने और सरकार के कामकाज को लेकर शिकायत होती है, जिसे दूर करने के लिए सरकार की ओर से समन्वय समिति भी बन चुकी है। इस स्थिति में गठबंधन को लेकर सरकार के सेहत पर फिलहाल कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है।

स्पीड न्यूज

## चांडिल बाइक और कार की टक्कर में सात घायल

**चांडिल।** रविवार शाम करीब सात बजे एनएच 32 बाइपास भालुकोचा के पास कार और बाइक की टक्कर से सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार नरसिंह इस्पात के कर्मचारी कार संख्या ओडी 02 बीएस 0633 चांडिल डैम में पार्टी मनाने के बाद तेज रफ्तार कार से चांडिल बाजार की ओर आ रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से बाइक सवार तीन लोग चांडिल स्टेशन की ओर से चांडिल डैम की ओर आ रहे थे। इसी दौरान दोनों वाहन तेज रफ्तार से टकरा गए। चांडिल मुखिया प्रतिनिधि कुंज बिहारी गोप ने स्थानीय लोगों एवं चांडिल पुलिस की मदद से चांडिल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर रेफर कर दिया। चांडिल थाना प्रभारी दिलशान बिरुआ ने चांडिल अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना एवं घटना की संबंध में जानकारी लिया।
**घायल बाइक सवार :** सपन पोद्दार, पप्पू मंडल, आकेश लोहरा, घायल कार सवार : कान्हा रथ, देवाशीष साव, अनुप बारिक एवं एक अन्य सामिल है।

## धर्मसंस्था मंदिर में दो दिवसीय प्रति समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** खरखाई लिंक, बिरुटुपुर स्थित श्री धर्म संस्था मंदिर में दो दिवसीय 77वां धर्म संस्था प्रीति समारोह आज संपन्न हुआ। अंतिम दिन की पूजा के हिस्से के रूप में, महा गणपति के लिए सुबह-सुबह हवन किया गया। बाद में आने वाले वेद पंडितों ने 16 कलश स्थापित किए और श्री धर्म संस्था के लिए महान्यास पूर्वक एकादश रुद्र पूर्णाभिषेक और श्री महा गणपति और श्री कार्तिक के लिए एकादश रुद्राभिषेक किया। सभी पूजाएँ मुख्य पुजारी विजय भानु के मार्गदर्शन में मंदिर के अध्यक्ष पीएन शंकरन द्वारा आयोजित की गई हैं। महाआरती करने के बाद मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा हजारों भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर, दक्षिण भारतीय शास्त्रीय भजन समूह, आचार्य भक्त सभा के सदस्यों ने श्री धर्म संस्था और कई अन्य देवताओं पर भक्ति गीत प्रस्तुत किए। सरयू राय, माननीय विधायक, जमशेदपुर पूर्वी, ने आज मंदिर का दौरा किया, जिन्हें पीएन शंकरन ने सम्मानित किया। एन राममूर्ति, कार्यकारी अध्यक्ष, केजीपी नायर, रमेश कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष, बी सुब्रमण्यन, सचिव, ए एस विश्वेश्वरन, कोषाध्यक्ष, एस शिव कुमार, एस श्रीनिवासन, एस वेंकटरमन, एस कृष्णा, जी शिजू काल, के एस नारायण, और आर बालाकृष्णन, संयुक्त सचिव और कई समिति सदस्य उपस्थित थे और पूजा के सफल आयोजन के लिए सहायता प्रदान की।

## स्व. शांति देवी सावा की स्मृति में 41 नेत्र रोगियों का हुआ ऑपरेशन

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से स्व. शान्ती देवी सावा की 11वीं पुण्यतिथि पर आज बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 41 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. विवेक केडिया, डॉ. राशि वर्मा एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया गया। ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन शिविर संयोजक सावा परिवार की ओर से आस्था, मनीषा, अनाया ने संयुक्त रूप से मंजू देवी सावा, सीमा देवी सावा, जुगल किशोर सावा-रेणु सावा, सुनील कुमार सावा-सुनीता सावा, दीपक सावा-शिल्पा सावा, रौशन सावा, अमन, नारायण अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, जेपी मित्तल, मंजू मित्तल के साथ किया। शिविर का संयोजन करते हुए बिजय कुमार सिंह तथा राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल ने सावा परिवार का स्वागत किया।

# जुबिली पार्क की सुंदरता और जू में वन्य प्राणियों के विचरण देख मोहित हुए कश्मीरी छात्र-छात्राएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत नेहरु युवा केंद्र ,पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर द्वारा कश्मीरी युवा आदान - प्रदान कार्यक्रम के छठवें दिन जमशेदपुर के जुबली पार्क और टाटा स्टील प्राणि उद्यान का शैक्षिक भ्रमण कराया गया' इसमें पूर्वी सिंहभूम की जिला युवा अधिकारी श्रीमती अंजली कुमारी, बोकारो के जिला युवा अधिकारी गौरव कुमार, लातेहार की जिला युवा अधिकारी कंचन और कश्मीर के युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस भ्रमण का उद्देश्य प्रकृति, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना था।

इस भ्रमण का पहला पड़ाव जुबली पार्क था, जो अपनी हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है।



टाटा स्टील जू का भ्रमण करने के पश्चात कश्मीरी छात्र-छात्राएं।

यह पार्क बहुत सुव्यवस्थित है और पर्यटकों के लिए एक आदर्श स्थान है। यहाँ विभिन्न प्रकार के वृक्ष, फूलों की क्यारियाँ और स्वच्छ झीलें थीं।

सभी ने प्राकृतिक पर्यावरण के महत्व के बारे में सीखा और वृक्षारोपण तथा स्वच्छता बनाए रखने की आवश्यकता को समझा। इसके बाद जुबली पार्क के पास स्थित टाटा स्टील प्राणी उद्यान का भ्रमण किया। यहाँ प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को देखने का अवसर मिला। उन्होंने बाघ और शेरों को उनके विशाल बाड़ों में घूमते देखा,पक्षी विहार में दुर्लभ पक्षियों की प्रजातियाँ देखीं। मगरमच्छ और सांपों के बारे में रोचक जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा का महत्व समझा एवं जैव विविधता बनाए रखने की आवश्यकता को महसूस किया।वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता और उनके संरक्षण की आवश्यकता पर विचार किया।

यह भ्रमण न केवल मनोरंजक था, बल्कि शैक्षिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण रहा। सभी के द्वारा पर्यावरण और जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद राय पंचतत्व में हुए विलीन, सांसद विद्युत वरण महतो, जिलाध्यक्ष समेत कई नेतागण अंतिम यात्रा में हुए शामिल

# भाजपा का ध्वज ओढ़ाकर सम्मानपूर्वक नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जनसंघ काल से भारतीय जनता पार्टी को सींचने वाले एवं जमशेदपुर में भाजपा के आधार स्तंभ रहे वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद राय का रविवार को पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। भुइयांडीह स्थित स्वर्णरेखा बर्निंग घाट पर उनके बड़े पुत्र ब्रजेश राय ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान पूरा माहौल गमगीन था जहां बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। अंतिम संस्कार से पूर्व स्व. सच्चिदानंद राय के पार्थिव शरीर को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय लाया गया, जहां उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा।

सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर सम्मानपूर्वक पार्टी का ध्वज ओढ़ाकर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने 'सच्चिदानंद राय अमर रहें' के नारों के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी। वहीं, विजया गार्डन स्थित उनके आवास पर भी अंतिम दर्शन के लिए भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उनके निधन से हर कोई शोकाकुल था और माहौल गमगीन था। उनके आवास पर भाजपा बारीडीह मंडल अध्यक्ष जीवन साहू समेत कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। सांसद विद्युत महतो ने सच्चिदानंद राय के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में पूरी तन्मयता और समर्पित भाव से संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



स्वर्णरेखा श्मशाम घाट, जमशेदपुर में स्व. सच्चिदानंद राय के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण करते सांसद विद्युतवरण महतो। साथ में जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा।

उनका निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। जनसंघ काल से लेकर भाजपा के वर्तमान स्वरूप तक संगठन के विकास में उनकी भूमिका अविस्मरणीय रही। उनके आदर्शों और समर्पण की भावना को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**अंत्येष्टि के समय उपस्थित भाजपाई :** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, अभय सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, गुँजन यादव, नीरज सिंह, अनिल सिंह, मनोज सिंह, मुकेश राय, पवन अग्रवाल, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, रेणु शर्मा, अनिल मोदी, विजय तिवारी, अखिल सिंह, बिनोद सिंह, संजीत चौरसिया, कौस्तव रॉय, उज्जवल सिंह, नीतीश कुशवाहा, मंजीत सिंह, बिनोद राय, पवन सिंह, चित्तरंजन वर्मा, दशरथ चौबे, अजय श्रीवास्तव, अमरजीत सिंह राजा, सोनू ठाकुर, काजू शांडिल, महेंद्र प्रसाद, साकेत कुमार समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक नजर में

## सांसद पप्पू यादव पहुंचे टिमकेन यूनियन महामंत्री विजय यादव के घर

**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं टीमकेन यूनियन के महामंत्री विजय यादव की धर्मपत्नी का आकस्मिक निधन दिनांक 26 दिसम्बर को हृदय गति रुकने के कारण हो गया था। इस दुखद घटना कि सूचना मिलने के उपरांत आज दिनांक 9 फरवरी 2025 को बिहार पूर्णिया के लोकप्रिय सांसद पप्पू यादव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं टिमकेन यूनियन के महामंत्री विजय यादव के आवास छोटा गोविंदपुर पहुंचे। परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि दुख की घड़ी में मैं हमेशा परिवार के साथ खड़ा हूं और आगे भी रहूंगा।

## काव्यात्पा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने जुबली निक्को पार्क उठाया पिकनिक का आनंद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** काव्यात्पा ग्लोबल स्कूल (केवीजीएस) ने अपने छात्रों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित पिकनिक का आयोजन किया, जिसमें उन्हें मस्ती और रोमांच से भरपूर एक दिन बिताने का अवसर मिला। सुबह छात्र स्कूल परिसर में एकत्र हुए और फिर स्कूल बसों में सवार होकर एक अज्ञात गंतव्य के लिए रवाना हुए, जो बाद में जुबली निक्को एम्यूजमेंट पार्क के रूप में सामने आया।

छात्रों की खुशी तब दोगुनी हो गई जब उन्हें पता चला कि पार्क के सभी झूले उनके लिए मुफ्त कर दिए गए हैं। उन्होंने पैडल बोट, मून रेकर, पाइरेट शिप और प्रसिद्ध वॉटर पार्क स्लाइड जैसे रोमांचक राइड्स का भरपूर आनंद लिया। पूरे पार्क में उत्साह और हंसी की गूंज सुनाई दी। कक्षा 7 की छात्रा ज़िकरा आबिद ने कहा, मुझे पाइरेट शिप बहुत पसंद आई। यह बेहद रोमांचक थी और मैंने अपने सभी दोस्तों के साथ इसका आनंद लिया। वहीं, कक्षा 8 की छात्रा वानिया खान ने कहा, मून रेकर राइड सबसे बेहतरीन थी। यह मेरे जीवन का सबसे मजेदार दिन था। केवीजीएस की निदेशक और प्राचार्या, कविता अग्रवाल ने पार्क में छात्रों का स्वागत किया और इस तरह की पिकनिक के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पिकनिक से छात्रों के बीच आपसी मेलजोल बढ़ता है, टीमवर्क को प्रोत्साहन मिलता है, तनाव कम होता है और शिक्षक-छात्र संबंध मजबूत होते हैं। इसके अलावा, ऐसे अनुभव छात्रों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं और स्कूल जीवन को अधिक आनंदमय बनाते हैं। रोमांच और स्वादिष्ट नाश्ते से भरे दिन के बाद, छात्र स्कूल परिसर लौटे और फिर स्कूल परिवहन के माध्यम से सुरक्षित रूप से अपने घर पहुंचे। यह पिकनिक छात्रों के लिए यादगार रही और केवीजीएस के समग्र शिक्षा और छात्र कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# पूर्व सीएम रघुवर दास ने महाकुंभ में सपरिवार किया पवित्र स्नान

### कहा- सनातन संस्कृति की भव्यता का प्रतीक है महाकुंभ



संगम पर कुंभ स्नान कर भगवान भास्कर को जल अर्पित करते रघुवर दास व परिजन।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रयागराज महाकुंभ का पावन संगम तट श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की भव्यता को साकार कर रहा है। लाखों श्रद्धालुओं के साथ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी गत शनिवार को अपनी धर्मपत्नी रुक्मिणी देवी, पुत्र ललित दास एवं पुत्रवधू सह जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू के साथ माँ गंगा, माँ यमुना और माँ सरस्वती के त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दिव्य अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर देश, समाज और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान रघुवर दास ने उत्तर प्रदेश के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता से भी मुलाकात की और योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा कुंभ मेले की उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और भक्ति का दिव्य पर्व है, जो संपूर्ण विश्व को सनातन परंपराओं की गरिमा का साक्षी बनाता है। चारों ओर हर-हर गंगे, जय गंगे माता के जयघोष गूंज रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय है जो काफी सुखद है।

## दिल्ली में ऐतिहासिक रहा सत्ता का बदलाव, जनता को बधाई : रघुवर

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर दिल्ली की जनता को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने बदलाव का जो फैसला लिया है, वह ऐतिहासिक है।

यह न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है कि जनता विकास और सुशासन चाहती है, न कि भ्रष्टाचार और अहंकार की राजनीति।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की देवतुल्य जनता ने झूठ, फरेब, भ्रष्टाचार, नाटक और अहंकार की राजनीति को नकारते हुए विकास और विश्वास की राजनीति पर मुहर लगा दी है।

कहा कि इस ऐतिहासिक जनादेश के साथ, भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में जबरदस्त जीत दर्ज की है और दिल्ली को आप-दा मुक्त कर दिया है।

उन्होंने इस भव्य विजय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत पार्टी के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को बधाई और साधुवाद दिया।

# सुदेश महतो आज दलमा हिल टॉप में कोल्हान के वरिष्ठ आजसू नेताओं संग करेंगे संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रविवार को संध्या 5 बजे आजसू पार्टी जिला समिति की बैठक आजसू केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह के आवासीय कार्यालय 28 नंबर सिदगोड़ा जमशेदपुर में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि संगठन विस्तार को लेकर कोल्हान के सभी पदाधिकारियों संग आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो संगठन विस्तार हेतु पदाधिकारियों संग संवाद स्थापित कर दिशा निर्देश देंगे। बैठक में बतौर अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के सभी केंद्रीय और जिला पदाधिकारी पूरी एकजुटता के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे , साथ ही केंद्रीय अध्यक्ष का जो भी संगठिक विषयों पर दिशा निर्देश मिलेगा सभी



दलमा बैठक की तैयारी की जानकारी देते चंद्रगुप्त सिंह।

का, पालन अक्षरशः आजसू पार्टी के सभी अनुशासित पदाधिकारी पालन करेंगे।

बताते चले कि आजसू पार्टी का कोल्हान स्तरीय पदाधिकारियों का सम्मेलन सह संवाद कार्यक्रम 10 फरवरी को दलमा हिल टॉप में किया गया है, उसी के तैयारी बैठक सिदगोड़ा स्थित आवासीय कार्यालय में आहूत बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पदाधिकारी जिले के अंतर्गत प्रखंड पदाधिकारी, महिला समिति, पिछड़ा महासभा, श्रमिक महासभा, के अलावे युवा संघ, और छात्र मोर्चा के आलावे सभी इकाई के जिला पदाधिकारी भाग लेंगे इसके आलावे नगर समिति के सभी वरीय नेता, नगर के सभी मंडल समिति के सभी पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सागेन हांसदा, डोमन टुडू, प्रणव मजूमदार, बाबला स्वाई, संजय सिंह, अप्पू तिवारी, अजय सिंह बब्लू, आशोक मंडल, चंद्रेश्वर पांडेय, देवाशीष चौधरी, अरूप मलिक, ललित सिंह, हैरी एंथोनी, जेपी सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियंस का रांची जिला सम्मेलन संपन्न

**रांची/जमशेदपुर।** आज दिनांक 9 फरवरी 2025 को रांची के तुपुदाना मे अखिल भारतीय फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन ( न्यु ) के रांची जिला सम्मेलन भारी सफलता के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में रांची के विभिन्न इलाके से करीब 75 प्रतिनिधियो ने भाग लिया। अलावे, जमशेदपुर और लातेहार से भी प्रतिनिधियो ने भी सम्मेलन मे हिस्सा लिया। सम्मेलन का उद्घाटन भाषण मे भारखंड के महासचिव सुजय राय ने मजदूर वर्ग का संघर्ष का इतिहास का चर्चा करते हुए मई दिवस का संघर्ष का उल्लेख किया।

## झामुमो को कार्यकर्ता की गलती स्वीकार, पर गद्दारी कतई बर्दाश्त नहीं : सुप्रियो भट्टाचार्या



कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते सुप्रियो भट्टाचार्या।

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**गम्हरिया।** झामुमो की ओर से गांजिया बराज के समीप एक दिवसीय सरायकेला विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के मंत्री दीपक बिरुआ ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सरायकेला विधानसभा में पार्टी मजबूत स्थिति में है। इसे और मजबूत बनाना है। समारोह में जुटी अपार भीड़ के मद्देनजर उन्होंने कहा कि समारोह में लोग स्वयं चलकर आए हैं।

ये लोग लाए गए नहीं हैं। यही सदस्यता अभियान की सफलता है। उन्होंने कहा कि संगठन कार्यकर्ता की गलती स्वीकार कर लेगी लेकिन गद्दारी कभी स्वीकार नहीं। केंद्रीय प्रवक्ता ने कहा कि वर्ष 2019 में विपक्षी दलों को साफ कर दिया था, लेकिन वर्ष 2024 में एक कांटा आ गया जिसे आने वाले चुनाव में उखाड़ देंगे। संगठन के सभी कार्यकर्ता एक साथ जब चलेंगे तो चुनाव के पहले ही फिजा बदल देंगे और चुनाव जीत कर देखा देंगे। दिल्ली चुनाव के बावत उन्होंने कहा कि वहां भाजपा नहीं, ईडी- सीबीआई चुनाव लड़ी। लेकिन झारखंड के कार्यकर्ता 2024 के चुनाव में सफल होने नहीं दिया। सभी कार्यकर्ताओं ने ईडी, सीबीआई को खदेड़ने का काम किया।

वर्ष 2029 में झामुमो अकेले दम पर दो तिहाई सीट जीतकर फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं ने फरवरी 2025 में सरायकेला विधानसा क्षेत्र में सदस्यता अभियान कार्यक्रम के माध्यम से शुरुआत कर दी है। कार्यक्रम को खरसावां विधायक दशरथ गगराई, पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी, मोहन कर्मकार, राजू गिरी, पूर्व पार्टी प्रत्याशी गणेश महाली, केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी समेत कई अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया।

समारोह की अध्यक्षता जिला संयोजक डॉ0 शुभेन्दु महतो ने किया जबकि संचालन पार्टी नेता अमृत महतो ने किया। इस दौरान विभिन्न दलों के काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर बारी मुर्मू, वीरेंद्र प्रधान, जगदीश महतो, सन्नी सिंह, सचिन महतो, बंकिम चौधरी, मंगल मांझी, गुरुचरण मुखी, इंद्रजीत महतो समेत कई झामुमो नेता व काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कार्तिकेय व आकाश रंजन के तबला वादन और देवआर्द्र राय के शास्त्रीय गायन के मुरीद हुए श्रोता

# म्यूजिकल सर्किल का इवनिंग क्लब में दो दिवसीय वार्षिक संगीत समारोह संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर म्यूजिक सर्किल तथा द इवनिंग क्लब गोलमुरी जमशेदपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक संगीत समारोह 2025 के अंतर्गत आज दुसरे एवं अंतिम दिन कार्यक्रम के पहले चरण मे शहर दो उभरते हुए तबला वादक कार्तिकेय मिश्रा और आकाश रंजन ने तबले पर युगल प्रस्तुति पेश किये, जिसके अंतर्गत उन्होंने तबले पर उठान, कायदा, पेशकार, रेला, लग्गी आदि पेश कर उपस्थित तमाम दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, हारमोनियम में उनका साथ जानेमाने गायक बीरेन्द्र उपाध्याय ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण मे कोलकाता के युवा सितार वादक सौभाग्य कर्मकार ने सितार वादन पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया, उन्होंने राग रागेश्री से आलाप, जोड़ झाला, विलंबित तीनताल मध्यलय एवम् द्रुत तीनताल में बंदिशें पेश करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, संगीत में ऋतुओं का प्रभाव को दर्शाते हुए उन्होंने राग बहार पेश किए। तबले पर प्रसिद्ध तबला वादक अमिताभ सेन ने बखूबी साथ निभाया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में युवा शास्त्रीय गायक देवआर्द्र राय ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किए। उन्होंने राग जोग में विलंबित एकताल और द्रुत तीन ताल में बंदिशें पेश किए। राग विस्तार, स्वरों का अनायास संचालन, तान, तिहाई, बोल बनावट आदि से उन्होंने श्रोता दर्शको का मन मोह लिया। अंत में एक भैरवी भजन से उनका गायन का समापन हुआ। उनके साथ तबला में स्वरुप मोइत्रा और हारमोनियम पर अनिल सिंह सराहनीय सहयोग किए। कार्यक्रम का संचालन सुजीत राय ने सफलता पूर्वक किया। इस दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत पर आधारित वार्षिक समारोह 2025 को सफल बनाने में सौरज्योति दे, सुभाष बोस, बीरेंद्र, अशोक दास, मनमोहन सिंह, पवन चौबे, विश्वजीत कुंडु, राकेश चौधरी, प्रदीप भट्टाचार्जी, सत्य नारायण दास, दीप कुमार मित्रा एवम तमाम माननीय सदस्यों की अहम भूमिका रही, साथ ही उन तमाम संगीत प्रेमी दर्शकों का शुक्रगुजार है जमशेदपुर म्यूजिक सर्किल, जिनके स्नेह एवं आशीर्वाद से ये दो दिवसीय संगीत समारोह सफल रहा।





कार्तिकेय मिश्रा और आकाश रंजन तबला वादन करते हुए।

## स्पीड न्यूज

### दिल्ली की जनता ने अरबिंद केजरीवाल को किया खारिज : जिलाध्यक्ष अमित तिवारी



मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने दिल्ली की प्रचंड जीत पर कहा कि यह जीत पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा और विकासवादी पार्टी की सोच की जीत है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और पार्टी कार्यकताओं की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल के दुष्प्रचार को सिरे से खारिज कर भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दिया, इसके लिए मैं जनता जनार्दन का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा , दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सभी समर्पित कार्यकताओं को इस ऐतिहासिक विजय पर बधाई दी है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मैट्रिक के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



पाटन पलामू। सरस्वती विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल ग्राम हिसरा बरवाडीह में विद्यालय कि ओर से दसवीं पास छात्र-छात्राओं को विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई । विदाई समारोह में स्कुल के निर्देशक बहादुर मेहता ने कहा कि जो भी छात्र छात्राएं विद्यालय से पढ़कर जा रही है उन सभी को विद्यालय परिवार शुभकामना देती है। निर्देशक ने कहा कि विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने अनुशासन में रहते हुए पढ़ाई किया और स्कुल का नाम रौशन करने का काम किया है । उन्होंने सभी जुनियर छात्र छात्राओं को उनके मार्गदर्शन पर चलने के लिए कहा । वही विदाई हो रहे छात्र छात्राओं ने भी सरस्वती विद्या मंदिर स्कुल की सराहना करते हुए कहा कि स्कुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हम सभी को अपने पुत्र के रूप में समान शिक्षा व प्यार दिया है इसे आजीवन नहीं भूल पायेंगे। स्कुल में पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद प्रतियोगिता किया जाता था जिससे हम सभी उत्साहित रहे थे। इस मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के निर्देशक बहादुर मेहता ,प्रधानाचार्य अनुज कुमार, शिक्षक ललित , अमित , राकेश ,शिक्षिका बादल , रिमा , शिल्पा , निशु , मधु , सुगंधा , अंचला सहित स्कुल के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### जयमरान पथरा में समरसेबुल पंप की चोरी

**पाटन पलामू।** प्रखंड के जयमारन पथरा में जवाहर राम के बोरींग से समर सेबुल मोटर पंप की चोरी चोरों के द्वारा कर लिया गया। जानकारी के अनुसार जवाहर राम ने चार दिन पहले नया समर सेबुल मोटर पंप खरीदकर अपने घर के पास बोरिंग में लगाया था। बीते रात चोरों ने समर सेबुल मोटर पंप बोरिंग से निकाल कर भाग गये। जवाहर राम गरीब व्यक्ति है । वह खेती करने के लिए किसी तरह पैसा का जुगाड़ कर मोटर पंप खरीदा था । इस घटना से जवाहर राम एवं उनके सभी परिवार के लोग दुखी हो गये है। जवाहर राम ने पंप चोरी की सुचना पाटन पुलिस को दे दिया है।

### जेटेट उतीर्ण शिक्षक बहाली मोर्चा की बैठक कल

**मेदिनीनगर/पंडवा।** पलामू जिले अंतर्गत मेदिनीनगर के जिला स्कूल परिसर मे मंगलवार को जेटेट उत्तीर्ण शिक्षको की आपात बैठक बुलाई गई है। यह बैठक जेटेट उत्तीर्ण शिक्षक की होगी। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर रणनीति बनाकर सरकार पर दबाव बनाकर यथाशीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति पर गंभीरता से निर्णय लिया जायेगा।प्रदेश अध्यक्ष परिमल कुमार के निर्देश पर पलामू जिला इकाई ने मंगलवार को मेदिनीनगर जिला स्कूल के परिसर में 12 बजे दिन में एक बैठक रखी गई है। जेटेट उत्तीर्ण पलामू जिला अध्यक्ष जावेद महताब और शंभू प्रसाद ने बताया कि पलामू के तमाम जेटेट उतीर्ण अभ्यर्थियों से अपील व गुजारिश है कि अपने भविष्य के लिए कीमती समय निकाल कर बैठक में शामिल हो, जिसमें जेटेट एकता का परिचय दे,और आगे की रणनीति क्या होगी।इस पर अपना- अपना सलाह देंगे । उन्होंने कहा कि मीटिंग में वीडियो कॉल के द्वारा हमारे प्रदेश अध्यक्ष परिमल सर भी जुड़ेंगे। जिसमें आप सभी लोग समय पर जिला स्कूल के मैदान में पहुंचे। बैठक में सभी पुरुष और महिला महिला साथी से भी अपील है कि वो भी मीटिंग में ज्यादा से ज्यादा शामिल हो।

### जोड़ पंचायत भवन में महिला कृषक प्रशिक्षण संपन्न

मेदिनीनगर। जोड़ पंचायत भवन मे पा७च दिवसीय प्रशिक्षण समापन समारोह गत उधान विभाग पलामू के तत्वाधान मे महिलाओं को आधुनिक तरीके से खेती करके अपने भविष्य को बेहतर बना सकती हैं ।प्रशिक्षण मे बतौर मुख्य अतिथि जिला उधान पदाधिकारी पलामू शैलेन्द्र कुमार ने नारी सशक्तिकरण की सराहना करते हुये कहा कि हर क्षेत्र मे महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है । आज उसी का प्रमाण यहाँ बड़ी संख्या मे आई माताएं बहनें को देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है और इस पंचायत के मुखिया प्रभा देवी उप मुखिया सरिता देवी पंचायत समिति रीना तिवारी को बधाई दी । कहा कि महिलाएं खुद अपने पैरों पर खड़ी हो रही है इसकी जितनी भी सराहना की जाय कम है । मौके पर उषा कुमारी ,आजीविका झारखण्ड लाइवली उड (जेएसएलपीएस)प्रशिक्षिका तनु प्रिया, जाह्नवी कुमारी ,प्रशिक्षक गणेश कुमार गुप्ता, विवेक दुबे ,उधान विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ हसरत बानो मौजूद थे। 38 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और किसानी टूल्स दिया गया जिसमें मुख्य रूप से रीना देवी , देवी चम्पा देवी, हीरा देवी ,साब्या खातून, अफसाना खातून, नफीसा खातून, पानों देवी शामिल हैं।

### शिवांश बाबू ने वैदिक संस्कार से मनाया जन्मदिन



चैनपुर पलामू । सांसद प्रतिनिधि चैनपुर राघवेन्द्र कुमार तिवारी के पोता शिवांश तिवारी ने अपना दुसरा जन्मदिन पर गांव में हो रहे रामचरितमानस नवाहन परायण पाठ महायज्ञ में सभी प्रकांड विद्वान के बीच वैदिक संस्कार से अपना जन्मोत्सव मनाया। जिसमें सभी पंडित, यजमान,पुरुहोहित को दान कर वैदिक संस्कार से मनाया। जन्मदिन को खास बनाने के लिए एक तरफ जहां आधुनिकता को जगह दे रहे हैं वहीं शिवांश बाबू ने अपना जन्मदिन को खास करने के लिए वैदिक संस्कार को सहारा बना । जन्मदिन को खास बनाया जो कि और लोगों सिख की जरूरत है।इस अवसर पर माता-पिता दिवाकर तिवारी, सुमन तिवारी,प्रभाकर तिवारी,काजल तिवारी, विरेन्द्र तिवारी, रविन्द्र तिवारी,शिला देवी, पाठ कर्ता पंडित दिपक पाण्डेय, बृजराज मिश्र,अक्षय, विशाल, राजेश,रजनिश, विक्की,सुधाकर का खुब आशीर्वाद दिया।

### कामेश्वर चौपाल का निधन परिषद के लिए अपूरणीय क्षति : उमेश अग्रवाल



मेदिनीनगर। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल पलामू के जिला कार्यालय में कामेश्वर चौपाल की आकस्मिक मौत पर संवेदना व्यक्त करने के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सभी उपस्थित लोगों के द्वारा उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया और दो मिनट के मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिवार के सदस्यों के लिए संतोष और धैर्य प्रदान करने हेतु प्रार्थना की गयी। शोक सभा में जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि चौपाल विश्व हिंदू परिषद पलामू के पहले संगठन मंत्री थे। जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि कामेश्वर चौपाल ने राम मंदिर की पहली ईंट रखी थी। उपाध्यक्ष अजीत पाठक ने कहा कि चौपाल के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। इनके अलावा जिला सह मंत्री अमित तिवारी और जिला बजरंग दल संयोजक संदीप गुप्ता ने भी संवेदना प्रकट की। शोक सभा में जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला विद्यार्थी प्रमुख विवेक सिंह, नगर बजरंग दल संयोजक दिलीप गिरी, अक्षोब भैरव सहित अनेकों कार्यकता शामिल थे।

# सिद्दिकी वेलफेयर सोसाईटी के रक्तदान शिविर में 109 यूनिट रक्त संग्रह

- रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं होता : प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज आलम
- रक्तदाताओं को हेलमेट देकर यातायात नियमों के पालन करने की अपील की गई





**अजीत कुमार दूबे**

**मेदिनीनगर।** सिद्दिकी वेलफेयर सोसाईटी के द्वारा छह मुहान चौक के पास रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान में सोसाईटी के सदस्य समेत कई गणमान्य लोगों ने रक्तदान कर दूसरों को रक्त देने के लिए प्रेरित किया। शिविर में 109 यूनिट रक्त संग्रह किया जो अब तक का सबसे अधिक है। शिविर में रक्तदान करनेवाले लोगों को सोसाईटी की ओर से यातायात नियमों के पालन करने के लिए हेलमेट , शॉल , टी शर्ट देकर सम्मानित किया गया। शिविर में लोगों से हेलमेट पहनकर बाइक चलाने की अपील की गई। ताकि यातायात के नियमों का पालन की जाये। ताकि दूसरों की जिंदगी बचाई जा सकते। शिविर में सिद्दिकी वेलफेयर सोसाईटी के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज आलम ने कहा कि शिविर में काफी संख्या में लोगों ने रिकार्ड तोड़ आज तक का सबसे अधिक रक्तदान किया गया जो काबिले तारिफ है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा को कई दूसरा दान नहीं हो सकता है। उन्होंने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान समय पर काम आयेगा। आपका रक्त संकड की घड़ी में जरूरतमंदों को प्रदान कर उनकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि रक्तदान के लिए सभी लोग आगे आयें। रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं होती है। रक्तदान के बाद लोगों के शरीर में फिर से रक्त बन जाता है। उन्होंने कहा कि शिविर में संग्रह किया गया रक्त रांची के ऑफ हॉस्पीटल में जमा किया जायेगा। सिद्दिकी वेलफेयर सोसाईटी का लक्ष्य है कि झारखंड के सभी व्यक्तियों को रक्त उपलब्ध कराया जायेगा। रक्त के लिए कोई भी व्यक्ति सोसाईटी के पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। प्रदेश सेक्रेट्री गोल्डेन भाई ने कहा कि सिद्दिकी वेलफेयर सोसाईटी के बैनर तले गुमला जिला के सिसई गांव में गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क तकनीकी शिक्षा व सभी विधि व्यवस्था किया गया है। वहां के बच्चे आज लाभांवित होकर झारखंड का नाम रौशन कर रहे हैं। शिविर में सिद्दिकी वेलफेयर सोसाइटी व मधुसुदन ट्रस्ट के द्वारा पलामू जिला में ब्लड बैंक खोला जायेगा। सोसाईटी समाजिक कार्य के लिए जाना जाता है। कहा कि आनेवाले समय में रक्तदान शिविर व मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जायेगा। कहा कि यह शिविर लोगों के लिए वरदान साबित होगा। संरक्षक नवाब सिद्दिकी ने लोगों से रक्तदान करने व यातायात के नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से दूसरे लोग भी प्रभावित होकर आगे आयें। शिविर में सह सचिव मेदिनीनगर मुस्तकीम सिद्दिकी, कोषाध्यक्ष असगर सिद्दिकी, प्रदेश अध्यक्ष इमरान सिद्दिकी चतरा, संगठन महासचिव अनवर सिद्दिकी, संरक्षक नवाब सिद्दिकी समेत कई लोग शामिल थे।

# भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची डंडीला यूथ क्रिकेट टीम

- रोमांचक मुकाबले में बेलचंपा श्रीराम क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से दी मात,बंटी बने मैन ऑफ द मैच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला जे बी उच्च विधालय के खेल मैदान में चल रहे भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में डंडीला यूथ क्रिकेट टीम के जीत का सिलसिला आज भी बरकरार रहा। अभी तक टूर्नामेंट में अजेय रही डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने रविवार को सेमीफाइनल मैच में बेलचंपा श्रीराम क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्का कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये बेलचंपा श्रीराम क्रिकेट क्लब ने 19.3 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 192 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने 18.5 ओवर में ही पांच विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाकर मैच जीत लिया। डंडीला की जीत में बंटी कुमार और आयुष शुक्ला का अहम योगदान रहा। बंटी ने शतक जड़ा वहीं आयुष ने 28 रन की धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी कर टीम को जीत दिलायी। डंडीला यूथ क्रिकेट टीम के शतकवीर खिलाड़ी बंटी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। बंटी को मैन ऑफ द मैच का ट्रॉफी पार्षद दिनेश शुक्ला, रेहला रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू सिंह, कुमार कलिका सिंह व अरविंद शुक्ला ने संयुक्त रूप से दिया। मौके पर नीरज सिंह,कृपा शंकर सिंह, सुशील शुक्ला, रासबिहारी शुक्ला, देव नारायण दुबे, मंगल गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## पांकी मंडल कार्यालय में संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पांकी (पलामू)।** भाजपा पांकी मंडल कार्यालय में संगठन महापर्व के तहत संगठनात्मक चुनाव एवं मंडल चुनाव टोली कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मंडल के सभी पदाधिकारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेंद्र प्रभारी एवं संयोजक, मंच-मोर्चा के अध्यक्ष, सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे। इस चुनाव टोली मंडल कार्यशाला में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय कुमार तिवारी मुख्य प्रभारी के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ पॉकी मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के साधु मांझी सह प्रभारी के रूप में मौजूद थे। मौके पर संगठन को मजबूत बनाने के दिशा पर विशेष चर्चा की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में अजय तिवारी, शत्रुघ्न सिंह, शंकर प्रसाद गुप्ता,चुनमुन पांडेय, साधु मांझी, लौरिक सिंह, सीमा शर्मा, कार्तिक कुमार सिंह, कुंदन कुमार सिंह, श्याम नंदन ओझा, सत्येंद्र सिंह, ललित मेहता, संकटेश्वर सिंह, विजय सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में मनी सुहेलदेव राजभर की जयंती

- समाज के लोगों ने सामाजिक व शिक्षा परिवर्तन का लिया संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड क्षेत्र के बड़ेपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम सहियारा में राजवंशी समाज के प्रबुद्ध लोगो ने अपने आराध्य राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर की 1016 वी जयंती मनाई गई । जिसकी अध्यक्षता डॉ संतोष राजवंशी ने किया जबकि संचालन रामबचन रजवार एवं ओपी राजवंशी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि गढ़वा जिला के शिक्षक लक्ष्मण रजवार, चौखड़ी मुखिया, महेंद्र रजवार सड़ेया, मुखिया शंकर रजवार ,जमुआ मुखिया ओमप्रकाश राजवंशी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं सुहेलदेव के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मौके पर समाज के प्रबुद्ध वक्ताओं ने उनके जीवन पर विचार व्यक्त किये। साथ ही समाज के लोगों ने शिक्षा, सामाजिक जीवन, राजनीतिक हिस्सेदारी, दहेज प्रथा,आदि समाजिक बुराइयों से लड़ने के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिवपूजन रजवार, डॉ नागदेव रजवार, जितेंद्र रजवार, मनदीप राजवंशी, उप मुखिया सूरज रजवार, पप्पू सर, अंकुश राजभर, कार्तिक रजवार, मिंटू रजवार, प्रभु राजवंशी, दिलीप रजवार, बबन राजवंशी, रोहित रजवार, चंदन रजवार, सोनू रजवार, बीरेंद्र राजवंशी, प्रेमानंद, ललन एवं सैकड़ों महिला पुरुष युवा मौजूद थे।

## आदिवासी महासभा ने आदिवासी विकास मेला में शामिल होने का दिया निमंत्रण

- मेले में मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, एससी एसटी कल्याण मंत्री, पूर्व शिक्षा मंत्री व सांसद-विधायक लेंगे भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर/सतबरवा।** दुबियाखांड में 11 व 12 फरवरी को प्रत्येक वर्ष लगने वाला दो दिवसीय आदिवासी विकास मेला का उदघाटन के लिए राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर तथा संघ के प्रधान महासचिव सह मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के माध्यम से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रित किया है। महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने बताया कि मुख्यमंत्री के अलावा पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम व चतरा सांसद कालीचरण सिंह, डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया तथा पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता के अलावा कई अन्य माननीय लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि दुबियाखांड आदिवासी विकास कुंभ मेला का आयोजन बीते 30 वर्षों से होते आ रहा है। जिसका बिहार सरकार में तत्कालीन मंत्री इंदर सिंह नामधारी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने शुरूआत की थी। मेले में झारखंड के मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा समेत राज्य के कई मंत्री आते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पहल की वजह से मेले को राजकीय मेला का दर्जा प्राप्त पिछले मिला है। उन्होंने कहा कि राजा मेदिनी राय अपने प्रजा के प्रति हमेशा सजग रहा करते थे। उन्होंने कहा है कि महासंघ को काफी आशा है,अगर मुख्यमंत्री आते हैं तो आदिवासी समाज के लिए गौरव की बात होगी तथा काफी हितकारी साबित होगी। सदर प्रखंड के दुबियाखांड में 11 व 12 फरवरी को आयोजित राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेले में झारखंड राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की , झारखंड राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री चमरा लिंडा शामिल होंगे। इसे लेकर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के पदाधिकारीयों ने सम्मानपूर्वक मेले में आने आमंत्रण पत्र मंत्रियों को दिया है। मौके पर आमंत्रित कर्ता अखिल भारतीय आदिवासी महासभा जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह चेरो, केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील उरांव, केंद्रीय सचिव अजय सिंह चेरो, जिला उपकोषाध्यक्ष सुनील सिंह चेरो, कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष-बिटू पाठक, फयाज अहमद कई लोग उपस्थित थे।

## हजारों मिलों की यात्रा की शुरुआत एक छोटे कदम से होती है : डीएसई बोकारो

- जीवन हमेशा आपका इम्तेहान लेगा और आपको इसका डटकर मुकाबला करना होगा : डॉ0 अतुल चौबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू ।** जिले के सतबरवा प्रखंड के राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा जूम एप के माध्यम से प्रायोजित ऑनलाइन मोटिवेशन क्लास में 'परीक्षा पर चर्चा पलामू' में बोकारो जिले के जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ० अतुल चौबे जुड़े। विद्यार्थियों को परीक्षा के संदर्भ से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बोर्ड्स की आने वाली परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी को छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि परीक्षा में पूछे सवालों को अच्छे से ध्यान से तीन-चार बार अवश्य पढ़ें, साथ ही परीक्षा में प्रश्न के क्रम को मेंटेन करें, परीक्षा में किसी भी प्रश्न के उत्तर को साफ-स्वच्छ लिखे ताकि जो निरीक्षक कॉपियों की जांच करते है उन्हें सुविधा हो, प्रश्न के उत्तर में केवल उत्तर ही लिखे, किसी भी प्रश्न को न छोड़े, मैथ्स के पेपर में किसी प्रकार का कोई काट-छाट न करे और उन्होंने परीक्षा से जुड़े ऐसे ही कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां छात्रों को दी। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि जब भी आप परीक्षा केंद्र में जाए तो अपने ऊपर एक आत्मविश्वास जरूर बनाए रखे उसे कभी कम न होने दें। इस अवसर पर छात्र अनुराग चौहान, शक्ति राज पाठक, खुश्दिल अंसारी, आशिया बानो आदि विद्यार्थियों ने अपने प्रश्नों को अतिथि के समक्ष रखा और उनके उत्तर जाना।

मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रफुल्लित लकड़ा, शिक्षक सत्य प्रकाश शर्मा, मुकेश तिवारी, दिलीप प्रसाद, रवि रंजन कुमार, राहुल जायसवाल, नरेन्द्र राम, मेघा कुमारी आदि शिक्षक उपस्थित थे। कार्यकम का संचालन शिक्षक दिनेश शुक्ला ने किया।

## पांडू एकीकृत संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के 10+2 हाई स्कूल के मैदान में रविवार को एकीकृत संघर्ष मोर्चा जिला इकाई पलामू के निदेर्शानुसार पांडू इकाई की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अरविंद विश्वकर्मा ने की और संचालन संदीप सिंह ने किया। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया जिसमें कोष को मजबूत करना, संगठन को मजबूती प्रदान करना, सीआरसी स्टार पर संगठन को विस्तार करना, सेवानिवृत शिक्षक एवं आकस्मिक मृत्यू प्राप्त करने वाले शिक्षक को सहयोग राशि प्रदान करना,सेवा निवृत शिक्षकों को सम्मानित करना,सभी गुट के शिक्षकों को एक साथ होना एवं हर महीना के अंतिम रविवार को सी आर सी एवं प्रखंडों में बैठक करना आदि शामिल है। बैठक में संगठन की मजबूती व कर्मियों के समन्वय से बेहतर कार्य करने पर बल दिया गया। कहा गया कि संगठन में ही शक्ति निहित है। एकजुटता व समन्वय के साथ हम किसी भी समस्या का समाधान करा सकते हैं। इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरूर है। मौके पर रमेश ठाकुर, अनिल विश्वकर्मा, कृष्णचंद पाण्डेय,रघुनाथ प्रजापति शंभु पाल, राजेंद्र विश्वकर्मा अजय पाल आदि उपस्थित थे।

# राजा मेदिनीराय की याद में राजकीय आदिवासी महाकुंभ मेला की तैयारी पूरी : हृदया सिंह

- दुबियाखांड़ में मेला का आयोजन 11 व 12 को, लगेंगे कई विभागों के स्टॉल

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के दुबियाखांड़ में राजा मेदिनीराय की याद में हर वर्ष लगने वाला राजकीय आदिवासी महाकुंभ मेला का आयोजन 11 व 12 फरवरी को किया जायेगा। मेला के आयोजन को लेकर स्थल पर तैयारी अंतिम चरण में है। मेला समिति के मीडिया प्रभारी हृदया सिंह ने बताया कि मेला जिला प्रशासन व मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। मेला स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। समिति व प्रशासन द्वारा मेला स्थल पर सरकारी विभागों के कई स्टॉल लगाया जायेगा। इसके लिए स्टॉल बनाये जा रहे हैं। दूसरे राज्य से मेला में अतिथियों के स्वागत के लिए आदिवासी समूह को भी बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी मेला में रांची से आकर्षक टेंट व लाईट मंगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेला में लाभूकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण, धोती, साड़ी वितरण, पशुधन का वितरण समेत लाभूकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। ग्रामीणों को सरकारी लाभ दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेला में लोगों के मनोरंजन के लिए झूला, चरखा लगाया जायेगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने बताया कि मेला आदिवासियों के मान सम्मान, संस्कृति की पहचान व क्षेत्र के लिए गौरव है। कहा कि राजा मेदिनीराय का गौरवशाली इतिहास रहा है। राजा मेदिनीराय कुशल प्रशासक थे जो रात में क्षेत्र का भ्रमण कर जनता के सुख दुख में शामिल होते थे। इनके राज्य में जनता समृद्ध व खुशहाल था। मेले में प्रशासन के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इस मौके पर भरदुल सिंह चेरो, अवधेश सिंह चेरो, उपाध्या सिंह चेरो, रविंद्र सिंह चेरो समेत

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर पांकी मुख्यालय में मना जश्न

- विकास और सकारात्मक विचारों की जीत है : शत्रुघ्न सिंह
- देश की जनता विकास को देख कर भाजपा को अपनाया : शंकर प्रसाद गुप्ता

**शिवशंकर पासवान**



**पांकी (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुध्न सिंह एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, पांकी भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कुंदन सिंह के नेतृत्व में रविवार को पांकी कपूर्री चौक भगत चौक पर विजय जुलूस निकाला गया। मौके पर भाजपा पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुध्न सिंह ने कहा कि यह जीत विकास और सकारात्मक विचारों की है,जनता को भ्रम में रखकर बार-बार धोखा नहीं दिया जा सकता,जनता ने विकास वाला पार्टी को चुना है। वही शंकर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि भाजपा की प्रचंड जीत और कांग्रेस पार्टी की चौथी बार जमानत जप्त खुलकर बयां कर रही है कि जनता हर क्षेत्र से कांग्रेस को जान चुकी है। कांग्रेस अभी भी वहीं सफल है जहां भोली भाली जनता को गलत गलत तथ्यों को परोसती है। फिर भी कांग्रेस का अहंकार खत्म नहीं हो रहा है। विदेशी ताकतों के दम पर एक अवसर नहीं छोड़ता जिससे कि देश का नाम बदनाम हो । कांग्रेस भारत के सकारात्मक कदम और उसकी उपलब्धि पर कभी खुश नहीं हुए वह केवल एक परिवार और गैर भारतीय विचारधारा को स्थापित करने को कल भी प्रयासरत थे और आज भी प्रयासरत है। हमें लगता है यह चुनाव परिणाम कांग्रेस को पूरी तरह से जवाब जनता दे चुकी है। मौके अजय तिवारी , शत्रुघ्न सिंह, शंकर प्रसाद

# 21 परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर दायरे में रहेगी निषेधाज्ञा : एसडीएम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची के तत्वावधान में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा 2025 का आयोजन 11 फरवरी से 3 मार्च तक विभिन्न तिथियों में क्रमशः प्रथम व द्वितीय पाली में प्रस्तावित हैं। गढ़वा सदर अनुमंडल क्षेत्र में उक्त परीक्षाएं 21 विभिन्न परीक्षा केंद्रों में संचालित होंगी। परीक्षाएं कदाचार मुक्त, भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हों, इसको लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की ाारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 11 फरवरी से 3 मार्च के बीच पड़ने वाली विभिन्न परीक्षा तिथियों पर सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक सभी 21 परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिाि में निषेधाज्ञा लागू की है। निषेधाज्ञा के तहत परीक्षा केंद्रों से संबंधित विद्यालय परिसरों में किसी प्रकार का अनाधिकृत प्रवेश वर्जित रहेगा। परीक्षा हॉल में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, डिजिटल घड़ी, मोबाइल फोन, ईयरफोन, पेन ड्राइव, कैलकुलेटर आदि ले जाना वर्जित होगा। किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे लाठी, डंडा भाला, गड़ासा, तीर धनुष आदि लेकर विद्यालय परिसर में प्रवेश करना या चलना प्रतिबंधित रहेगा। किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना या प्रवेश करना भी प्रतिबंधित रहेगा, हालांकि सुरक्षा संबंधी सरकारी कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारियों और कर्मचारियों को इसमें छूट रहेगी। परीक्षा केंद्रों की उक्त परिधि में परीक्षा तिथि के दिन लाउडस्पीकर एवं वाद्ययंत्रों का प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। एसडीओ श्री कुमार ने बताया कि सदर अनुमंडल क्षेत्र के जिन 21 केन्द्रों पर परीक्षा प्रस्तावित है उनमें से सात केंद्र गढ़वा प्रखंड के अंतर्गत आते हैं, जबकि मेराल प्रखंड के अंतर्गत तीन, डंडई में तीन, मझिआंव में चार तथा कांडी प्रखंड में चार परीक्षा केंद्र अवस्थित हैं।



अनुमंडल दंडाािकारी संजय कुमार

## बिना किसी तनाव के परीक्षा में हों सम्मिलित : प्रिन्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने मैट्रिक व इंटर के परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। अभाविप झारखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिन्स कुमार सिंह ने परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी बेहतर तरीके से परीक्षा लिखें। उन्होंने दसवीं व बारहवीं के परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को लगन के साथ बेहतर तरीके से परीक्षा लिखने के लिए शुभकामनाएं दी। प्रिंस ने कहा कि शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए विद्यार्थी अपने उपर बिल्कुल तनाव ना दे, हमें विश्वास है कि आप सबों ने अपनी बोर्ड परीक्षा के लिए बहुत ही अच्छी तैयारी की है और आप सब इस बोर्ड परीक्षा में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। शिक्षा से जुड़े होने के नाते मुझे आप सबों से सफलता व अच्छे प्रदर्शन की अपेक्षा है। यह परीक्षा आप सबों के शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ धैर्य, एकाग्रता, समय प्रबंधन व साहस का परीक्षण हैं। सभी परीक्षार्थी पूर्ण एकाग्रता के साथ बिना किसी तनाव के परीक्षा में सम्मिलित हों। उन्होंने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा, तभी मंजिल मिल सकती हैं।



फोटो 1-प्रिन्स कुमार सिंह

## आंदोलन लंबा खिंचने से मजदूरों और विस्थापितों में असमंजस और निराशा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर में विधायक झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अनंत प्रताप देव है जबकि झारखंड में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सरकार है, इसके बावजूद, सेल (स्टील अथरिटी अफ इंडिया लिमिटेड) के खदान के मजदूर नेता और विस्थापित लोग अपनी मांगों को लेकर पिछले 50 दिनों से इंटक यूनियन (त्रिपाठी गुट) के सुशील चौबे के नेतृत्व में सेल के प्रशासनिक भवन के गेट पर आंदोलनरत हैं। यह आंदोलन लंबा खिंचने से मजदूरों और विस्थापितों में असमंजस और निराशा की स्थिति पैदा हो गई है। आंदोलन का मुख्य कारण सेल के द्वारा उनकी समस्याओं और मांगों की अनदेखी है। मजदूर और विस्थापित लोग अपनी रोजी-रोटी, पुनर्वास, और रोजगार से जुड़ी समस्याओं के साथ सेल के क्रसिंग प्लांट को कटिंग पर रोक लगाने तुलसीदामर बंद खदान को चालू करने की मांग कर रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से रोजगार के अधिकार, विस्थापन के बाद उचित पुनर्वास, और कंपनी द्वारा दिए गए आश्वासनों को पूरा न करने जैसी समस्याएं शामिल हैं। इतने लंबे समय तक आंदोलन जारी रहने के बावजूद प्रशासन और सरकार की ओर से ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे आंदोलनकारीयों में असंतोष के साथ आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। इस आंदोलन ने स्थानीय राजनीति और प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। भवनाथपुर के वर्तमान विाायक अनंत प्रताप देव और झारखंड की जेएमएम सरकार से आंदोलनकारी लोग उम्मीद कर रहे थे कि वे उनकी मांगों को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान करेंगे। लेकिन सरकार और विधायक की उदासीनता ने उनकी निराशा को और बढ़ा दिया है। इतने लंबे समय तक आंदोलन जारी रहने से आंदोलनकारी मजदूरों और विस्थापित परिवारों पर आर्थिक और मानसिक दबाव बढ़ रहा है। दैनिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है, और इस आंदोलन का कोई ठोस समाधान नजर नहीं आ रहा है। ऐसी स्थिति में, राज्य सरकार और सेल प्रशासन को जल्द से जल्द हस्तक्षेप करना चाहिए और आंदोलनकारियों के साथ सार्थक वार्ता करनी चाहिए। यदि उनकी जायज़ मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो यह आंदोलन बड़े पैमाने पर असंतोष और अस्थिरता को जन्म दे सकता है।

### मां चतुर्भुजी मंदिर जाने वाले रास्ते में

## नाली का पानी बहने से लोग परेशान



जानकारी देते ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय के बाजार से सुप्रसिद्ध मां चतुर्भजी मंदिर जाने वाले रास्ते में नाली के अभाव में सड़क पर पानी बह रहा है, जिससे मंदिर जाने वाले रास्ते में प्रतिदिन सैंकड़ों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि पिछले कई वर्षों से सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण कराने के लिए ग्रामीण जनता एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा आवेदन देकर अधिकारियों को इसकी सूचना दी जा रही है। लेकिन इस पर किसी का ध्यान आकृष्ट नहीं हो रहा है। आगामी 13 फरवरी से शतचंडी महायज्ञ को लेकर तैयारी चल रही है। जिसे महायज्ञ में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। वहीं मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद ने प्रशासनिक अधिकारियों ने आग्रह किया है कि मंदिर जाने वाले रास्ते में सड़क पर बह रहे गंदा पानी को साफ कराया जाए ताकि महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना ना पड़े। इस संबंध में केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि इसकी सूचना सीओ को देकर जल्द इसका निराकरण कराया जाएगा।

## किसान मित्र संघ की बैठक में 12 को रांची जाने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रंका।** प्रखंड अंतर्गत विश्रामपुर पंचायत भवन के प्रांगण में रंका प्रखंड किसान मित्र संघ का बैठक की गई। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राम ने बताया कि 12 फरवरी को गढ़वा से कृषक मित्र रांची कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के आवास घेरा करने के लिए जायेंगे।

प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि किसान मित्रों का मानदेय से संबंधित मांगों का रखने के लिए हम सभी किसान मित्र कृषि मंत्री का आवास का घेराव करेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राम, सचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, मुन्ना लाल दास, राकेश सिंह, गोवर्धन सिंह, राजकुमार कोरबा, संजय सोनी, सलीमा लकड़ा, सरस्वती देवी, होली यादव, कन्हैया साहू, राजेश यादव, धनंजय यादव, सुनील कुमार सहित रंका प्रखंड के सभी किसान मित्र उपस्थित थे।



बैठक करते लोग

## जुवान आगुवान से सम्मानित किए गए राजेश मार्डी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रक्तदान के क्षेत्र में आदिवासी समाज के अगुवाई माने जाने वाले जमशेदपुर के ट्राइबल ब्लड मैन आदिवासी युवा रक्तदाता राजेश मार्डी को 76वीं बार रक्तदान करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए झारखंड और ओड़िशा की सीमा से सटे जामशोला चेक पोस्ट स्थित कुंवारडीह, मयुरभंज जिले ओड़िशा के एक रंगारंग कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान संताली महिला लेखक संघठन, 'आयो आड़ा' जामशोला के द्वारा दुसरी एकदिवसीय संताली साहित्य सम्मेलन 2025 'जुवान आगुवान' के नाम से दिया गया। उन्हें यह सम्मान कुंवारडीह जामशोला के तोरोप पारगाना बाबा लोधया मरांडी और आयो आड़ात्र की उपाध्यक्ष चिन्माई मरांडी के शुभ हाथों से आदिवासी पारंपरिक अंग वस्त्र, सुंदर सा मोमेंटो व प्रशस्ति सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम के अंत में राजेश मार्डी ने अपने 17 वर्षों के अनुभव को अतिथियों एवं लोगों के सामने साझा भी किया।

## कांग्रेस नेता सह सांसद पप्पू यादव पहुंचे कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कांग्रेस नेता सह सांसद पप्पू यादव जमशेदपुर प्रवास के दौरान कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर पहुँचें, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने प्रोटोकॉल के तहत सांसद पप्पू यादव का स्वागत अंगवस्त्र, गाँधी टोपी एवं बुके प्रदान कर स्वागत किया। सांसद पप्पू यादव ने कांग्रेस पदाधिकारियों से सम्मान पाकर अभिभूत हो गये और जिला कमिटी का आभार व्यक्त किया। सांसद पप्पू यादव ने जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कांग्रेस नेतागण, पदाधिकारीगण मजबूती के साथ एकजुट होकर भाजपा के कुनीति का जनता के बीच पदार्फाश करें, भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। खाने की हर वस्तू पर, कपड़ा पर जीएसटी लगाकर घर घर का ताना बाना बिगाड दिया है। नौजवानों का नौकरी समाप्त कर रही है। सभी कांग्रेस नेतागण दुगने उत्साह के साथ पार्टी के संगठन को मजबूत करें, 2029 के आम चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में केन्द्र सरकार का गठन होगा। आम जनता हमारा साथ देगी, इस लिए जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी कार्यकर्तागण इमानदारी के साथ संगठन को गाँव गाँव तक विस्तारित करें। आज मैं जमशेदपुर में यादव महासभा के कार्यक्रम में शामिल होने हेतू आया हूँ। इसी क्रम में मैं जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर आप सभी से मिलने पहुँचा। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कांग्रेस मुख्यालय का जीर्णोद्धार करा कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। अब आप सभी मिलकर संगठन को मजबूत करें, आम जनता के दुख तकलीफ में साथ दें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कांग्रेस नेता सह सांसद पप्पू यादव को महान जन नेता कहा साथ ही कहा कि जिला कांग्रेस कमिटी जनता के समस्याओं को लगातार उठाती है। आने वाले समय में संगठन को जिला स्तर, प्रखंड स्तर, मण्डल स्तर, पंचायत स्तर पर मजबूती के साथ नये सिरे से धारदार बनाया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, योगेन्द्र सिंह यादव, अरूण कुमार सिंह, संजय सिंह आजाद, ऋषि मिश्र, अशोक सिंह क्रांतिकारी, रंजीत सिंह, अशोक सिंह, सन्नी सिंह, राहुल गोस्वामी, अजय शर्मा, मुन्ना मिश्र, राजा ओजा, अनंत लाल, निखिल कुमार, गोपाल यादव, पवन बिहारी ओझा, बिरेंद्र पाण्डेय सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

### कांग्रेसियों ने गर्मजोशी से किया अभिनंदन



## दांगी समाज का पारिवारिक मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज दिनांक 9 फरवरी 2025 दिन रविवार को अमर शहीद जगदेव प्रसाद जी के 103 में जयंती समारोह 61 वॉ दांगी पारिवारिक मिलन समारोह जमशेदपुर आयोजन डिमना में मनाया गया। इस आयोजन का अध्यक्षता संजय कुमार जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहीद जगदेव प्रसाद जी के चित्र पर पुष्प श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तत्पश्चात आगंतुक सभी कोल्हान प्रमंडल के सरायकेला पूर्वी सिंहभूम एवं चाईबासा जिला में निवास करने वाले दांगी बन्धुओं का सचिव सुरेंद्र कुमार द्वारा सर्वप्रथम स्वागत किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों के लिए किया गया था जिसमें समाज के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं ने अपना योगदान दिया। सभी प्रकार के प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को समाज के ही सजन डॉ० कुंदन कुमार के द्वारा मोमेंटो एवं प्राइज देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में दांगी समाज जमशेदपुर के सचिव सुरेंद्र कुमार उपस्थित रहे जिन्होंने मंच से कहा कि इस प्रकार की आयोजन से समाज में एकता और भाईचारा कायम रहता है । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयोजक मंडली में उपेंद्रनाथ वर्मा, नवीन कुमार सिंह, संजीव कुमार, सुनील कुमार, संजीव नारायण, अमरकांत भारती, मनोज कुमार सिन्हा पंकज भारती, राजेश रंजन, अनूप अकेला, मनोज कुमार, रवि रंजन, परमानंद, सोनू कुमार, चंदन वर्मा, प्रमोद कुमार, उपेंद्र कुमार वर्मा, आनंद, वशिष्ठ नारायण, एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सेवानिर्मित कर्मचारियों को शाल ओठाकर सम्मानित किया गया समाज को संगठित करने पर जोर दिया। पूर्वी सिंह जिला दांगी समाज के द्वारा प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का आयोजन करने से समाज में भाईचारा काम रहता है तथा लोग एक दूसरे को विशेष रूप से जानते और पहचानते हैं। इस कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी संजय कुमार मनोज कुमार दांगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में धनबाद ,रांची दांगी समाज के विशेष रूप से आमंत्रित थे जिन्होंने भाग लिया। बच्चों के खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजीव नारायण तथा रिंकेश कुमार के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। जबकि मंच संचालन राजीव नारायण द्वारा किया गया। महिला सदस्यों के लिए कार्यक्रम का आयोजन दांगी समाज की महिला सदस्या रेनू प्रभा, पुष्प लता, रूबी कुमारी, पुष्पा कुमारी, प्रेमलता, बीना देवी द्वारा किया गया। वार्षिक मिलन समारोह में उपस्थित समाज के सभी बच्चे और महिलाओं तथा पुरुषों के लिए अलग-अलग मनोरंजन खेल का व्यवस्था किया गया था जिसमें सभी लोगों ने अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम में सरायकेला पूर्वी सिंहभूम जिला के विभिन्न क्षेत्र जैसे आदित्यपुर गम्हरिया टेल्को गोविंदपुर सोनारी बिष्टुपुर साकची गांधीनगरआदि स्थानों से दांगी समाज के 1000 परिवरो ने भाग लिया। वार्षिक मिलन समारोह में पुरुषों तथा महिलाओं के लिए अलग-अलग म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। दांगी समाज के अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का मोमेंट देकर स्वागत किया गया। समाज के सेवानिवृत कर्मियों को अंग वस्त्र देखकर स्वागत किया गया तथा नए सदस्यों को भी माला देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर दांगी समाज के छोटे से बड़े कर्मचारी डॉक्टर इंजीनियर एवं अधिकारी वरिष्ठ कर्मचारी उपस्थित रहे।



## दिल्ली चुनाव की जीत देश की दिशा और दशा को बदलेगी : काले

**जमशेदपुर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी, विकासोन्मुखी और सुशासन की नीति पर जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण हैं। यह ऐतिहासिक जीत स्पष्ट करती है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन चुनावों में जनता ने झूठे वादों, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को पूरी तरह से नकार दिया है। यह परिणाम दशार्ता है कि जनता अब विकास, पारदर्शिता और सुशासन चाहती है, न कि भ्रामक प्रचार और खोखले वादों पर आधारित राजनीति। भाजपा के समर्पित कार्यकताओं और संगठन की मजबूत रणनीति ने इस जीत को संभव बनाया है।

## एक नजर में

### बीसीसीएल के निदेशक तकनीक मनोज अग्रवाल का अनिल अग्रवाल ने किया स्वागत

**बेरमो।** बीसीसीएल के निदेशक तकनीक परियोजना एवं परिचालन तथा अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के संरक्षक मनोज कुमार अग्रवाल का अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा जनहित के कई मुद्दे पर भी चर्चा की गई।

### कैदी की मौत की जांच शुरू, पक्ष रखने का आदेश पारित

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम सह जांच पदाधिकारी रश्मि अग्रवाल ने बताया कि तेनुघाट जेल में बंद बंदी धनबाद निवासी मो औरंगजेब की मौत 22 अगस्त को हुई थी। जिसे धनबाद जेल से तेनुघाट जेल भेजा गया था। उक्त मामले में तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में जांच शुरू हो गयी है। उक्त मामले के जांच साक्ष्य में जो भी अपना पक्ष रखना चाहते हैं वह 22 फरवरी को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में पहुंच कर अपने पक्ष को प्रस्तुत कर सकते हैं तथा जिन्हें भी मामले की जानकारी हो वह न्यायालय में जांच में अपनी बात रख सकते हैं। ताकि मामले की निष्पक्ष जांच करने के बाद त्वरित करवाई करने में सहायता मिले।

### दिवगंत मजदूर नेता अनुराग कुमार सिंह उर्फ शैंपू का प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

**बेरमो।** फुसरो ढ़ोरी कांटा के समीप राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ ढोरी क्षेत्रीय कार्यालय मे दिवगंत मजदूर नेता अनुराग कुमार सिंह उर्फ शैंपू का प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित लोगों पर सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित का श्रद्धांजलि दी। फुसरो नप के पूर्व चेयरमैन बंसत कुमार सिंह और राकोमसं के ढ़ोरी क्षेत्रीय सचिव मंगरा उरांव ने कहा कि इंटक से संबद्ध राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ (आरसीएमएस) के ढोरी क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुराग सिंह उर्फ शैंपू पद मे रहकर मजदूरो का काम अंतिम समय तक किया था। कहा कि दिवंगत श्री सिंह बहुत कम समय मे अपनी पहचान बना ली थी। इस अवसर पर रतन सिंह, अनीष पांडेय, प्रदीप पाठक, आशुतोष सिन्हा, संतोष कुमार, मोहन पाठक, बबन कुमार रजक, देवनंदन चौहान, आनंद कुमार पासवान आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

### साकची श्याम महोत्सव : भंडारे में पांच हजार से अधिक भक्त हुए शामिल

**जमशेदपुर।** रविवार को महाभंडारे के साथ श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 36वॉं श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। रविवार की सुबह बाबा श्याम को बारस की ज्योत लेकर भोग लगाने के बाद भंडारा का शुभारंभ हुआ। लगभग पांच हजार से अधिक भक्त भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किये। प्रसाद वितरण के लिए 11 स्टॉल लगाये गये थे। श्याम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण करते हुए बाबा की जय जयकार की। आज के भंडारा का आयोजन सरलाल इंजीनियरिंग लिमिटेड की तरफ से आयोजित किया गया था। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता अपनी धर्मपत्नी सुधा गुप्ता के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्याम बाबा की विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर राज्य, देश, समाज और जनकल्याण की कामना की। श्याम परिवार संस्था के अध्यक्ष गिरधारी लाल खेमका, सुरेश अग्रवाल, सुभाष शाह, नरेश अग्रवाल, उमेश शाह, कमलेश चौधरी, मोहित शाह, आशीष खन्ना आदि ने इस धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने व सहयोग करने पर सबों का आभार व्यक्त किया।

### राम मंदिर, गोविंदपुर परिसर में आठ दिवसीय योग शिविर का भव्य समापन

**जमशेदपुर।** राम मंदिर परिसर छोटा गोविंदपुर में पतंजलि योग परिवार पूर्वी सिंहभूम के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय योग शिविर का भव्य समापन वैदिक यज्ञ - हवन के माध्यम से हुआ। शिविर के मुख्य संचालन कर्ता सुजीत कुमार शर्मा और अशोक शर्मा ने बताया की 2 फरवरी से शुरू की गई इस शिविर में छोटा गोविंदपुर के सैकड़ो योग साधकों ने लाभ उठाया। शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा रोगानुसार योग, आयुर्वेद, भारतीय संस्कृति एवं वैदिक यज्ञ येहवन की जानकारी दी गई समापन समारोह में मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉ मनीष डूडिया, भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी अजय कुमार झा, सह प्रभारी रवि नंदन कुमार, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्ण कुमार, जिला यज्ञ प्रभारी आशुतोष कुमार झा, वरिष्ठ योग शिक्षक इंद्रपाल वर्मा, अजय वर्मा, उमापति लाल दास, दीनानाथ शर्मा और भारतीय शिक्षा बोर्ड के जिला प्रभारी अर्जुन शर्मा उपस्थित थे। शिविर के सफल आयोजन में सुजीत शर्मा, मधु शर्मा, अशोक शर्मा, संगीता शर्मा, पप्पू शर्मा, प्रमोद कुमार, मीना शर्मा, दिलीप कुमार, गौतम शर्मा, सुनील सिंह और पंकज झा का सराहनीय योगदान रहा।

### हिन्द क्लब, न्यू रानीकूदर में 127 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भाँति, इस वर्ष भी हिंद क्लब, रानीकुदर के प्रांगड़ में रक्त दान शिविर का सफल आयोजन संपन्न हुआ। रक्त दान के कार्यक्रम में जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों से रक्तदाताओं ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम की शुरूआत हिंद क्लब के अध्यक्ष श्री नंदजी प्रसाद जी के द्वारा माँ भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पण के साथ शुरू हुई। रक्तदान का कार्यक्रम अपने निर्धारित समय अनुसार प्रातः नौ बजे शुरू हुई और 127 रक्तदाताओं जिनमें महिला की सहभागिता के साथ संध्या 5 बजे सम्पन्न हुई। नंदजी प्रसाद ने सभी रक्तदाताओं को अभिनंदन करते हुए करते हुए कहा कि रक्तदाता सौभाग्य शाली होते हैं जिनका रक्त किसी अन्य व्यक्ति को जीवन देता है और यह अमूल्य है हिंद क्लब का यह 25 वां रक्तदान शिविर है जिसमें क्षेत्र के साथ-साथ जमशेदपुर के रक्तदाताओं ने आकर अपना बहुमूल्य रक्त दान किए हैं जिनमें कई रक्तदाता युवा और युवती है जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया है हिंद क्लब सभी रदाताओं का आभारी है। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहकर्मी एवं हिन्द क्लब के सदस्य जिनमें मुख्य रूप से निरंजन कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार , राम पुकारजी, राजू सिंह,शंकर दुबे, राजकुमार रजक,प्रेम राव, पारस नाथ दुबे,आशिश राव, बलबीर पाण्डेय, ज्योति दुबे,चन्दन प्रसाद, रोहित सिंह, राजेश सिंह, रमाकांत सिंह, के एन ओझा, संजय कुमार, गणेश पीला, राजू गुप्ता शिबू कुमार, राकेश रजक राजू रजक, रवि रजक, तारकेश्वर प्रसाद, सचिन सोनकर, अमित सिंह, शामिल हुए ।

### ग्वाल काटा पंचायत मुखिया वीना मुंडा ने ग्रामीणों के बीच बाटा जॉब कार्ड

**जादूगोड़ा।** मजदूरों का पलायन रोकने के लिए पोटका प्रखंड क्षेत्र के ग्वाल काटा पंचायत मुखिया वीना मुंडा ने ग्रामीणों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया। इधर जॉब कार्ड पाकर मजदूरों के चेहरे खिल उठे। इस बाबत मुखिया वीना मुंडा,जोबा टुडू व पंचायत सचिव लोवियस तिर्की ने कहा कि झारखंड सरकार की सौ दिन रोजगार गारंटी योजना को जमीन पर उतराने व पोटका प्रखंड से पलायन रोकने के लिए क्षेत्र में एक सप्ताह मनरेगा जागरूकता अभियान चलाया गया था।इस दौरान पंचायत के विभिन्न टोला मसलन ग्वालकाटा,गौडग्राम, जामड़ीह, सेरेंगडीह , बूटगोंडा,सहार जुड़ी , पोंडसा,धतकीगोंडा में जागरूकता अभियान चलाया गया व अंत में 500 लोगों ने जॉब कार्ड के लिए आवेदन जमा किया व तत्पश्चात लोगों को जॉब कार्ड वितरित की गई है,जिन्हें मनरेगा के जरिए 100 दिन का रोजगार ग्राम सभा से पारित योजनाओं के आधार पर मिलेगी। इसके पूर्व विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# महाकुंभ: 50 करोड़ श्रद्धालु

महाकुंभ के तीसरे चरण के लिए रोडवेज आठ से 27 फरवरी तक 3050 महाकुंभ स्पेशल बसें चलाएगा। पूरी दुनिया के लोग सत्य सनातन के प्रति आस्था और जानने की जिज्ञासा महाकुंभ आ रहें हैं। महाकुंभ कई मायनों में दुनिया में कई कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। महाकुंभ में हुये भगदड़ के बाद भी लोगों की श्रद्धा में कोई कमी नहीं आई है। परिवहन की सुविधा बेहतर हो इसके लिये व्यवस्था की जा रही है। 26 जनवरी से लेकर सात फरवरी तक की समीक्षा में मेले में तैनात सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधकों, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों, और चालक-परिचालकों की प्रशंसा की गई। महाकुंभ में 25 दिन में 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर कर नया रिकॉर्ड रच दिया है। ये स्वर्णिम उपलब्धि शुक्रवार को 94 लाख श्रद्धालुओं के स्नान के साथ ही हासिल हुई। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में 7 फरवरी तक 40.68 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। महाकुंभ में इस बार प्रदेश सरकार ने 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान जताया था। लेकिन 45 दिन चलने वाले इस महाआयोजन के 25 दिन ही यह आंकड़ा पार हो गया। स्नान के महत्व और तैयारियों के बीच देश-दुनिया से रोजाना लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। महाकुंभ में मकर संक्रांति के पहले अमृत स्नान पर 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई थी।29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर रिकार्ड 7.64 करोड़ ने अमृत स्नान किया। 3 फरवरी को तीसरे अमृत स्नान पर 2.57 करोड़ लोगों ने स्नान किया। महाकुंभ 26 फरवरी तक है। 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा के अवसर भी भीड़ की संभावना है। क्राउड मैंनेजमेंट के बेहतरीन प्रयोग और परिणाम प्रयागराज के महाकुंभ में दिख रहा है। उम्मीद है कि श्रद्धालुओं का आंकड़ा 50 करोड़ पार कर जाएगा।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

मिथुन : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

कर्क : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

सिंह : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

तुला : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

मीन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

# 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता भाजपा ने आप से छिन ली




सत्ताईस साल लंबे बनवास के बाद दिल्ली की सरकार में भारतीय जनता पार्टी की वापसी हो गई। 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए हुए मतदान के नतीजे आज (8 फरवरी) को घोषित हुए। कांग्रेस आधी-अधूरी तैयारी से चुनाव लड़ी। उसे पिछली बार के 4.26 के मुकाबले करीब साढ़े छह फीसदी वोट मिले। उसे कोई सीट नहीं मिली लेकिन इतने कम वोट लाकर भी कई सीटों पर भाजपा की जीत में कांग्रेस ने बड़ी भूमिका निभाई। यह चुनाव इस मायने में ऐतिहासिक रहा कि न केवल आम आदमी पार्टी (आप) हारी बल्कि उसके सर्वेसर्वा और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पार्टी में नंबर दो का दर्जा रखने वाले पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत अनेक नेता चुनाव हार गए। मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी मामूली अंतर से भाजपा के रमेश बिधूड़ी से चुनाव जीत पाईं।

राजधानी के राजनीतिक गलियारों में जितनी चर्चा इस जीत के बाद भाजपा की ओर से बनने वाले मुख्यमंत्री के नाम की है उससे अधिक आप के बिखरने की है। कांग्रेस के अनेक नेता अपनी पार्टी की हार से परेशान कम हैं, वे आप की हार से गदगद हैं। दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चतर सिंह का कहना है कि इस चुनाव के परिणाम ने दिल्ली से आप की स्थायी विदाई कर दी है। अब दिल्ली में कोई भी अगला चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच होगा।

चुनाव परिणाम आते ही दिल्ली का ही नहीं देश की राजनीति का नजारा बदलने लगा। आप पूरी तरह से केजरीवाल की पार्टी है। उनके अलावा उस पार्टी का हर नेता उनका अनुचर है और पार्टी को वोट देने वालों में बड़ी तादाद में आप सरकार के लाभार्थी। इस चुनाव में भाजपा ने पूरा चुनाव प्रचार केजरीवाल व आप की ईमानदार और नए प्रयोग करने वाली छवि को ध्वस्त करने पर केन्द्रित रखा। केजरीवाल को कट्टर ईमानदार से भारी बेईमान साबित करने के सफल प्रयास किए। जिन उपलब्धियों को केजरीवाल और आप के नेता गिनाते रहे, उसकी काट भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस के नेता करते रहे।

इतना ही नहीं, जिन तीन कामों को न कर पाने के लिए केजरीवाल ने एक और अवसर देने की लोगों से अपील की, उन्हीं तीन मुद्दों-यमुना सफाई, हर घर को 24 घंटे साफ पानी और दिल्ली की सड़कों को विश्वस्तरीय बनाने के केजरीवाल के पुराने दावे को मुख्य मुद्दा बनाया। साथ ही जिन रेवड़ियों (मुफ्त घोषणाओं) से दिल्ली की गरीब और निम्न वर्गीय जनता ने 2013 के विधानसभा चुनाव में आप की मजबूत बुनियाद रखी और 2015 एवं 2020 में प्रचंड बहुमत दिया, उसे बढ़ाकर देने के वादे किए। महिलाओं को पंजाब में आप ने हर महीने पैसे देने की घोषणा की लेकिन अभी तक केवल उसका विज्ञापन करते रहे। दिल्ली में मंत्रिमंडल से पास करवाया एक हजार रुपये महीना और घोषणा कर दी 2100 रुपये हर महीने देने की। उसकी भी पहली किस्त नहीं दी। इसी तरह की तमाम घोषणाओं और वादों पर भाजपा ने उसे पूरे चुनाव प्रचार में घेरा।



-मनोज मिश्र

> आप पूरी तरह से केजरीवाल की पार्टी है। यह न तो कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और न ही बिहार, उत्तर प्रदेश आदि कुछ राज्यों में ताकतवर जाति आधारित पार्टी। यह तो केजरीवाल समर्थकों और उससे लाभ पाने वालों की पार्टी है। इसलिए आप के दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने से ज्यादा खुद केजरीवाल के नई दिल्ली सीट से पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह के पुत्र प्रवेश वर्मा से पराजित होने

केजरीवाल और सिसोदिया समेत आप के अनेक आला नेताओं के शराब घोटाले में जेल जाने को आप नेता केन्द्र सरकार से प्रताड़ित करने (वीक्टिम कार्ड) का मुद्दा बनाने के प्रयास 2024 के लोकसभा, हरियाणा चुनाव से लेकर दिल्ली विधानसभा चुनाव में किए लेकिन जनता ने उसको सही नहीं माना। इस चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा (गेम चेंजर) स्थानीय मुद्दों पर आप को घेरने की भाजपा की रणनीति काम आई। इस चुनाव में कोई देशी-विदेशी मुद्दा न आया और न ही भाजपा ने धार्मिक ध्रुवीकरण का प्रयास किया। चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का नाम न घोषित करने को पहले भाजपा की असफलता माना जा रहा था, वही भाजपा में गुटबाजी रोकने का यह सबसे कारगर तरीका बना। केजरीवाल के मुकाबले भाजपा के नेता के नाम के सवाल को मुद्दा बनता देख चुनाव प्रचार की कमान खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाल ली। उन्होंने आम आदमी पार्टी को नया नाम दियाझ आप-दा। अपने भाषणों में उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी है। उन्होंने चुनाव प्रचार में खुलकर आप पर हमला किया। संयोग से चुनाव प्रचार के एक दिन पहले लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर उनका जवाब एक तरह से दिल्ली पर केन्द्रित रहा। इतना ही नहीं, नए बजट में आय-कर की छूट सीमा बढ़ा कर 12 लाख सलाना करने और केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए नया वेतन आयोग की घोषणा से सरकारी कर्मचारी और मध्यम वर्ग का भरपूर समर्थन भाजपा को मिला। इस वर्ग में ही अच्छी पैठ बना कर केजरीवाल ने लगातार दो चुनावों में भारी बहुमत जुटा लिया था।

पहले उन्होंने गरीब तबका, अल्पसंख्यक और दलितों को बिजली-पानी फ्री के नाम पर जोड़ा, फिर बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था का सब्जबाग दिखा कर मध्यम वर्ग को जोड़ने की कोशिश की। गरीब तबके पर उनका पूरा असर इस चुनाव में कम होता नहीं दिखा लेकिन अलग-अलग इलाकों में इस तबके के मतों का बंटवारा दिखा। अल्पसंख्यक बहुल सीटों पर भी उन सीटों पर जिन पर एक से ज्यादा मजबूत अल्पसंख्यक उम्मीदवार थे, उनमें मतों का बंटवारा हुआ और कई ऐसी सीटों पर भाजपा को जीत मिल गई।

दिल्ली में 1993 में विधानसभा बनने के बाद पहले चुनाव में भाजपा जीती। 1998 से भाजपा सत्ता से बाहर हो गई। 1998, 2003 और 2008 में दिल्ली में शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस की सरकार बनी। 2013 के चुनाव में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला। 32 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी। उसके मना करने पर आप ने कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनाई। वह सरकार केवल 49 दिन चली। 2014 में पहली बार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा। 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप को 67 और भाजपा को 3 और 2020 के विधानसभा चुनाव में आप को 62 और भाजपा को 8 सीटें मिलीं। दिल्ली से बाहर आप की पंजाब में सरकार बनी और गुजरात में पांच विधायक जीते। वर्ष 2022 में आप पहली बार दिल्ली नगर निगम चुनाव जीत गई। लोकसभा चुनाव भाजपा लगातार दिल्ली की सीटें जीतती रही लेकिन विधानसभा चुनाव हारती रही। 27 साल बाद पहली बार उसे दिल्ली की जनता ने विधानसभा चुनाव में भारी जनादेश दिया है।

आप पूरी तरह से केजरीवाल की पार्टी है। यह न तो कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और न ही बिहार, उत्तर प्रदेश आदि कुछ राज्यों में ताकतवर जाति आधारित पार्टी। यह तो केजरीवाल समर्थकों और उससे लाभ पाने वालों की पार्टी है। इसलिए आप के दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने से ज्यादा खुद केजरीवाल के नई दिल्ली सीट से पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह के पुत्र प्रवेश वर्मा से पराजित होने से पार्टी के बिखरने का खतरा हो गया है। आने वाले दिनों में लोगों की इसी पर नजर रहेगी। इस हार के बाद आप की तुलना छात्र राजनीति से असम की सत्ता में आने वाली पार्टी असम गण परिषद् से शुरू हो गई है। 2012 में बनी पार्टी का भविष्य संकट भरा दिखने लगा है।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार के कार्यकारी संपादक हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### मानवता के दुश्मन

**यह** समय जरूरतमंदों की मदद का है ताकि वे बीमारी और संकटकालीन स्थिति से उबर सकें और हम अपने मानवीय होने का प्रमाण दे सकें। मगर, लोग आज जिस तरह हालातों का फायदा उठा रहे हैं, उससे यह महामारी और भयावह हो गई है। कोरोना कुछ लोगों को धंधे करने का एक बड़ा अवसर बन गया है जो समूची मानवता के नाम पर कलंक है।

**-अमृतलाल, हजारीबाग**

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-विजय सिंह, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**दिल्ली** का जनादेश हम विनम्रता से स्वीकार करते हैं।

प्रदेश के सभी कांग्रेस कार्यकताओं को उनके समर्पण और सभी मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद।

प्रदूषण, महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध - दिल्ली की प्रगति और दिल्लीवासियों के अधिकारों की यह लड़ाई जारी रहेगी।

**- राहुल गांधी, सांसद**

**जिनके** साथ गहरा अन्याय हुआ हो! उन पर हंसना, उनकी पीड़ा का मजाक उड़ाना, उनकी आत्मा को दुःख पहुंचाना, ये इंसानियत की सभी हदों को पार करना होता है!! और फिर उस दुखी आत्मा से ना चाहते हुए भी एक आह निकलती!

**- अनुमप खेर, अभिनेता**

# केजरीवाल की दिल्ली हार के निहितार्थ

- डॉ. सुदीप शुक्ल

## सामयिक

**प्रसिद्ध** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने मीडिया के सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल की छवि खराब हुई है, वह पैसे और शराब के चक्कर में फंस गए। यह प्रतिक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अन्ना आंदोलन से ही आम आदमी पार्टी की जमीन तैयार हुई और यह जमीन ताजा चुनाव परिणामों के साथ दरक गई है।

11 साल बाद आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता से बाहर हो गई है। आम आदमी पार्टी के एकछत्र नेता, संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं चुनाव हार गए। केजरीवाल की इस हार के साथ मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना को छोड़कर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सतेंद्र जैन सहित अधिकांश पार्टी नेता अपनी सीट नहीं बचा पाए हैं।

27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी दिल्ली विजय कर चुकी है। भाजपा की आंधी में वह आप बुरी तरह से पराजित हुई जिसने पिछले एक दशक से अपनी अजेय छवि गढ़ी थी। पिछले पांच साल में केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की छवि टूटी है। आम आदमी पार्टी की इस पराजय में ही इसके अर्थ छिपे हुए हैं। 11 साल पहले आम आदमी पार्टी का सत्तासीन होना जनता का उस विकल्प को परखना था जिसने राजनीतिक शुचिता, ईमानदारी, शुद्ध आचरण, सत्य और आम आदमी के प्रभावी होने की उम्मीद का सपना दिखाया था। आप जनता का यह सपना पूरा नहीं कर पायी उल्टे खुद भी भ्रष्टाचार, शराब जैसे घोटालों, राजनीतिक गिरावट और राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों की अनदेखी की प्रवृत्ति में शामिल हो गई। ऐसे में जनता के उस विकल्प की उम्मीद टूटती गई, जिसकी उसने आदर्श कल्पना की थी।

ईमानदारी, साधारण आदमी, मफलर, सादे कपड़े, छोटा फ्लैट, नीली वैगनआर कार जैसे प्रतीकों से केजरीवाल और आप की ओर दिल्ली की जनता आकर्षित हुई थी। केजरीवाल और आप उस दावे के प्रतीक थे जो राजनीति में बदलाव को लेकर किया गया था। केजरीवाल का दावा था कि वे राजनीति में आम आदमी को प्रभावी रखेंगे लेकिन सत्ता में आने के बाद ये प्रतीक, दावे और वादे पीछे छूटते चले गए। दिल्ली की जनता को जब तक यह समझ आया, काफी देर हो चुकी थी। जनता ने तब अपने को ठगा अनुभव किया जब केजरीवाल ने अपने लिए आलीशान 'शीशमहलझ पर 40 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। ईमानदारी के प्रतीक के रूप में सामने आए केजरीवाल और उनके साथियों का शराब घोटाले में जेल जाना और फि?र भी कुर्सी नहीं छोड़ना, लोगों के लिए तगड़ा झटका था। अन्ना आंदोलन के समर्थकों के लिए यह सब धक्के और धोखे जैसा था। जनता ने अपने दरकते सपनों की पीड़ा को ईवीएम का बटन दबाते समय याद रखा और परिणाम सबके सामने है।

केजरीवाल और उनकी पार्टी ने पंजाब, गोवा और गुजरात के चुनावों में जमकर पैसा खर्च किया। उनकी पार्टी का नाम ही 'आम आदमी पार्टी रह गया और वह कब खास होती गई किसी को पता नहीं चला। पार्टी के भीतर भी कम गड़बड़ नहीं थी। पार्टी की ही महिला सांसद को मुख्यमंत्री निवास में पीटा जाना और उस पर मुख्यमंत्री का मौन रहना, महिलाओं के आप से मोहभंग के लिए बड़ा कारण था। एक बड़ी गलती केजरीवाल यह भी कर बैठे कि उन्होंने अपनी रेवड़ी स्कीमों के आगे इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास की मूल अवधारणा पर ही ध्यान नहीं दिया।

दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि और कद ईमानदारी और राजनीतिक शुचिता के मामले में भी अरविंद केजरीवाल से कहीं बड़ी है। मोदी का प्रभाव जनता पर बहुत व्यापक है। भाजपा के घोषणापत्र में भी जनता से जुड़ी लोककल्याणकारी योजनाओं का वादा किया गया। पार्टी कार्यकताओं ने प्रचार में पूरी शक्ति? लगा दी और एकजुट रहकर चुनावी लड़ाई को प्रभावी तरीके से अंजाम तक पहुंचाया। इसलिए जब वोट देने की बारी आई तो मतदाताओं ने भाजपा को ही चुना। परिणाम सामने है, 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

अन्ना हजारे ने चुनाव परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जो कहा है, वह बताता है कि कैसे आप ने अपनी जमीन छोड़ दी है।

अन्ना ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि उम्मीदवार का आचरण विचार शुद्ध होना चाहिए, जीवन दोष- अयोग्य होना चाहिए, त्याग करना चाहिए। मैंने यह अरविंद को बताया था, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और अंततः उन्होंने शराब पर ध्यान केंद्रित किया। वहीं, अरविंद केजरीवाल के पुराने साथी और आप के संस्थापक सदस्य रहे कुमार विश्वास ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह आम आदमी पार्टी के पतन का मार्ग है और पार्टी उस पर आगे बढ़ चुकी है।

# सशक्त भारत के लिए सुशासन की आवश्यकता

## विचार

आज 140 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ, भारत अपने इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। आगे के समय में भारत की आर्थिक प्रगति वर्तमान सुधारों, तकनीकी प्रगति और जनसांख्यिकीय बदलावों से काफी प्रभावित होगी। ऐसा अनुमान है कि 2025 तक भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, जो मुख्यतः एक बड़े आकार वाले , युवा कार्यबल, बढ़ते मध्यम वर्ग और घरेलू खपत से प्रेरित है।

यहां यह ध्यान रखने की बात है कि भारत केवल विकास नहीं बल्कि समावेशी विकास चाहता है जो लाखों लोगों को गरीबी और असमानता से मुक्ति दिला सके। डिजिटल इंडिया जैसी पहलों और फिनटेक के संतोषदायी अनुभव से प्रोत्साहित होकर भारत का डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तन, नए रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है। देश डिजिटल साक्षरता, बुनियादी ढांचे और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करके तकनीकी सेवाओं, ई-व्यापार, कृत्रिम मेधा और डेटा विज्ञान में वैश्विक नेता बनने का लक्ष्य बना रहा है। उभरती प्रवृत्तियों को देखते हुए यह लग रहा है कि मेक इन इंडिया पहल के तहत अपने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत का प्रयास आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। बदलते परिवेश में, भारत विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर गाड़ी (ऑटोमोटिव) और औषधीय (फार्मास्युटिकल) क्षेत्रों में एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर सकता है। दरअसल औद्योगिकीकरण और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने की हमारी क्षमता ही आर्थिक मामलों में हमारी प्रगति को निश्चित करेगी।

आज भारत कृत्रिम बुद्धि (एआई) और डेटा एनालिटिक्स से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण तक कई तकनीकी क्रांतियों में अग्रणी रहने की स्थिति में है। भारत का तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2025 तक देश एआई, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन तकनीकों का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे कृषि और स्वास्थ्य सेवा से लेकर शहरी नियोजन और शिक्षा आदि को लाभ पहुँचेगा। भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा पा रही है। मिशन चंद्रयान, गगनयान (मानव मिशन) और संभावित चंद्र और मंगल मिशन भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में अग्रणी बना सकते हैं। भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह उत्तरी अमेरिका के अलावा किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक यूनिकॉर्न (1 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य की कंपनियां) पैदा करने वाला देश हो सकता है। परंतु देश की प्रगति सिर्फ. आर्थिक विकास पर ही निर्भर नहीं है, उसके लिए सामाजिक समावेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और लैंगिक समानता भी जरूरी है। भारत ने अपनी शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिससे यह अधिक समावेशी और सुलभ बन सके। कक्षाओं में प्रौद्योगिकी का अधिक एकीकरण हो सकता है, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। उच्च शिक्षा और अनुसंधान पर भारत का जोर विश्वस्तरीय संस्थानों का निर्माण कर सकता है जो वैश्विक छात्रों को आकर्षित कर सकते हैं। इसी तरह टेलीमेडिसिन, निदान (डायग्नोस्टिक्स) और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में प्रगति के साथ भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सुलभता और कुशलता प्रभावी हो सकती है। सरकार की आयुष्मान भारत योजना (गरीबों के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना) स्वास्थ्य सेवा असमानताओं को कम कर सकती है, और नई चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का विकास स्वास्थ्य सेवा उपायों के मामले में बदलाव ला सकता है।

लैंगिक समानता और सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए अभियान चल रहा है जिसके अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आशा करते हैं कि भारत में कार्यबल, राजनीति और नेतृत्व के पदों पर महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ेगी। शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकारों के लिए प्रयास निश्चित रूप से एक अधिक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। गरीबी और असमानता को कम करना भारत की प्राथमिकता बनी रहेगी। आवास, पानी, स्वच्छता और बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुँच का विस्तार करके वंचितों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है, जिससे लाखों लोग गरीबी से बाहर आ सकेंगे। पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु विषयक कार्रवाई आर्थिक विकास और जीवन की गुणवत्ता दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। भारत का लक्ष्य सौर, पवन और जलविद्युत ऊर्जा उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक नेतृत्व देना है। देश अपनी ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नवीकरणीय स्त्रोतों से उत्पन्न कर सकता है, जिससे उसका कार्बन फुटप्रिंट और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो जाएगी।

आज भारत जल की कमी की गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, और जल संरक्षण, पुनर्चक्रण और प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा। कुशल सिंचाई और जल वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, साथ ही बेहतर नीतियों से इन चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिल सकती है।

बदलते भू-राजनीतिक माहौल में वैश्विक मामलों में भारत की प्रमुख भूमिका होगी तथा एशिया में अपनी रणनीतिक स्थिति का लाभ मिल सकता है। भारत का कूटनीतिक प्रभाव बढ़ता रहेगा, खासकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में। क्वाड (अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ) के सदस्य के रूप में, भारत खुद को चीन की बढ़ती ताकत के लिए एक प्रमुख प्रतिसंतुलन के रूप में स्थापित कर रहा है।

## स्पीड न्यूज

### सौंदा डी पंचायत में खुला कराटे केंद्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। मार्शल आर्ट शितोरियो कराटे डो फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में रविवार को सौंदा डी पंचायत भवन में कराटे प्रशिक्षण शिविर लगा। इससे पूर्व सौंदा डी पंचायत भवन के प्रांगण में कराटे केंद्र का उद्घाटन पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, मुखिया उपेंद्र शर्मा और पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने फीता काटकर किया। मनोज राम ने कहा कि सौंदा डी पंचायत में कराटे केंद्र खुलने से समाज के बच्चे-बच्चियों को कराटे को जरिये अनुशासन एवं आत्मरक्षा के गुर सिखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमसबों को अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ कराटे का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित करें। मालूम हो कि सेंसाई कंचन दास हमारे क्षेत्र के बालक-बालिकाओं को दशकों से निःशुल्क कराटे का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मरक्षा का गुर सिखा रहे हैं। शिविर में कंचन दास व ब्लैक बेल्ट सृष्टि कुजूर द्वारा स्मृति मुंडा, चित्रलेखा विकास, शिवांश, रेयांश, खुशी, अनीश, मो. अजीज, मो. नबील, भूमि, आलिया खान, जन्हवी, नीति, सृष्टि भारती को कराटे का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर को सफल बनाने में श्रवण कुमार, सूरज कुमार, रंजीत कुमार, राजेश मुंडा का योगदान रहा।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन




भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले लगभग 150 गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरुष और बच्चों के बीच पाव-भाजी का वितरण किया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने गरीबों की सेवा में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिन्कु वर्णवाल, उदयभान दुबे, शिवकुमार यादव, रंजीत यादव, इम्तियाज अली, लखन राम, लालू उरांव, सुकरा करमाली, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

### 30 कराटेकारों को मिला प्रमाण पत्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड बुध बाजार भुरकुंडा स्थित वर्कर्स कल्ब में सोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा डोजो द्वारा रविवार को एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण सह ग्रेडेशन प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में भुरकुंडा एरिया के 30 कराटे का ने भाग लेकर विभिन्न कलर बेल्ट के प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। शिविर के पहले चरण में ट्रेनिंग एवं दूसरे चरण में प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। भुरकुंडा शाखा के मुख्य प्रशिक्षक नरेन्द्र सिन्हा सातवां डान ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। ग्रेड पाने वाले ब्राउन बेल्ट में ध्रुव झा, रितेश कुमार, तेजश झा, तान्या श्रीवास्तव, सक्षम अंशुल, पर्पल बेल्ट में सत्यजीत कुलकर्णी, अर्णव कुमार, ब्लू बेल्ट में मनन राज, सुरभी सिंह, समरवीर सिंह, हर्षवीर सिंह, तक्षी राजश्री, अंकिता राज, ग्रीन बेल्ट में शिवांशी, ऑरेंज बेल्ट में खुशी सोनी, सिद्धि सिन्हा, चिराग झा, चिन्मय झा, पीला बेल्ट में अंशुमन कुमार, युग श्रीवास्तव आदि शामिल हैं।

### टोला नदी पर बनेगा पुल : महेंद्र महतो



भुरकुंडा (रामगढ़)। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने रविवार को बताया कि पतरातू प्रखंड के आतिसुदूर क्षेत्र बिचा पंचायत के बहेरा टोला एवं होन्हेटांड के बीच बहेरा टोला नदी पर 3 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होगा। इसके लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि रोशन लाल चौधरी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक बने हैं तब से विधानसभा क्षेत्र में विकास की कई योजनाओं की लगातार स्वीकृति का सिलसिला बढ़ा है। बिचा पंचायत में इतनी बड़ी पुल की स्वीकृति ग्रामीण विकास विभाग रांची ने दिया है। पुल के लिए सारी औपचारिकता पूरी होते ही इसका शिलान्यास विधायक रोशन लाल चौधरी करेंगे।

## गोला के विसर्जन जुलूस में घायलों से मिले सांसद मनीष जायसवाल, कहा

# दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। गोला प्रखंड के सोसो कलां गांव में सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच विवाद गहरा गया, जो हिंसक झड़प में बदल गया। ग्रामीण श्रद्धालु मां सरस्वती की प्रतिमा को शांतिपूर्ण तरीके से रिक्शे पर लेकर विसर्जन के लिए जा रहे थे, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चियां भी शामिल थीं। जुलूस जैसे ही आगे बढ़ा, तभी एक विशेष समुदाय के लोगों ने विरोध जताते हुए इसे रोकने का प्रयास किया। विरोध बढ़ते-बढ़ते हिंसक झड़प में बदल गया और हमलावरों ने महिलाओं और बच्चियों पर हमला कर दिया। इस हमले में कई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल पीड़ितों से मिलने पहुंचे। उन्होंने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए झारखंड सरकार पर जमकर हमला बोला। सांसद ने कहा कि राज्य सरकार अपराधियों पर लगाम लगाने में पूरी तरह विफल रही है। झारखंड में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है, जिससे असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। अगर 15 दिनों के अंदर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो हम थाने का घेराव करेंगे। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि विसर्जन जुलूस पर हमला न केवल सामाजिक सद्भाव के लिए खतरा है, बल्कि इससे हिंदू समुदाय के आस्था पर भी चोट पहुंची है। सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि अगर दोषियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया, तो स्थानीय जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, जिला मंत्री दिलीप सिंह, अनमोल सिंह, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन से मांग की कि दोषियों की तुरंत पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। स्थानीय लोग प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अगर समय पर पुलिस सख्ती से कार्रवाई नहीं करेगी, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कितनी जल्दी दोषियों पर कार्रवाई करता है या फिर जनता को अपने हक के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

## बलकुदरा में विस्थापित संघर्ष मोर्चा की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। बलकुदरा आम बगीचा में रविवार को विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में पीवीयूएनएल के विस्थापित-प्रभावित रैयतों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद एवं संचालन बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा व सुरेश साहू संयुक्त रूप से किया। बैठक में रोजी-रोजगार पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों ने एक-स्वर में पीवीयूएनएल प्रबंधन, प्रशासन और झारखण्ड सरकार से सवाल किया कि मुआवजा दिए बिना ग्राम बलकुदरा, रसदा, जयनगर व गेगदा के जमीन पर ऐश डाइक/ऐश माउंट, ऐश कोरिडोर का निर्माण कैसे किया जाएगा। हम ग्रामीणों को जीने का मौलिक अधिकार है या नहीं। इसका जवाब प्रबंधन-प्रशासन दे उसके बाद ही छाई डैम में किसी भी प्रकार का कोई काम करने दिया जायेगा। कहा गया कि मुआवजा दिए बगैर यदि जबरन छाई डैम में काम करने की कोशिश की गई तो इसका जोरदार विरोध करते हुए हर प्रकार का संवैधानिक-लोकतान्त्रिक आंदोलन किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छाई डैम में जबरन काम करने के प्रबंधन के प्रयास को लेकर शीघ्र ही झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया से मिलकर सारी स्थिति से अवगत कराया जाएगा। उनके दिशा-निर्देश पर आगे के आंदोलन का घोषणा की जायेगी। साथ ही जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन के माध्यम से अंचल अधिकारी का घेराव किया जाएगा। कहा गया कि मामले को लेकर संजीव बेदिया के नेतृत्व में शीघ्र ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर जीने के मौलिक अधिकार की रक्षा करने एवं पीवीयूएनएल के स्थापना के नाम पर हम ग्रामीण रैयतों की बलि नहीं देने का गुहार लगाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से कुमेल उरांव, राजाराम प्रसाद, अब्दुल क्यूम अंसारी, प्रदीप महतो, अलीम अंसारी, ननकु मुंडा, कपिल मुंडा, भरत साव, अब्बास अंसारी, वीरमोहन मुंडा, मनु मुंडा, बसंत कुमार, जितेन्द्र मुंडा, भरत मांझी, चरण सोरेन, लालमोहन मुंडा, अरुण, प्रेम मुंडा, रॉकी मुंडा, जगदीश व अन्य मौजूद थे।

### झील परिसर में लगा हेल्थ चेकअप शिविर

हजारीबाग। शहर के झील परिसर में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक के द्वारा रविवार को हेल्थ चेकअप जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच मुफ्त की गयी। इसमें 67 से अधिक जरूरतमंदों ने सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान अन्य जांच पर बाजार से किफायती दर पर उपलब्ध होने से कई जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया। संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि सुगर की बिमारी एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी काफी सामान्य होते जा रही है। विशेष पहल के साथ चेकअप कैंप में सुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क लोगों के लिए उपलब्ध करवा रहे हैं।

## सौंदा बस्ती में 4 एसीआर का विधायक ने किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता




भुरकुंडा (रामगढ़)। राजकीय कृत मध्य विद्यालय सौंदा बस्ती में रविवार को 4 एसीआर भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ। सर्वप्रथम बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर भूमि पूजन की। इसके बाद शीलापट्ट का अनावरण कर विधायक रोशन लाल चौधरी ने 4 एसीआर भवन का निर्माण कार्य शिलान्यास किया। बताया गया कि 47 लाख रुपये की लागत से 4 एसीआर भवन का निर्माण होगा। शिलान्यास के मौके पर पंसस प्रभात साहू, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, गजानंद प्रसाद, सुखदेव प्रसाद, शकुंतला देवी, दयानंद प्रसाद, अमित प्रसाद, भागवत प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, बसंत प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सतीश मोहन मिश्रा, शशिकांत प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, विनोद प्रसाद, चितरंजन प्रसाद, भागवत साहू, नीलकंठ प्रसाद, रमेश, अनिल सोनी, विक्रांत, मनोज, विनोद प्रसाद, हरिहर प्रसाद, रमेश राम, पवन, बंटी, किशोर प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।


### न्यू बैरक में भक्ति जागरण आयोजित



भुरकुंडा (रामगढ़)। जेएसआर क्लब न्यू बैरक भुरकुंडा में शनिवार रात भक्ति जागरण का उद्घाटन विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम और भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने विधिवत फीता काटकर किया। चौधरी ने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में सुख-समृद्धि और हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद भजन मंडली के प्रदीप कुमार, पवन कुमार, रोमित, संजीत, कृष्ण, खुशबू आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत और भजनो की प्रस्तुति से देर रात तक श्रद्धालुओं को झुमाये रखा। मौके पर मनोज करमाली, मुन्ना भुंइया, विक्की राम, प्रकाश रविदास, अंकित राम, अजीत भुंइया, संजय नायक, मनोज रजवार, जलेश्वर भुंइया, रवि करमाली, सुनीता देवी, सुषमा देवी, डौली देवी, रीना देवी, पूजा देवी, रीता देवी, अनु देवी, आरती देवी व अन्य मौजूद थे।

## श्याम महोत्सव के प्राण प्रतिष्ठा में भजन पर झूमे श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। पांच दिवसीय श्याम महोत्सव के प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के अवसर पर छावनी परिषद के फुटबॉल ग्राउंड में बाहर से आए हुए कलाकारों ने धूम मचा दी सबसे पहले श्याम चौरासी का पाठ हुआ, ठीक इसी वक्त पुलिस अधीक्षक अजय कुमार का मंदिर में आगमन हुआ। वे सदल बल पहुंचे भगवान को शीश झुकाया और मंदिर से चलकर फुटबॉल ग्राउंड में आए उन्हें श्री श्याम सेवा ट्रस्ट समिति एवं आयोजक परिवार ने स्मृति चिन्ह देकर दुपट्टा उड़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद भजनों की शुरुआत कमल बगड़िया ने तू कृपा कर बाबा कीर्तन कराओगा भजन शुरू किया, इसमें पूरा माहौल गूंज उठा सबसे पहले श्री श्याम चौरासी का पाठ हुआ, जिसमें विष्णु शर्मा, महेश जी एवं ध्रुव सिंह मिलकर पाठ किया, भगवान को दीपक जलाकर एवं ज्योति का प्रकट किया गया। जैसे-जैसे रात्रि बढ़ती जा रही थी खलीलाबाद से आए हुए रोमी सिंह ने लोगों को झुमने पर मजबूर किया और यह सिलसिला जब आगे बढ़ रहा था ठीक उसी समय मंत्री सपत्नीक, एक्स एमएलए बबीता देवी के साथ मंच पर पधारे और उनका अभिनंदन किया गया। उन्हें मुकेश बौदिया, अनिल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अध्यक्ष सांवर अग्रवाल, कमल बगड़िया एवं अन्य सभी सदस्यों ने मिलकर मोमेंटो देकर सम्मानित किया और चुनरी उड़ाई साथ-साथ बबीता देवी का स्वागत मुकेश बुंदिया की पत्नी मिलि ने किया। भजनों का सिलसिला चल ही रहा था जब रोमी सिंह गा रहे थे और मंच के ऊपर विभा मिश्रा उर्फ गुड़िया अपने भजनों से श्याम भक्तों को जम रही थी जिनका अभिवादन अध्यक्ष सांभर कुमार अग्रवाल की पत्नी ममता देवी ने किया इस समय हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल शपतनी पधारे कमेटी के अन्य सदस्यों ने मिलकर उनका अभिवादन कर दुपट्टा उड़ा कर मोमेंटो प्रदान किया। उनके साथ विजय जायसवाल, राजीव जायसवाल एवं अन्य कई सदस्य बाबा के चरणों में सर झुकाकर अपने आप को अभिभूत महसूस किया। हजारों की संख्या में लोग जयकारे लगा रहे थे। हजारों हजार व्यक्तियों ने बाबा श्याम के भंडारे का प्रसाद लेकर अपने आप को संतुष्ट के शिखर पर पाया। चरण पादुका के संचालन में बगड़िया परिवार के सदस्य एवं कर्मचारी रात्रि भर जुटे रहे। श्री श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा चाय का वितरण होता रहा। सभी समितियों के सदस्य दूर-दूर से आसनसोल, धनबाद, बोकारो चास, रांची, झरिया, भुरकुंडा सांडी, रांची रोड, जगन्नाथ पुरी, से पधारे थे। भक्ति पूर्ण माहौल में रात्रि का अंतिम पहर आने को था। रात्रि 2:00 बजे भी भक्त वहां से उठने को तैयार नहीं थे लेकिन हाथ जोड़कर विनती करके प्रभु श्याम की आरती की गई। मंच संचालन कमल बगड़िया ने किया एवं भक्ति के माहौल से पूरे जनता को बांधे रखा। भंडारे में सुनील अग्रवाल एवं अभिषेक सिंघानिया ने सैकड़ो कारीगरों की टीम के द्वारा दिन-रात मेहनत कर विशाल आयोजन को सफल बनाया। भंडारे के काउंटर कई जगह लगे हुए थे। सैकड़ो लोग पानी एवं वितरण की व्यवस्था में लगे हुए थे। पितृ की बौछार की जा रही थी। श्री श्याम सेवा समिति ने पूरे पुलिस परिवार एवं प्रशासन परिवार को विशेष रूप से माननीय उपायुक्त, माननीय एसपी माननीय, थाना इंचार्ज एवं उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया है।

## एक नजर में

### खैरा में कृषि सुरक्षा प्रशिक्षण संपन्न




टाटीझरिया। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत खैरा पंचायत सचिवालय परिसर में तीन दिवसीय फसल सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और फसल सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था, जिससे वे अपनी पैदावार बढ़ा सकें और फसलों को कीटों से बचा सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमारी माधुरी ने की, जबकि संचालन का दायित्व पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी एवं प्रशिक्षक योगेन्द्र महतो ने निभाया। प्रशिक्षण के दौरान योगेन्द्र महतो ने किसानों को यांत्रिक नियंत्रण विधि से कीट नियंत्रण, पिला चिपचिपा फंदा और फुट फ्लाई ट्रैप तैयार करने जैसी तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने नीमास्त्र के छिड़काव और अन्य जैविक उपायों के महत्व को भी बताया, जिससे किसान रासायनिक कीटनाशकों के दुष्प्रभाव से बचते हुए प्राकृतिक तरीकों से फसलों की रक्षा कर सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 फरवरी (शुक्रवार) से 9 फरवरी (रविवार) तक चला, जिसमें करीब 30 किसानों ने भाग लिया। समापन समारोह में बीटीएम अमित मोहन और प्रशिक्षक योगेन्द्र महतो ने सभी किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को बहुत उपयोगी बताया और आगे भी इस तरह की कार्यशालाओं की मांग की। इस अवसर पर किसानों ने कहा कि फसल सुरक्षा के आधुनिक और जैविक तरीकों की जानकारी से वे अब अपनी फसलों की रक्षा बेहतर ढंग से कर सकेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कृषि विभाग और प्रशिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया और किसानों को कृषि क्षेत्र में नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल का मना वार्षिकोत्सव



दारू। जिनगा स्थित ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल में पांचवां वार्षिक महोत्सव बेहद उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ चाणक्य आईएएस अकादमी के डायरेक्टर विनय मिश्रा एवं रीमा मिश्रा ने किया। साथ ही विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य गीता देवी, पंचायत मुखिया पिंकी देवी, शशि भूषण, रमेश प्रसाद एवं मंजीत वर्मा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यालय के कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खासकर राष्ट्रगान पर नृत्य, सोलर सिस्टम, प्यूरिफाई वाटर, ह्यूमन बॉडी और स्मार्ट सिटी जैसी वैज्ञानिक प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन मॉडलों को देखकर दर्शक और अतिथि छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता और नवाचार की सराहना करते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट स्टूडेंट, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, बेस्ट पेरेंट्स और विद्यालय के ड्राइवरों को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। यह सम्मान समारोह छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और अभिभावकों की भूमिका को सराहने के लिए आयोजित किया गया था। चाणक्य आईएएस अकादमी के डायरेक्टर विनय मिश्रा ने बच्चों और अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा, हर बच्चे में विशेष प्रतिभा होती है। उन्हें उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने दें और नकारात्मक सोच से बचें। माता-पिता का सहयोग ही बच्चों को उनके सपनों तक पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य द्वारिका कुमार दास, शिक्षक परमेश्वर प्रसाद, आकाश प्रसाद, विशाल प्रसाद, सुनीता गुप्ता, मीनू राणा, अनुज कुमारी, विद्या कुमारी, सरिता देवी, सृष्टि प्रकाश, लक्ष्मी कुमारी, नीलू देवी सहित भारी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### शाहपुर के सिमानी टोला में अधूरा जलमीनार



कटकमसांडी। प्रखंड क्षेत्र में नल-जल योजना के तहत बने जलमीनार सफेद हाथी बनकर रह गए हैं। कहीं पानी की सप्लाई नहीं हो रही, तो कहीं निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। ऐसी ही बदहाल स्थिति शाहपुर पंचायत के सिमानी टोला की है, जहां सौ से अधिक घरों में पानी संकट गहराता जा रहा है। यहां 2023-24 में नल-जल योजना के तहत जलमीनार का निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन अब तक टंकी और मशीन नहीं लगाई गई। संवेदक अधूरा काम छोड़कर गायब हो चुका है, जिससे ग्रामीणों को दूर-दूर तक पानी की तलाश में भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी का मौसम नजदीक है और जल संकट की स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। ऐसे में अधूरे जलमीनार को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। सिमानी टोला के अजय प्रसाद, अजीत प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, विजय प्रसाद, विनय प्रसाद, बिरजु राणा, नारायण राणा, मनोहर राणा, दशरथ राणा, हेवंती देवी, महेंद्र प्रसाद समेत दर्जनों ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर डीसी हजारीबाग से शिकायत करने का फैसला लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सिमानी टोला ही नहीं, बल्कि प्रखंड में ऐसे दर्जनों जलमीनार हैं, जो या तो अधूरे हैं या फिर पानी सप्लाई नहीं कर रहे। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है।

### कुजू : महाशिवरात्रि को लेकर कमिटी गठित



कुजू। शिव मंदिर कुजू कोलियरी में महाशिवरात्रि को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही पूजा के सफल संचालन को लेकर सर्वसम्मति से कमिटी के गठन किया गया। जिसमें संरक्षक राम सिंह, सच्चिदानंद झा, राम नरेश सिंह, उपेंद्र झा, अध्यक्ष श्याम कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, सचिव विवेक सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य सिंह, सयुंक्त सचिव अंकित सिंह, कोषाध्यक्ष सरोजानंद झा शामिल है।

## भाकपा माले पश्चिम जोन लोकल कमेटी की बैठक में सदस्यता अभियान पर जोर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा माले पश्चिम जोन लोकल कमिटी की बैठक कोसमाडीह गांव में की गई। बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र यादव व संचालन लोकल कमेटी के सचिव मंसूर आलम ने की। बैठक में पार्टी सदस्यों का नवीनीकरण फरवरी माह के अंदर कर लेने और पार्टी की सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। वहीं प्रखंड कार्यालय और थाना में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन को तेज किया जाएगा। वहीं वक्ताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाकपा माले जन आंदोलनों की पार्टी है। जनता के अधिकार के लिए सड़कों पर लड़ने वाली सबसे मजबूत ताकत माले है। बैठक में मुख्य रूप से राज्य कमेटी सदस्य विजय पासवान, माले जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव, असगर अंसारी, मसरूल अंसारी, देव आनंद सिंह, जागेश्वर साव, महेंद्र यादव, अंकेश कुमार, रामविलास पासवान आदि मौजूद थे।

## सोनू व विक्की के निवास स्थल पर भजन संध्या का भव्य आयोजन

# चार घंटे तक चला भजन कार्यक्रम

- विभिन्न देवी-देवताओं का सजा दरबार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर की धार्मिक संस्था हनुमान संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में सोनू केशरी और विक्की केशरी के निवास स्थल पर भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न देवी-देवताओं के दरबार को दिव्य रूप से सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने भक्ति के रंग में रंगकर भजन-संकीर्तन किया। चार घंटे तक चले इस भजन संध्या में बब्लू सिंह, राकेश कप्सिमे, मनोज माथुर, आशुतोष भदानी, साकेत सिंह, अनुप मोदी, नवीन सिन्हा, विशाल अग्रवाल, गौतम पांडेय सहित कई भजन गायकों ने अपनी मधुर आवाज में वीर हनुमान, भोले शंकर, श्याम बाबा और माता दुर्गा सहित विभिन्न देवी-देवताओं की महिमा का गुणगान किया। भजन गायकों ने भोजपुरी, राजस्थानी और शास्त्रीय भजनों की अनुपम प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। भजन जय जय हनुमान गोसाईं, कृपा करो गुरुदेव की नाईं और श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम.. गूंजे, तो श्रद्धालु आनंदित होकर झूम उठे। आयोजन में विजय सिंह, विजय पांडेय, अरविंद चौधरी, विमल मोदी, गुड्डू मिश्रा, राजेश वर्मा, सुमन पांडेय, प्रदीप बनर्जी, सुभाष कुमार सिन्हा, मंटू केशरी, लखन सिंह, पीयूष सिंह, सचिन लोहानी, राहुल सिंह, अविनाश चंद्रवंशी, ज्योति पहाड़ी, ओमप्रकाश निरंजन, विनोद यादव, सोनू केसरी, सुषमा देव, सोनी देवी, पिंकी देवी, प्रिया कुमारी, शनवी कुमारी, गोलू, छोटू, शिवम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भजन-संकीर्तन का आनंद लिया। पूरे वातावरण में भक्तिरस की ऐसी धारा बही कि हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। कार्यक्रम का समापन रामधुन और आरती के साथ हुआ।



## एक नजर में

### प्रशिक्षण के बाद कृषकों के बीच सर्टिफिकेट और कुदाल का किया गया वितरण



**सिमरिया।** प्रखण्ड मुख्यालय के बगरा पंचायत सचिवालय में कृषकों को प्रशिक्षण दिया दिया गया। साथ हीं सर्टिफिकेट के साथ कुदाल का भी वितरण किया गया है। यह प्रशिक्षण उमाशंकर प्रसाद पौधा संरक्षक चतरा द्वारा, बीटीएम राजेश कुमार, मुखिया चंदा देवी की मौजूदगी में दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी को सर्टिफिकेट और कुदाल का वितरण किया गया। प्रशिक्षण में फसल सुरक्षा संबंधी उपाय एवं देखभाल एवं कीटनाशक दवाइयां आदि की जानकारी दी जा रही है। मौके पर इंद्रदेव प्रसाद, जितेंद्र कुमार सिंह, दशरथ प्रसाद यादव के अलावे दर्जनों किसान शामिल थे।

### गिद्धौर में बचपन प्री स्कूल का उद्घाटन




**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक मोड़ पर बचपन प्री स्कूल का उद्घाटन रविवार को किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नेशनल प्लेयर एवं जीपीएस गुलमोहर पब्लिक स्कूल, हजारीबाग की डायरेक्टर विद्या बक्शी रहीं। साथ ही गिद्धौर अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, सेवानिवृत्त शिक्षक योगेश्वर राम डांगी, श्यामसुंदर डांगी, शिक्षक नरेश पासवान, राजेंद्र दास, निर्मला देवी, अभिभावक और कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। विद्यालय के संचालक प्रदीप कुमार मौर्य, सुबोध कुमार दांगी और मनोज वर्मा ने बताया कि यहां 2 से 6 वर्ष के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाएगी। विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस अवसर पर राजेश कुशवाहा, शिक्षिकाएं कुमारी निशि, ज्योति कुमारी, प्रिया कुमारी, सोनी कुमारी और मोहम्मद बारिश भी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यालय के सफल संचालन और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकली शोभा यात्रा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो भारत सरकार और मेडिकल विंग ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रविवार को एक शोभा यात्रा निकली जो ढाब रोड, डोमचांच हनुमान मंदिर, शहीद चौक, बाजार रोड, कालीमंडा होते हुए ढाब रोड सेवा केंद्र पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में डॉ. आर विश्वास, डॉ. आईसी दास, समाजसेवी उमेश वर्मा, विनोद कुमार भाई, रंजीत कुमार, मुकेश कुमार, पवन कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अजय कृष्ण बर्णवाल ने किया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय शाखा सेवा केंद्र संचालिका बीके अनीता ने कहा कि शहर में रैली के माध्यम से नशे के नुकसान के बारे में अभियान के अंतर्गत जो आयोजन किया गया, इसे निश्चित ही समाज को एक संदेश गया कि नशा अंततः नाश ही करता है, आज कई प्रकार के नशा समाज में व्याप्त होते जा रहे हैं। नशा मुक्ति अभियान में सभी को बी के सुजीता बहन ने संकल्प कराया। कार्यक्रम को मीणा बहन, देवंती बहन, शांति माता, दुर्गा माता, सावित्री माता, आरती बहन, पार्वती माता, उमा माता, कंचन माता, सरोज माता आदि ने सफल बनाया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह रेलवे लाइन जयनगर रोड रेलवे पुल के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान पंजाब होटल के समीप रहने वाले 23 वर्षीय सचिन कुमार उर्फ बजरंगी पिता भोला लहेरी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक रेलवे ट्रैक से होकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान मालगाड़ी की चपेट में आ गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना पैंथर के जवान और परिजनों ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

### सिंदवारी फाइटर ने हिंदुस्तान फाइटर को हराया



**गिद्धौर।** गिद्धौर प्रीमियर लीग सीजन 2 के तहत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में सिंदवारी फाइटर ने मुकेश वॉरियर्स को 58 रनों से हराया। सिंदवारी फाइटर ने 12 ओवर में 147/5 रन बनाए, जिसमें सोनू गुप्ता (74 रन) और आलोक दुबे (29 रन) का योगदान रहा। मुकेश वॉरियर्स की टीम 9.1 ओवर में 89 रन पर ऑलआउट हो गई। आलोक और गणेश ने 2–2 विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के लिए सोनू गुप्ता को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में सिंदवारी फाइटर ने हिंदुस्तान फाइटर को 4 विकेट से हराया। हिंदुस्तान फाइटर ने 12 ओवर में 149 रन बनाए, जिसमें कपिल राणा (63 रन) और उपेंद्र (28 रन) ने अहम योगदान दिया। जवाब में सिंदवारी फाइटर ने 11.4 ओवर में 150 रन बनाकर जीत दर्ज की। अश्विनी (56 रन) और सोनू गुप्ता (नाबाद 43 रन) ने टीम को जीत दिलाई। गेंदबाजी में आलोक ने 3 विकेट, जबकि सत्यम और गणेश ने 2–2 विकेट लिए। इस प्रदर्शन के लिए आलोक दुबे को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में अंपायर सोनू और सुमित, स्कोरर उज्जवल कुमार थे। मौके पर जीपीएल के पदाधिकारी और स्थानीय खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो गंभीर रूप से घायल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के तिलैया डैम ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत तितरचांच मोड़ के समीप रविवार शाम करीब 6 बजे एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क किनारे एक पेड़ से टकराने से दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान बरही थाना क्षेत्र के दुलमाहा निवासी 30 वर्षीय रणजीत पंडित पिता नारायण पंडित और कोरियाडीह निवासी 30 वर्षीय अरविंद कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद अरविंद कुमार को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरे घायल का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## ग्रिजली कॉलेज में पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम शुरू





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, रिसोर्स पर्सन डॉ. उपेन्द्र कुमार, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत सहित सभी सहायक प्राध्यापक द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम में बतौर रिसोर्स पर्सन डॉ.उपेन्द्र कुमार विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग, आरएसपी. महाविद्यालय, झरिया, धनबाद द्वारा प्रकरण-सतत विकास पर विस्तृत जानकारी साझा करते हुए संबंधित प्रकरण का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रभाव एवं महता पर विशेष प्रकाश डालते हुए सतत् विकास के विविध तथ्यों एवं प्रविधियों पर बल दिया। वहीं रिसोर्स पर्सन डॉ उपेन्द्र कुमार को महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी द्वारा पुष्पगुच्छ, प्राचार्या डॉ.मृदुला भगत द्वारा स्मृति चिन्ह एवं आई क्यूएसी समन्वयक डॉ.मनीष कुमार पासवान द्वारा शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम के आयोजन से प्रशिक्षुओं को विभिन्न विषयों के प्रकरणों से विशेष जानकारी प्राप्त होती है, जो उनको उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करता है। वहीं उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य के लिए रामबाण साबित होती है, जो विविध कौशलों से अवगत कराती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2024-26 के सभी प्रशिक्षु एवं महाविद्यालय के मुख्य परिचालन पदाधिकारी तनिष्क तथा सभी सहायक प्राध्यापक उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सूत्र संचालन प्रशिक्षु पारुल कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. मनीष कुमार पासवान द्वारा किया गया।

## ए.एम. सिद्दीक पब्लिक स्कूल में रहमानी 30 की परीक्षा संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** रहमानी 30 द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा रविवार को ए.एम. सिद्दीक पब्लिक स्कूल में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस परीक्षा में कक्षा 8वीं, 9वीं और 10वीं के छात्रों ने भाग लिया। सफल छात्रों को जेईई एडवांस, नीट, क्लैट, सीएमए, सीए, सीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिलेगा। रहमानी 30 बिहार की एक गैर-सरकारी संस्था है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के लिए पिछले 30 वर्षों से कार्यरत है। संस्था का उद्देश्य पिछड़े और गरीब तबके के बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। इसका परिणाम हर साल शत-प्रतिशत सफलता के रूप में सामने आता है। जागरूकता अभियान, हेल्थ सर्विस, आई ऑपरेशन कैंप, वैक्सीनेशन कैंप और पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रमों पर भी कार्य कर रही है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा का अलख जगाने के लिए रहमानी 30 ने चतरा जिले को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना है।



**ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच :** स्कूल के डायरेक्टर प्रो. उमर फारूक ने बताया कि इस मिशन की नींव मौलाना वली रहमानी ने रखी थी, जिसे अब मौलाना फैसल रहमानी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चतरा जैसे पिछड़े इलाके में परीक्षा केंद्र बनाकर ग्रामीण बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करने का यह प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, स्कूल के प्रिंसिपल मोहम्मद मुजम्मिल ने कहा कि फैसल रहमानी साहब ने इस क्षेत्र में परीक्षा केंद्र देकर यहां के छात्रों को सुनहरा अवसर दिया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्र कम खर्च में इस प्रतिष्ठित परीक्षा का हिस्सा बन सकेंगे और अपने कौशल को जांचकर उच्च शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि रहमानी 30 में सफल छात्रों को देश के बेहतरीन शिक्षण संस्थानों में पढ़ने का मौका मिलेगा, जहां का रिजल्ट हर साल 100% रहता है। इस परीक्षा में दूर-दराज के छात्रों ने हिस्सा लिया, जिससे उनकी प्रतिभा को परखने और आगे बढ़ने का अवसर मिला।

रहमानी 30 का यह प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### रूदीडीह की चंचला घर से हुई लापता



**पाटन (पलामू)।** नावा जयपुर थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी पंचायत रूदीडिह थाना नावा जयपुर के चंचला कुमारी पिता रुपदेव राम अपने घर से लापता हो गई है। जानकारी के अनुसार चंचला कुमारी छह फरवरी दिन गुरुवार को शाम सात बजे गायब हो गई। परिजनों ने चंचला कुमारी की बहुत खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया है। इससे चंचला के परिजन काफी चिंतित हैं।

## जाली दस्तावेज बनाकर छात्रवृत्ति का लाभ लेने का प्रयास

- सभी छात्र, छात्रा सिद्धनाथ बीएड कॉलेज जपला में अध्यनरत थे, 10 अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** नीलांबर पीताम्बर यूनिवर्सिटी द्वारा सम्बन्धता प्राप्त सिद्धनाथ बीएड कॉलेज जपला में नटवरलाल वाला दिमाग लगाने में 10 अभ्यर्थियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इन छात्रों द्वारा झारखंड सरकार के ई कल्याण पोर्टल पर फर्जी डॉक्यूमेंट बनाकर गलत तरीके से छात्रवृत्ति लेने का आवेदन करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में सिद्धनाथ बीएड कॉलेज के एचओडी प्रमोद कुमार पांडेय ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है। लिखित आवेदन में कहा है कि महाविद्यालय के बोनफाईड, मार्कशीट सहित सभी आवश्यक दस्तावेज बनाकर झारखंड सरकार के ई कल्याण पोर्टल पर शालिनी कुमारी, बिगनी देवी, गीता कुमारी, पूजा कुमारी कविता देवी, गीता देवी रेखा देवी, ऋतिक रोशन, सुमन देवी, उषा देवी, सभी थाना हरिहरगंज द्वारा छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है, जबकि उक्त सभी लोग बीएड कॉलेज के छात्र नहीं हैं। इन लोगों के खिलाफ कॉलेज द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी मेदिनीनगर को इन सभी का छात्रवृत्ति निरस्त का आवेदन दिया गया था। जिला कल्याण पदाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज का निर्देश दिया था। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि बीएड कॉलेज एचओडी के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर सभी आवेदकों के आधारकार्ड नंबर मोबाइल नंबर की जांच शुरू कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई।



## मदरसा इमदादुल उलूम इमदादिया में प्यामे इंसानियत कॉन्फ्रेंस का आयोजन

# 26 हाफिजे कुरआन की हुई दस्तारबंदी

- माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 11 से तीन फरवरी तक आयोजित होगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के मदरसा इमदादुल उलूम इमदादिया, इंग्लिश मीडियम स्कूल, रतनपुर में प्यामे इंसानियत कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 26 हाफिजे कुरआन की दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम की शुरूआत कारी सिकंदर साहब द्वारा कुरआन की तिलावत से हुई। इस जलसे की सदारत हजरत मौलाना मुफ्ती नजरे तौहिद साहब ने की, जबकि मंच संचालन मौलाना उमर फारूक ने किया। कार्यक्रम में कई प्रमुख आलिम, शायर और राजनेता शामिल हुए, जिनका भव्य स्वागत किया गया।अब्दुल्लाह सालीम कमर चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि मदरसे केवल तालीम के केंद्र नहीं, बल्कि आजादी की लड़ाई में भी इनकी अहम भूमिका रही है। शहीद मंगल पांडे के वंशज सच्चिदानंद पांडे ने कहा कि कुछ लोग धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, जिसे रोकना जरूरी है। मुफ्ती सनाउल्लाह काजी सरियत इमारते शरीया हजारीबाग ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर गांव और शहर में स्कूल व मदरसे होने चाहिए, ताकि बच्चों को अच्छी तालीम मिल सके। भाजपा जिला अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान ने कहा कि यह जलसा पूरे गिद्धौर प्रखंड का नाम रोशन करेगा। मदरसे के नाजिम हाफिज मिनहाज रसीदी और मोहत्तमीन कारी हसन इमाम शकिबी ने सरकार और समाज से मदरसे की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान देने की अपील की। मदरसे के शुभचिंतक व शिक्षक अर्जुन प्रसाद दांगी ने सहयोग का आश्वासन दिया। जलसे में शायर असद आजमी, शायर जमाल कोडरमावी, मौलाना शकील हजारीबाग, मौलाना अब्दाल चतरा, पूर्व जीप सदस्य रामलखन दांगी, सेवानिवृत्त शिक्षक देवचरण दांगी, सतेंद्र कुशवाहा, बैजनाथ दांगी, महेंद्र राम, निर्मला देवी, जीप सदस्य चंद्रदेव गोप, विनोद पासवान, विजय भारती, राजू लाल वर्मा, अमरनाथ दांगी, मौलाना मोहम्मद मुस्तुफा, मेराज अंसारी और मोहम्मद सादाब समेत कई गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



## वनांचल शिशु प्लस टू उवि में प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महूंगाय पंचायत स्थित रूपलाल नगर बरवाडीह में रविवार को आर के मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित वनांचल शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घघाटन जिप सदस्य प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राजकुमार यादव, स्थानीय मुखिया सुनील यादव, निर्देशक गंगाधर राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पासवा सह उप प्राचार्ज राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय झुमरी तिलैया व संचालन शिक्षक सुभाष राणा ने की। कार्यक्रम में आए अतिथियों को विद्यालय के शिक्षकों द्वारा गुलदस्ता, मोमेंटम व शॉल देकर स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य, संगीत, रिकॉर्डिंग डांस, नाटक देशभक्ति गीत आदि अन्य तरह के बच्चों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं कार्यक्रम में 2023-2024 में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को समानित किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा है, शिक्षा वह दीपक है, जिसे कोई नही बुझा सकता। बिना शिक्षा के हम मनुष्य आगे नहीं बढ़ सकते, जिस प्रकार जीवन जीने के लिए खाना पीना जरूरी है, उसी प्रकार शिक्षा भी जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि शिक्षा हमारी तीसरी आंख है, जिसके बिना हम सही रास्ता नहीं देख पाते। वहीं बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, रवि शंकर तिवारी मंटू, नसीम अंसारी, पंकज राणा समेत विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक 12 फरवरी को

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक आगामी 12 फरवरी दिन बुधवार को 11:00 बजे से समाहरणालय के सामने यूलिप्टस मैदान में होगी। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, नगर अध्यक्ष रुस्तम खान ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि जिला समिति की इस बैठक में मुख्य बिंदु मुख्यमंत्री से वार्ता, आंदोलनकारियों की समस्याओं का निराकरण आदि शामिल है। इस बैठक में जिला व केन्द्रीय समिति के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कई गण्यमान्य नेता भाग लेंगे। नेताओं ने जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के (चिन्हित अथवा अचिन्हित) सभी आंदोलनकारियों से अपील किया है कि निर्धारित स्थान पर ससमय पहुंच कर बैठक को सफल बनाएं। कार्यकारी अध्यक्ष श्री किन्डो ने कहा कि जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड आंदोलनकारी महासभा के प्रतिनिधि मंडल मिल कर 11 सूत्री मांगों पर विमर्श करेंगे। आंदोलनकारी साथियों की जल्द से जल्द चिन्हितीकरण, नियोजन और पेंशन तथा बकाए पेंशन राशि का भुगतान आदि के बारे में विशेष चर्चा की जाएगी।

### निर्माण के 8 दिन बाद से ही खराब पड़ा है जल मीनार,लोगो को हो रही है परेशानी

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड के चन्दकोपा गांव के शिव मंदिर के समीप स्थित जलमीनार निर्माण के 8 दिन बाद से ही बेकार पड़ा हुआ है जिससे लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बनने के 8 दिन बाद से ही पानी लोगों को नसीब नही हो रहा है। इस जल मीनार से लगभग 25 घरों में नल का कनेक्शन किया हुआ है पर लोगो को पानी नही मिल पा रहा है। जिसके कारण लोगो को दूसरे जगह से पानी लाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगो ने जल्द स्वच्छ पानी मुहैया कराने की मांग विभाग से की है। लोगो का कहना है कि पुराने बोरिंग में ही मशीन डालकर इसे चालू किया गया था। लेकिन एक सप्ताह के बाद ये खराब पड़ा हुआ है। शिकायत करने वाले के सुमन साहू, बिपिन साहू, बिनोद साहू, विकास साहू, भोला साहू, अमर ठाकुर गोपाल साहू, दुलारी देवी, सरिता देवी, उर्मिला साहू हेमा देवी सहित कई लोग शामिल है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा यून्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 139 वाँ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ मृत्युंजय कुमार,सहसचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 44 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सुखी जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है और हम सभी को मानव शरीर बहुत ही तप और किस्मत से मिला है। इसे बीमारियों के घुण से बचाएं व्यर्थ जाने ना दे,कौन सी बीमारी कब शरीर में हो जाती है पता भी ही नहीं चलता है इसके लिए आपको समय-समय पर अपने स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए। हड्डी एवं नस के विशेषज्ञ डॉ मृत्युंजय कुमार ने कहा कि बहुत से लोगों को अपने स्वास्थ संबंधित कई बीमारियों की जानकारी नहीं रहने से वह बीमारी आगे जा कर बढ़ जाती है और फिर वह काफी कष्ट दायक हो जाता है। इसके लिए आप अपना स्वास्थ्य के संबंध जांच नियमित रूप कराते रहे और सुबह-सुबह खुली जगह पर घूमे इससे रक्तचाप सही रहता है और कैल्शियम की कमी कभी भी कम नहीं होती है। सहसचिव संजय चौधरी,अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर बीमारियों का इलाज भी करवा रहे है। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है।

### झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

भंडरा। प्रखण्ड में झामुमो ने रविवार को जेएमएम पुर्व प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी के अगुवाई में सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से लोहरदगा झामुमो के पुर्व जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के पुर्व जिला सचिव मंसूर अंसारी मौजूद रहे। इस दौरान प्रखण्ड के जमगाई पंचायत में फॉर्म भरकर सैकड़ों लोगों को जेएमएम की सदस्यता दिलाई गई। शामिल लोगों ने बताया कि झारखंड में हेमंत सोरेन की अगुवाई में दर्जनों महत्वाकांक्षी योजना जनहित में चलाई जा रही है। जिससे आम लोगों में सरकार के प्रति समर्पित की भावना जग रही है। जिससे लोग झामुमो में शामिल हो रहे है। जेएमएम पुर्व प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने बताया कि पूरे लोहरदगा जिले में पचास हजार से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

# जल संकट से जूझ रहे हैं जमगई के ग्रामीण, सरकार की योजनाएं बेअसर

## गर्मी पहुंची नहीं पानी की समस्या, हाथी की दांत साबित हो रही है नल-जल-योजना

शिवम केशरी

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के जमगई गांव में पिछले एक साल से पेयजल संकट ने ग्रामीणों को भारी परेशानियों में डाल रखा है। जल जीवन मिशन के तहत यहां 500 लीटर की क्षमता वाला जालमीनार स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य हर घर तक पानी पहुंचाना था। लेकिन दुर्भाग्यवश यह योजना केवल तीन महीनों तक ही काम कर पाई। इसके बाद से जालमीनार का संचालन खराब होने से ठप हो गया ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने बार-बार पंचायत की मुखिया और संबंधित अधिकारियों को जलमीनार की खराब स्थिति के बारे में सूचित किया है। लेकिन उनकी अनदेखी के चलते समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जमगई के निवासी प्रमाण परवीन, मेनेजा खातुन और सिसिलिया बाड़ा ने कहा कि मुखिया और अधिकारी उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि वे अपने घरों में आराम कर रहे हैं। इस बीच ग्रामीण दूषित कुएं का पानी पीने के लिए मजबूर हैं। बरसात के महीनों में भी उन्हें गंदे कुएं के पानी का सहारा लेना पड़ा, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जलमीनार का निर्माण केवल दिखावे के लिए किया गया था और इसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है। हमें मजबूरन दूषित पानी पीना पड़ रहा है इस जल संकट ने न केवल ग्रामीणों को परेशान किया है, बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डाला है।

दूषित पानी पीने से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, और गांव में कई लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि वे इस गंभीर समस्या का समाधान जल्द से जल्द करें। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यह संकट केवल जल संकट नहीं है, बल्कि यह सरकारी योजनाओं के कार्य सेली की कमी को भी उजागर करता है। उन्होंने यह जानने की इच्छा जताई है कि कब तक उन्हें इस संकट से जूझना पड़ेगा और क्या सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए गंभीर है या नहीं। स्थानीय प्रशासन के लिए यह एक गंभीर चुनौती है कि वह इस समस्या का समाधान करे और यह सुनिश्चित करे कि ग्रामीणों को आसानी से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हो। अब देखना यह है कि प्रशासन और पंचायत कितनी जल्दी इस गंभीर मामले पर ध्यान देती है और कब तक ग्रामीणों को राहत मिलेगी।


खराब जलमीनार के साथ ग्रामीण

# सहिजाना कोयल नदी से दिन में हो रहा है बालू की अवैध तस्करी

## हाईवा और ट्रैक्टर लगाकर प्रतिदिन उठाया जाता है बालू

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिसई।** सिसई प्रखंड के लरंगो पंचायत के सहिजाना कोयल नदी से इन दिनो दिन दहाड़े तस्करों के द्वारा बाल की अवैध तस्करी किया जा रहा है। आये दिन दर्जनो हाईवा व ट्रक बालू रांची सहित अन्य जिलों में भेजी जा रही है और मोटी रकम की कमाई की जा रही है और ये सब प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा है। बावजूद इसके प्रशासन आंख बंद किये हुए है। अवैध बालू की तस्करी से सरकार को लाखों रुपए राजस्व का हानि हो रहा है। तस्कर के द्वारा कोयल नदी से दिन भर ट्रैक्टर से अवैध बालू का उठाव कर गांव के आसपास सुरक्षित स्थानों पर डम्प किया जाता है और शाम होते ही हाईवा से लॉड कर रांची सहित अन्य जिलों मे बालू की तस्करी किया जा रहा है। बालू के अवैध खनन और उठाव होने से प्राकृतिक पर प्रतिकूल असर तो पड़ ही रहा है नदी का स्वरूप भी तेजी से नष्ट होता जा रहा है।बालू की अवैध निकासी से पानी का जलस्तर जमींदोज होता जा रहा है। इसका दुष्प्रभाव आने वाला समय में आमजनो पर सीधे पड़ सकता है जिस तरह से कोयल नदी से अवैध बालू की तस्करी कर दोहन किया जा रहा है इसे लगता है कि या तो प्रशासन आंख बंद कर रखा है या तो फिर रोकना ही नहीं चाहता है। अगर ऐसा ही कोयल घाट का दोहन होता रहा तो प्राकृतिक के कहर टूटने से शायद कोई नही बचा सकता है व। अवैध बालू की निकासी से प्राकृतिक और समाज पर बड़ा खतरा बन उभर सकता है।


नदी के भीतर से ट्रैक्टर पर बालू की निकासी करते लोग

## खबर एक नजर में

### नाबालिक लड़की को भगाने के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**डुमरी।** डुमरी थाना कांड संख्या-21/2024 में नाबालिक लड़की को भगाने के आरोपी के घर पर कांड के अनुसंधान कर्ता एसआई मनोज कुमार द्वा न्यायालय, गुमला से निर्गत इश्तहार को विधिवत चिपकाए गया। ज्ञात हो कि डुमरी थाना क्षेत्र के एक नाबालिग को जैरागी निवासी प्यारे हुसैन, उम्र- 26 वर्ष के द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर भाग गया है जिसकी डुमरी थाना में लिखित शिकायत पीड़िता की माँ के द्वारा किया गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बतलाया कि उक्त आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने की तिथि निर्धारित की गई है एवं आत्मसमर्पण नहीं करने पर विधि- वत उनके घर की कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### शब ए बरात को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने किया कब्रिस्तान की सफाई

**सिसई।** मुस्लिम समुदायो का त्योहार शब-ऐ- बरात को लेकर सिसई प्रखंड के लरंगो गांव मे मौजूद कब्रिस्तान का समुदाय के लोगो के द्वारा साफ-सफाई किया गया।शब ए बरात को मगफिरत या क्षमा की रात कहा जाता है इस त्योहार मे मुस्लिम समुदाय के लोग अपने गुनाहो माफ कराने के लिए रात भर अल्लाह की इबादत करते है और कब्र मे जाकर मरहूम मरहूमातो के लिए दुवाए मगफिरत करते हैं।साथ ही अपने गुनाहो का अल्लाह से माफी मांगते हैं इस रात अल्लाह गुनहगारो को माफ करते है इस रोज कब्र को साफ सफाई किया जाता है इस त्योहार मे मुस्लिम समुदाय अपने अपने घरो को साफ-सफाई करते है।अपने परिवार के साथ साथ देश दुनिया के लिए अमन चैन,खुशहाली व भाईचारगी के लिए दुआ करते हैं।मुस्लिम समुदाय बडे ही सादगी के साथ इस पर्व को मनाते हैं।

### उरांव सरना कल्याण समिति गुमला की बैठक संपन्न

**गुमला।** उरांव सरना कल्याण समिति गुमला की समीक्षा बैठक रविवार को उरांव क्लब दुनदरिया में श्री दीप नारायण उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सामाजिक मिलन सह पिकनिक समारोह की समीक्षा की गई। बैठक में सर्वप्रथम दीप नारायण उरांव ने सफलतापूर्वक समारोह के संपादन के लिए सभी लोगों को जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया उन्हें धन्यवाद दिया। तत्पश्चात समारोह के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिसको समिति के उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पारित किया गया। बैठक में विभिन्न सामाजिक विषयों के साथ-साथ 2025 के होने वाले सरहुल महोत्सव के बारे में चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि उरांव क्लब दुन्दुरिया में दिनांक 16 फरवरी दिन रविवार को दोपहर 1 बजे से केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की बैठक की जाएगी। बैठक में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों का भी चुनाव कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से उरांव सरना कल्याण समिति गुमला के पदाधिकारी एवं सदस्य एवं सहयोगियों में सागर उरांव, प्रद्युम्न भगत, कमल उरांव, बसंत उरांव, देवराम भगत, गभूं उरांव, जय प्रकाश उरांव, सुखबिहारी उरांव एवं अनेकों लोग उपस्थित थे।

### फाइलेरिया से बचाव के लिए एमडीएम कार्यक्रम आज से

**चैनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में हाथी पांव (फाइलेरिया) के खिलाफ मास ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ कल सोमवार को किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद मेरी लकड़ा और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. डी एन ठाकुर के स्वंयुक्त कर कमलों द्वारा किया जाएगा।10 से 25 फरवरी 2025 तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत, स्वास्थ्य कर्मी और सहिया दीदी घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा वितरित करेंगे। चिकित्सक प्रभारी डॉ धर्मनाथ ठाकुर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस दवा को अवश्य लें, क्योंकि यह फाइलेरिया से बचाव में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# भाजपा की जीत से आम आदमी पार्टी का चेहरा बेनकाब हो गया : अनूप

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की 27 सालों के बाद प्रचंड जीत पर भाजपा गुमला जिला द्वारा टावर चौक में जीत की खुशी में आतिशबाजी कर जश्न मनाया।सबको जीत का लड्डू बांटा गया। जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अनुप चंद्र अधिकारी ने कहा 27 सालों के बाद दिल्ली में कमल खिला है, यह मोदी जी की गारंटी है। भाजपा का जलवा दिल्ली में भी काबिज हो गया। आम आदमी पार्टी का चरित्र बेनकाब हो गया। कांग्रेस पूरी तरह साफ हो गई। उन्होंने कहा दिल्ली की सरकार के सभी मंत्री आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी थी। आने वाला चुनाव में बिहार, उत्तर प्रदेश में भाजपा ही जीत दोहराएगी। वरिष्ठ नेता दामोदर कसेरा ने कहा दिल्ली की जनता आतंक के साये में जी रही थी, दिल्ली की जनता ने मोदी जी पर भरोसा किया है। इस अवसर पर महामंत्री यशवंत सिंह, राम अवतार भगत सत्यनारायण पटेल,सागर उरांव निर्मल गोयल,दामोदर कसेरा,चेम्बर अध्यक्ष राजेश सिंह, अरविंद मिश्रा रविंद्र सिन्हा, अजय सिंह राणा, शकुंतला उरांव, पायल तिवारी, सुषमा गुप्ता, खुशमन नायक, कौशलेंद्र जमुआर हरिहर कुमार, मुरारी सिंह व ढेर सारे भाजपाई उपस्थित थे।

# शहीद तेलंगा खड़िया की जयंती मनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** दीरगांव में स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद तेलंगा खड़िया के जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद तेलंगा खड़िया के प्रतिमा पर पहान पुजार द्वारा पूजा अर्चना की गई। वही अतिथियों द्वारा शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा नृत्य गीत का कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर चंद्रकिशोर केरकेट्टा ने कहा कि शहीद तेलंगा खड़िया का जन्म 9 फरवरी 1806 में सिसई के मुरगु ग्राम में हुआ था। तेलंगा ने राजा,जमीदार,सूदखोर साहूकारों एवं अंग्रेजों के खिलाफ बैठ बेगारी,शोषण एवं अत्याचार के विरुद्ध मोर्चा खोला था। इस क्रम में उन्होंने कई हरवे हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया था। जिसमें 900 सदस्य शामिल थे। विगत 23 अप्रैल 1880 को सुबह-सुबह सरना स्थल पर शहीद तेलंगा खड़िया पूजा कर रहे थे। उसी समय अंग्रेजों का एक दलाल ने उन्हें पीछे से गोली मार दी और वह शहीद हो गए। वीर शहीद अपने समाज के ही नहीं पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत रहे हैं। समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि झारखंड वासियों के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि झारखंड की धरती ने ऐसे सपूत को जन्म दिया। हमें उनके कुर्बानियों से सीख लेनी चाहिए और जीवन में शोषण अत्याचार और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक खड़िया सुधीर भगत, शंभू खड़िया, चंद्रकिशोर केरकेट्टा, भिनेश्वर उरांव, देवेंद्र उरांव, कलावती खड़िया, सिरोमनी बिलुंग, करमी सोरेंग, आरती केरकेट्टा, जानकी खड़िया, प्रमोद तिर्की सहित कई लोगों उपस्थित थे।


कार्यक्रम में शामिल अतिथि

### दिल्ली में जीत के बाद भाजपाइयों ने चैनपुर में मनाया उत्सव

**चैनपुर।** दिल्ली में चुनावी जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने चैनपुर में धूमधाम से उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। चैनपुर के बस स्टैंड के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर नारेबाजी की और जीत के इस पल को ऐतिहासिक बताया। मिठाई के डिब्बों के साथ-साथ कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और इस सफलता को पार्टी की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया।

# जिला स्तरीय पोषण शक्ति कुकिंग प्रतियोगिता धूमधाम से संपन्न


विजेता को पुरस्कार देते डीएसई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता राजेंद्र अभ्यास मध्य विद्यालय में धूमधाम से संपन्न हो गया। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी 13 प्रखंडों के विजेता एवं उपविजेता विद्यालय के रसोइया को जिला स्तरीय पोषण शक्ति कुकिंग प्रतियोगिता में आमंत्रित किया गया था जिसमें घाघरा प्रखंड को प्रथम एवं भरनो प्रखंड को द्वितीय विजेता घोषित किया गया। दोनों विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों को विद्यालय में पौष्टिक भोजन परोसने और रसोइयों को उत्साहित करने के लिए हर वर्ष किया जाता है। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान ने कहा कि सभी प्रतियोगियों ने खूब मेहनत करके और दूर दराज क्षेत्रों से आकर प्रतियोगिता में भाग लिया इसलिए सभी बधाई के पात्र हैं आज के प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीम को राज्य स्तरीय पोषण शक्ति कुकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। दूसरे प्रतियोगी निराश नहीं हो बल्कि अगली बार और मेहनत करके प्रतियोगिता में भाग ले। प्रखंड प्रसार पदाधिकारी बिशनपुर श्रीमती प्रीति कुजूर ने प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यान भोजन में अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले हरे साग सब्जी का ज्यादा उपयोग करें। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला, जिला शिक्षा अधीक्षक गुमला, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बिशनपुर एवं गुमला,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गुमला, रवि रंजन पांडे ऑपरेटर जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय गुमला, उमेश भगत, विकास कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर एमडीएम सेल गुमला, जिले के सभी प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी प्रधान अध्यापक उपस्थित थे। विजेता टीम को 5000रु, उपविजेता टीम को?2500 एवं भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को 1000रु दिया जाएगा।

# भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व पलायन के खिलाफ होगा आंदोलन : विजय

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार, झारखंड नवनिर्माण दल व विभिन्न मंच मोर्चा के संयुक्त बैनर तले गुमला कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया की जयंती जन संदेश कार्यक्रम के तहत मनाई गई। कार्यक्रम शुरूआत करने के पूर्व शहीद तेलंगा खड़िया के चित्र पर सर्वप्रथम माले नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सैकड़ों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद को नमन किया। इस मौके पर पार्टी नेता विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार प्रायोजित भ्रष्टाचार, शोषण, बेरोजगारी व पलायन जैसी समस्याओं को लेकर आंदोलन की तैयारी शुरू करने की जरूरत है तभी वीर शहीदों के सपनों का शोषण मुक्त राज्य व समाज बनाई जा सकती है। श्री सिंह ने इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ता व समर्थकों से एक बार फिर से बड़ी एकता बनाते हुए आम जनता की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए कमर कस लेने और 19 मार्च 2025 को रांची में आयोजित बजट सत्र के दौरान आक्रोश रैली में हजारों की संख्या में रांची चलने की अपील की। पार्टी के जिला सचिव प्रकाश उरांव ने कहा कि करोड़ों रुपए विकास के नाम पर खर्च होने के बावजूद भारी भरकम लूट व भ्रष्टाचार के कारण गुमला जिला पिछड़ा जिला की सूची में शामिल है। जिलेवासी व गुमला को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए पार्टी द्वारा छेड़ी जा रही अभियान से जुड़ने की श्री उरांव ने आवश्यकता बताई है। महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा कि डायन बिसाही व कई तरह से महिलाएं अत्याचार की शिकार हो रही हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्रीमती उरांव ने यह भी कहा कि महिला दिवस 8 मार्च 2025 से महिला उत्पीड़न के खिलाफ व रोजगार, मान-सम्मान, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफी और व्यवसाय के लिए पूंजी देने जैसी मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी की जाएगी। कार्यक्रम के जरिए गुमला जिला में भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं जन समस्याओं को लेकर आंदोलन की तैयारी करने, मजदूर व किसानों का जिले में शोषण के खिलाफ आंदोलन शुरू करने, लोगों का सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, वेलफेयर, पल्स, विश्वामित्र, इत्यादि सभी तरह की ननबैंकिंग कंपनियों में जमा मेहनत के पैसे की जल्द भुगतान की मांग के लिए राज्य में चल रहे आंदोलन की तैयारी में शामिल होने के अलावे कई बड़ी निर्णय ली गई है। कार्यक्रम में प्रकाश उरांव, शिवप्रसाद साहू, गोपेश्वर गोप, शंकर उरांव, बादल सिंह, बबलू साहू, सुरेंद्र उरांव, सर्जन उरांव, लक्ष्मी नारायण साहू, भीमसेन मिंज, पुष्पा उराँव, कुसुम मिंज, मालती देवी, नीलिमा टोप्पो, हितकरेन लकड़ा, कमला देवी, सुषमा किंडो, समेत सैकड़ों की संख्या में लोग सम्मिलित थे।


जयंती पर तेलंगा खड़िया को श्रद्धांजलि देते लोग

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## न्यूज डायरी

### मछली पकड़ने के दौरान सांप काटने से अचेत

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के डाढ़ा ग्राम में रविवार को मछली पकड़ने के दौरान सांप काटने से एक युवक अचेत हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अशोक कुमार महतो 16 वर्ष पिता रूपलाल महतो ग्राम डाढ़ा थाना बारियातू निवासी तालाब में मछली पकड़ रहा था। इसी दौरान सांप ने उसे काट लिया। जिससे वह अचेत हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

### जबरन मकान बनाने का आरोप

**लातेहार।** सदर प्रखंड के मनन चोटाग की रहने वाली विधवा मालती चौधरी ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर सीएनटी जमीन पर जबरन मकान बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि वाद संख्या 305/24 बीएनएस की धारा 163 लगने के बावजूद खाता नंबर 160, प्लॉट 418 और 2037 पर अवैध निर्माण जारी है। कुल 10 डिसमिल जमीन विवादित है। लेकिन संजय सोनी के द्वारा गैर कानूनी ढंग से मकान बनाने का कार्य किया जा रहा है। विवादित जमीन पर पहले दो मंजिल की ढलाई हो चुकी है। अब जबरन तीसरी मंजिल का काम किया जा रहा है। यह कानून का उल्लंघन है। महिला ने उपायुक्त और मुख्यमंत्री से भी शिकायत की है। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) विषय पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

# सी श्रीनिवासन ने पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर दिया जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** टॉउन हॉल लातेहार में सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) विषय पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित का कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। आयोजित इस कार्यशाला में सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट पर आयोजित कार्यशाला में परियोजना निदेशक, सलाहकार सी श्रीनिवासन के द्वारा अवांछित ठोस और तरल पदार्थों के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य लातेहार जिला को एक शून्य-अपशिष्ट बनाने और भविष्य के पर्यावरणीय प्रशिक्षकों का निर्माण करने की दिशा में काम करना है। कार्यशाला में सी. श्रीनिवास ने डॉक्युमेंटरी फिल्म के



कार्यशाला का उद्घाटन करते अधिकारी।

द्वारा इंटिग्रेटेड सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट रिसोर्स मैनेजमेंट प्रणाली की जानकारी विस्तृत रूप से दी और प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यशाला में उन्होंने बताया कि उद्यान अपशिष्ट (जैसे सूखे पत्ते), मछली बाजार अपशिष्ट, सब्जी अपशिष्ट, द्वितीयक पृथक्करण शेड, एक मवेशी शेड और दो या तीन बायो-गैस संयंत्र प्राथमिक पृथक्करण स्रोत पर किया जाता है, जबकि द्वितीयक पृथक्करण एसएलआरएम केंद्रों पर किया जाता है। तृतीयक पृथक्करण एक सामान्य केंद्र पर किया जाता है।

**कचरा जमा होने की समस्या को वैज्ञानिक ठोस स्थापित करके हल किया जा सकता है**

पर्यावरण प्रदूषण के कारण जिले अंतर्गत कचरा जमा होने की समस्या को वैज्ञानिक ठोस स्थापित करके हल किया जा सकता है। आगे उन्होंने जिले अंतर्गत तरल संसाधन प्रबंधन (एसएलआरएम) केंद्र बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में कचरा प्रबंधन की वैज्ञानिक व व्यवहारिक पहलुओं को समझाने के बाद जिले की बेहतरी हेतु इस प्रक्रिया को अपनाने की बात कही गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि को अपनाने की जरूरत है। जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल विधियों व प्रक्रियाओं पर बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से कचरा प्रबन्धन की प्रक्रिया अपनाते हुए जिला, गांव, पंचायत को साफ-सुथरा बनाने की बात कही। मौके पर जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड लातेहार, मनिका, सरयू के मुखिया, पंचायत सचिव, पर्यावरण कार्यकर्ता, समाजसेवी समेत अन्य उपस्थित थे।

## बैद्यनाथ राम ने एलाइस ब्लू कंपनी का किया उद्घाटन

**ट्रेड कंपनी खुलने से लोगों को मिलेगा कई जानकारी: बैद्यनाथ राम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सूबे के पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार में ट्रेड कंपनियों के खुलने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि लोग यहां आकर व्यापार व ट्रेड के बारे मे जानकारी हासिल कर सकेगें। पूर्व मंत्री श्री राम शहर के पोचरा रोड में एलाइस ब्लू कंपनी के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। इससे पहले श्री राम ने फीता काट कर कंपनी का उदघाटन किया। सिक्यूरिटि कंपनी आइएसएफ के निदेशक एसएस चिश्ती ने पूर्व मंत्री को बुके भेंट कर स्वागत किया। मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, अब्बास अली, शमशेर अंसारी, अयूब अंसारी, दाउद अंसारी, मुंतजीर अंसारी, दिलेश्वर यादव, लाडले हसन, शाहिद रजा, शाह अली चिश्ती आदि मौजूद थे। कंपनी के ब्रांच मैनेजर जौहर अली चिश्ती ने बताया कि इस कंपनी में लोगों का निःशुल्क लाइफ टाईम एकाउंट खोला जायेगा। उन्होने अधिक जानकारी के कंपनी के कार्यालय में संपर्क करने की अपील की। उन्होने बताया कि कंपनी में फ्री में ट्रेनिंग की भी व्यवस्था है।



पूर्व मंत्री का स्वागत करते संचालक।

### हेहेगड़ा के चिराईकटवा टोला में पांच महीने से जलमीनार खराब

## शुद्ध पेयजल की तलाश में भटक रहे है टोलावासी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के चुंगरु पंचायत अंतर्गत हेहेगड़ा के चिराई कटवा टोला में आदिम जनजाति जनमन योजना के तहत लगाया गया जलमीनार पिछले पांच महीनों से खराब पड़ा है। जलमीनार खराब होने से स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। बता दें कि इस जलमीनार से करीब 50 घरों के सैकड़ों लोग अपनी प्यास बुझाते थे। इसके अलावे अन्य कार्य भी इसी जलमीनार के सहारे होता था। जिसमें लाखों रुपए खर्च किए गए थे, लेकिन यह ज्यादा दिनों तक लोगों की प्यास नहीं बुझा पाया। ग्रामीणों का कहना है कि इस जलमीनार के खराब हो जाने के कारण लोगों की प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ता है। कई बार ग्रामीणों ने उसे दुरुस्त करवाने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई। लेकिन, प्रखंड के जनप्रतिनिधियों में जरूरत के कार्यों को नजरंदाज कर सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का श्रेय लेने की होड़ मची हुई है। जनहित के मुद्दों पर किसी का ध्यान नहीं है। धरातल पर विकास कही नजर नहीं आ रहा है।



शोभा की वस्तु बनी जलमीनार।

**उपायुक्त से जालिमाना को दुरुस्त कराने की मांग**

समय रहते जल मीनार को दुरुस्त नहीं किए जाने से आने वाले गर्मी के समय लोगों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। फिलहाल महीनों से खराब पड़ा जलमिनार केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से जलमिनार को बनवाने की गुहार लगाई है, ताकि लोगों को पीने का शुद्ध जल उपलब्ध हो सके।

### बिजली सड़क जैसे समस्याओं को लेकर सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के किसानों ने की बैठक

# समस्याओं को लेकर 17 को जमीन समाधि सत्याग्रह करेंगे किसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** सांसद आदर्श ग्राम चटुआग में रविवार को किसानों ने बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए पंसस अयुब खान ने कहा कि चतरा के पूर्व सांसद ने प्रखंड के कामता पंचायत की ग्राम चटुआग को वर्ष 2015 में सांसद आदर्श ग्राम घोषित कर इसे गोद लिया था। लेकिन दुर्भाग्य है कि सांसद आदर्श ग्राम चटुआग की समस्या पहले जहां खड़ी थी आज भी वहीं है, कई ऐसे टोले है जहां शुद्ध पेयजल, सड़क बिजली सुविधाएं भी दिखाई नहीं देती है, चटुआग गांव के किसान कई समस्याओं के बीच जीने को मजबूर हैं। बुनियादी सुविधाएं को लेकर कई बार साशन प्रसाशन का ध्यान खींचा गया आश्वासन भी मिला लेकिन नतीजा सिफर रहा, ग्रामीण आज भी विकास के नाम पर खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। टोला पहना पानी, हठुला, कारी टोंगरी, ठुठी डुमर, लोहराई टोला, ननफुलिया टोला, पूरनपनियां, लोथराबर, सनेबोथवा, भेलवाही आदि टोले की करीब एक सौ अनुसूचित जन जाति के परिवार हैं जिसके घरों में बिजली के लिए न पॉल है न तार है अपने लकड़ी बल्ली के जुगाड़ के सहारे बिजली जला रहे हैं, सभी घरों में कनेक्शन है बिजली मीटर लगा हुआ है, बिजली का बिल भी आती थी इस समय बिल माफी योजना के दायरे में है। कई ऐसे भी टोले हैं जहां आज भी चारपहिया वाहन एम्बुलेंस नहीं जा पाती है। आदर्श ग्राम के दो स्कूल परहैया टोला और चटुआग में आने जाने के लिए अच्छी सड़क तक नहीं है, चिरोखाड़ स्कूल में न पानी है न शौचालय। बैठक में समस्याओं को लेकर सांसद आदर्श ग्राम में 17 फरवरी से अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में किसान सनिका मुंडा, जीदन टोपनो, माईकल हंश, लेचा गंझु, दिलू गंझु, नेमा परहैया, जीवन सांगा, अमृत सांगा, महादेव मुंडा, अंधरियस टोपनो, अनिल मुंडा, सावन हेरेंज, जोहन टोपनो, बेने टोपनो, परमेश्वर गंझु, बराई भेंगरा, सीमोन भेंगरा, जागो गंझु व अन्य शामिल थे।



बैठक करते लोग।

### कनीय विद्युत अभियंता लातेहार अंकित कुमार का हआ स्थानांतरण, दी गई विदाई

## लातेहार की स्मृति सदैव मेरे ह्रदय मे रहेगी: अंकित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** कनीय विद्युत अभियंता लातेहार अंकित कुमार का स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थानांतरण के बाद विद्युत प्रमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में अंकित कुमार को विदाय दी गयी। मौके पर निवर्तमान कार्यपालक अभियंता मो समशाद आलम व वर्तमान कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर संबोधित करते हुए निवर्तमान कार्यपालक अभियंता मो. समशाद आलम ने कहा कि अंकित कुमार एक व्यवहार कुशल और मिलनसार व्यक्ति हैं। उन्होने लातेहार में पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपना कार्यकाल बिताया है। उन्होने पिछले तीन सालों से इनके साथ कार्य करने का अवसर मिला है। वहीं नव पदस्थापित कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता ने कहा कि उन्होन अंकित कुमार के साथ एक लंबा समय बीताया है। जब वे लातेहार में सहायक अभियंता थे, तब ही से उनका अंकित कुमार के साथ काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। बता दें कि राजदेव मेहता लातेहार में बतौर कार्यपालक अभियंता पदस्थापित किये गये हैं। उन्होने अन्य पदाधिकारी व कर्मियों से पूर्व की तरह की सहयोग करने की अपील की। मौके पर संबोधित करते हुए कनीय अभियंता अंकित कुमार ने कहा कि उन्होने लातेहार में तकरीबन साढ़े सात साल का लंबा समय बिताया है। लातेहार के लोगों से उनका मित्रवत व्यवहार रहा है। यहां के लोगों से भी उन्हे भरपूर सहयोग मिला है। लातेहार की स्मृति सदैव उनके साथ रहेगी। उन्होने अपने अधीनस्थ कर्मियों को नये पदाधिकारियों के साथ मधुर संबंध रखने एवं अपने काम के प्रति निष्ठावान होने की अपील की। कार्यक्रम को वरीय पत्रकार आशीष टैगोर ने भी संबोधित किया। उन्होने कहा कि अंकित कुमार एक सहज व सुलझे इंसान हैं। लोगों को निर्बाध बिजली मिले, इसके लिए वे हमेशा तत्पर रहे। उनकी कमी लातेहार वासियों को खलेगी। छोटन यादव व छात्र नेता कमलेश उरांव ने भी संबोधित किया और श्री कुमार के कार्यों की प्रशंसा की। इससे पहले विभाग के कर्मियों ने श्री कुमार को बुके व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। मौके विद्युत प्रमंडल कार्यालय के दीपक कुमार, आपूर्तिकर्ता उदय प्रसाद समेत शंकर कुमार, कुणाल, जितेंद्र, फुलेश्वर, धर्मेश आदि मौजूद थे।

## बरवाडीह प्रखंड में फल फूल रहे है अवैध बंगला ईंट भट्ठे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड क्षेत्र में अवैध निर्माण और गतिविधियां फल-फूल रही हैं, और प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। अवैध बंगलों और ईंट भट्टों का निर्माण न केवल स्थानीय पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के लिए भी कई समस्यायें उत्पन्न करता है, जैसे कि अव्यवस्थित विकास, जल निकासी की समस्या, और सामाजिक असंतुलन। यहां तक कि इको सेंसटिव जॉन अंतर्गत भी कई ईंट भट्ठे बेखौफ संचालित हो रहे है। इस स्थिति का समाधान करने के लिए स्थानीय प्रशासन और वन विभाग को सक्रिय रूप से कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्हें अवैध निमार्णों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, जैसे कि निर्माण को रोकना, जुमार्ना लगाना, और आवश्यकतानुसार विधिक कार्रवाई करना। इसके अलावा, स्थानीय लोगों को भी इस मुद्दे के प्रति जागरूक होना चाहिए और प्रशासन को इस दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### जर्जर नालियों व सड़कों के निर्माण की उठ रही है मांग

**बरवाडीह।** प्रखंड के क्षेत्र वासियों ने जर्जर नालियों और सड़कों की मरम्मती की मांग को लेकर स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। उनका कहना है कि खराब नालियों और सड़कों के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि जलभराव, कीचड़, और दुर्घटनाओं का खतरा। क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि नियमित रखरखाव और सुधार कार्य न होने के कारण उनकी जीवनशैली पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की है ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

### कल से शुरू होगी मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा, सीओ व इंस्पेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

## मैटिक के लिये 5 व इंटरमीडिएट के लिए बनाया गया है 3 परीक्षा केंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा राज्य में मंगलवार से आयोजित 10 वीं बोर्ड (मैट्रिक) व इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा परीक्षा केंद्रों में तैयारी को पुख्ता करने का कार्य बड़ी तेजी से किया जा रहा है। चंदवा प्रखंड में दसवीं बोर्ड (मैट्रिक) की परीक्षा को लेकर बालिका उच्च विद्यालय, प्लस 2 उच्च विद्यालय, खीस्त राजा विद्यालय, बालक एवं बालिका मध्य विद्यालय कुल पांच परीक्षा केंद्र जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर बालिका उच्च विद्यालय, प्लस 2 उच्च विद्यालय व खीस्त राजा विद्यालय कुल 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इधर परीक्षा के निमित्त परीक्षा केंद्रों में की जा रही तैयारी का जायजा लेने रविवार को सीओ जयशंकर पाठक व पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार परीक्षा केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्रों में सीसीटीवी की व्यवस्था, बिजली, पानी की सुविधा को सुदृढ करने की बात कही। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा वाले दिन केंद्र से100 मीटर की परिधि में भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी, इस दौरान 5 से अधिक व्यक्ति का जमावड़ा एक साथ नहीं लगने दिया जाएगा, घातक हथियार ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा, डीजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर पाबंदी रहेगी। अगर कोई व्यक्ति परीक्षा केंद्र के आसपास कदाचार फैलाने का प्रयास करेगा तो उनके विरोध भी नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के मौके पर सभी विद्यालयों के प्राचार्य व अन्य कर्मी मौजूद थे।




जायजा लेते सीओ।

### टीवीयूएनएल रजवार कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे रैयतों ने की ग्राम सभा, हक व अधिकारों को लेकर हुए गोलबंद

# भूमि सुधार के लिए मिनी सर्वे व निजी व समूहिक वन पट्टा निर्गत करने की मांग

- अंचल से लेकर अधिकारियों तक भूमि सुधार को लेकर दिया आवेदन लेकिन नही हुआ समाधान: ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के बनहरदी पंचायत अंतर्गत रेन्ची जतराटांड प्रांगण में रविवार को टीवीयूएनएल रजवार कोल परियोजना से प्रभावित हो रहे रैयतों ने ग्राम सभा की। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान विगु उरांव व संचालन सकेन्द्र भुइयां ने की। ग्राम सभा में प्रभावित हुए क्षेत्र के ग्रामीणों एवं रैयतों के हक अधिकार एवं हाल सर्वे में हुई भूमि संबंधी त्रुटियों पर गंभीरता से चर्चा की गयी, ग्राम सभा की अध्यक्षता करते हुए प्रधान विगु उरांव ने कहा कि हमसभी के जीवकोपार्जन का आधार मात्र कृषि है, इसलिए हम सभी जमीन बचाने की हर लड़ाई लगेंगे, वहीं वन समिति के अध्यक्ष जगेश्वर उरांव व सचिव सुशील उरांव ने कहा कि सामूहिक व निजी वन पट्टा जबतक हमलोगों को नही मिल जाता व जमीन संबधि त्रुटियों में सुधार नहीं हो जाता तबतक हम सभी कोई बात नही करेंगे, पहले हमसभी के समस्या का निदान किया जाए फिर एनओसी के लिए किसी भी प्रकार की बात करें। युवा समाजसेवी मंटू कुमार ने कहा कि हाल सर्वे में हुई त्रुटि को लेकर हम सभी ने अंचल से लेकर जिले के अधिकारियों को पत्राचार कर अवगत कराया और समाधान की दिशा में पहल करने का आग्रह किया लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि आज तक हम सभी के समस्याओं का समाधान नही निकला है। गैर मजरूआ खास जमीन भी अनाबाद बिहार सरकार में कर दिया गया है। सरकार प्रशासन पहले मिनी सर्वे के माध्यम से जमीन संबंधित त्रुटियों में सुधार करें। आगामी 23 फरवरी को आहूत होने वाले ग्राम सभा में अपनी समस्याओं को रखना की बात ग्रामीणों द्वारा कही गयी साथ ही कहा कि अगर अधिकारियों को कोई बात करनी है तो वह सीधे ग्राम सभा में आए व ग्राम सभा के माध्यम से बात करें। ग्राम सभा के मौके पर शिला देवी, तारामणि देवी, कृष्णा उरांव, जयराम उरांव, नरेश उरांव, छठमा देवी, सीमा तिग्गा, राजकुमार ठाकुर, संगीता देवी, झरी उरांव, महेश उरांव, गन्दरू उरांव समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।



ग्रामसभा करते लोग।

## सैकड़ों लोगों ने झामुमो का बनाया सदस्य



सदस्यता ग्रहण करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के धांधू पंचायत क्षेत्र में रविवार को झामुमो ने सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बालूमाथ प्रमुख के झामुमो युवा नेता औरंगजेब खान ने पंचायत क्षेत्र में भ्रमण कर गांव टोले मोहल्ले पहुंचकर सरकार की उपलब्धि बताई ।मौके पर कई महिला व पुरुषों ने झामुमो का दामन थामा। सभी ने फॉर्म भरकर सदस्यता ग्रहण किया ।मौके पर औरंजेब खान ने सभी को पार्टी की विचारधारा और उद्देश्यों के बारे में बताया। कहा कि लोगों ने झामुमो में आस्था रखते हुए सदस्य बनकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। और यह अभियान हमारे संगठन को और मजबूत बनायेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर चलाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में दो-दो सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। ताकि पार्टी का विस्तार शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान रूप से हो सके।

स्पीड न्यूज

## फुसरो में डिवाइडर से टकराई कार

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अन्तर्गत फुसरो बाजार मे कार संख्या खल्र 09अङ 6677 डिवाईडर से टकरा गई। जिससे कार पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गई। बताते चलें कि कार मे सवार डीएवी ललपनिया मे शिक्षक है। वह गोड्डा से ललपनिया जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलती ही बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह और सीसीएल कर्मी सुजीत कुमार चौहान आदि मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। वही घटना मे घायल को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। कार को बीच सड़क से हटाकर किनारे किया एवं उनके घर जाने के लिए उचित व्वस्था किया।

## वाहन जांच अभियान चलाया गया

**गोड्डा।** मोतिया टीओपी थाना प्रभारी महावीर पंडित के द्वारा सिकटिया पाम रिजॉर्ट होटल के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी महावीर पंडित ने कहा हमारे द्वारा चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं को रोकना है। हम भविष्य में भी इस तरह के अभियान चलाते रहेंगे।

## झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

**बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यता अभियान झामुमो के वरीय नेता अनिल अग्रवाल के द्वारा जारीडीह बाजार सहित आस पास के क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया जिसमें दर्जनों लोगों ने आज पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया श्री अग्रवाल ने बताया कि बोकारो जिले में झामुमो के 50000 सदस्य बनाने का लक्ष्य है उनके लिए गांव-गांव में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है प्रत्येक गांव से कम से कम 100 सदस्यों को जोड़ा जाएगा इस अभियान में जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए आम जनता तक पार्टी के विचारधारा को पहुंचाने का महत्वपूर्ण कदम होगा।

## ईपीएफओ पेंशन योजना के तहत डिमांड लेटर-लिंक उपलब्ध

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ऑन-रोल कर्मचारियों जिन्होंने पहले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की उच्च पेंशन योजना के तहत आवेदन किया था- उनके लिए अब ईपीएफओ द्वारा डिमांड लेटर जारी किए जा रहे हैं। कर्मचारी अपना डिमांड लेटर इडीइएसके डॉटएसएआईएलडॉटइन पोर्टल पर लॉगिन करके डाउनलोड कर सकते हैं जो किसी भी स्थान से सुलभ है। ईपीएफओ पोर्टल पर डिमांड लेटर की डाउनलोड की सुविधा प्रत्येक माह की 1 तारीख से 16 तारीख तक उपलब्ध रहेगी। सेवानिवृत कर्मचारी डिमांड लेटर डाउनलोड करने के बाद उसमें उल्लिखित जानकारी का अवलोकन कर अपनी सहमति यस या नो के रूप में प्रदान कर सकते हैं एवं उल्लेखित निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद कर्मचारी डिमांड लेटर के साथ चेक या डिमांड ड्राफ्ट सहित सभी संबंधित दस्तावेज बीएसएल के नोडल अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## फेमिली रेस्टोरेंट में घुसा अनियंत्रित हाइवा, चालक घायल

**हंसडीहा।** दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा दुमका स्टेट हाइवे पर धावाटाड़ गांव के समीप एक अनियंत्रित हाइवा ट्रक हाइवे किनारे स्थित फेमिली रेस्टोरेंट में घुस गया। जानकारी के अनुसार हाइवा ट्रक की गति इतनी तेज थी कि इससे पहले वे रास्ते मे एक बाइक को अपने चपेट में लिया हालांकि उक्त घटना में बाइक सवार युवक मामूली रूप से घायल हुए। उसके बाद हाइवा ट्रक एक सड़क किनारे स्थित रेस्टोरेंट में जा घुसी। वहीं हादसे में ट्रक के परखच्चे उड़ गये। जबकि रेस्टोरेंट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही हाइवा का चालक गिरीडीह के बनेता गांव निवासी 35 वर्षीय संदीप सिंह बुरी तरह घायल हो गया। घायल चालक को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरैयाहाट पहुंचाया।

### सामर्थ्यवान के गुलामी व पराधीनता के विरुद्ध संघर्ष की

# कंटीली राह को अपनाना ही महाराणा के पदचिन्हों का अनुसरण है: पूर्व सांसद

### महाराणा प्रताप विचार मंच का वार्षिक सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो।** महाराणा प्रताप विचार मंच बोकारो द्वारा स्थानीय नगर उद्यान स्थित वनभोज स्थल पर आयोजित वार्षिक सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह सम्मानित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद के निवर्तमान सांसद पशुपति नाथ सिंह एवं सम्मानित विशिष्ट अतिथियों में पूर्व डीआईजी जितेंद्र सिंह बीएसएल के सुरक्षा विभाग के डीजीएम कर्नल शेखावत भाजपा बोकारो के पूर्व जिलाध्यक्ष व झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह किम्स के युवा श्रमिक नेता संग्राम सिंह वरीय भाजपा नेता व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित तथा भाजपा के युवा नेता विवेक सिंह उपस्थित थे। समारोह में सभी मंचासीन अतिथियों सह समाज के अन्य पुरोधाओं को पगड़ी पहनाकर-अंगवस्त्र प्रदान कर-बैच से अलंकृत कर एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह व संचालन अतुल सिंह सह मंच के महामंत्री गौतम सिंह ने किया। उक्त सम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के पुराधाओं सहित कांग्रेस के वरीय अनुभवी नेता रास नारायण सिंह बीएमएस के वरीय श्रमिक नेता बिनोद सिंह क्षत्रिय समाज धनबाद के अरुण सिंह सहित कई पदाधिकारी महाराणा प्रताप मंच के कार्यकारिणी के सभी सदस्यों व कार्यकताओं सहित निवर्तमान एवं वर्तमान पदाधिकारीगण भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक शामिल थे। किम्स के श्रमिक नेता संग्राम सिंह भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व भाजपा नेता कुमार अमित भाजपा के युवा नेता विवेक सिंह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहितलाल सिंह कांग्रेस के वरीय नेता रास नारायण सिंह आदि ने महाराणा प्रताप के जीवनशैली त्याग समर्पण कठिन संघर्ष पराक्रम पुरुषार्थ स्वाभिमान की विस्तृत चर्चा करते हुए क्षत्रिय समाज को राष्ट्रीयता के आलोक में गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए क्षत्रिय समाज के बेहतर भविष्य व विकास के निमित्त मंथन करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि निवर्तमान सांसद पीएन सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी परिचय के मोहताज नहीं थे और न हैं। कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा की जीवनशैली से सीख लेने की जरूरत है कि हमें किसी की गुलामी व पराधीनता के विरुद्ध संघर्ष की राह अपनानी चाहिए चाहे वह अकबर की पराधीनता हो या अंग्रेजों की गुलामी या हो सामर्थ्यवानों के साजिश से उपजी पराधीनता।

महाराणा की सेना में सभी जातियों का समावेश था। महाराणा प्रताप जाति-विभेद से दूर प्रखर राष्ट्रीयता के द्योतक थे। क्षत्रियत्व का तकाजा है- पराधीनता के खिलाफ स्वाधीनता के धरातल पर कठिन से कठिन संघर्ष की राह अपनाना। श्री सिंह ने मंच के इस आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की। समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं जन समुदाय को मंच की गतिविधियों से परिचित करते हुए मंच के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने सभी के प्रति मंच की तरफ से आभार प्रकट किया।

## वन सुरक्षा समिति ही कर सकती है वनों की सुरक्षा: देवशरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के हिसीम पंचायत अंतर्गत गुमन जरा में राजेश्वर मांझी की अध्यक्षता में वन सुरक्षा समिति की संपन्न बैठक में सर्व समिति से गुमन जारा वन सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष शंकर प्रसाद टुडू उपाध्यक्ष गोवर्धन मांझी सह सचिव कमल दास सोरेन सहित 15 कार्यकारिणी समिति के सदस्य चुने गए जिसमें 6 महिलाएं भी शामिल हैं। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय वन सुरक्षा समिति के संयोजक देव शरण हेंब्रम ने कहा कि वनों की सुरक्षा समिति ही कर सकती है। विभाग से वन की सुरक्षा नहीं हो पाएगी और हम लोगों ने 1984 से इस कार्यक्रम को शुरूआत किया था तभी आज जंगलों में हरियाली है। केंद्रीय कोषाध्यक्ष कार्तिक महथा ने कहा कि जंगल की सुरक्षा के लिए लड़ाई लड़ी गई है और अपने हक अधिकार के लिए आगे भी लड़ाई जारी रहेगा। केंद्रीय उपाध्यक्ष विष्णु चरण ने कहा कि यह विभाग और गांव की संयुक्त व्यवस्था समिति है जिसको ग्राम वन प्रबंधन सुरक्षा समिति के नाम से जाना जाता है और इसको सरकार ने एक संकल्प के रूप में लिया है और आने वाले दिन में संपूर्ण अधिकार ग्रामीणों का होगा और वन से जो उपज होगी जो आए होगा उसका 90% ग्रामीणों को मिलेगा 10% ही सरकार लेगी और विभाग द्वारा जो भी विकास के काम किया जाएगा- उसे समिति के माध्यम से कराया जायेगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य आनंद महतो राम महतो प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो केदला समिति के अध्यक्ष काशीनाथ सोरेन शंकर टुडू शिकारी मांझी नरेश सोरेन रामदास मांझी जयदेव टुडू रामचरण मांझी उर्मिला देवी संजोती देवी गंगोत्री देवी बेला देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बोरा गोदाम में लगी भीषण आग हादसे में हजारों रुपये के बोरा व अन्य समान जलकर राख

**हंसडीहा।** दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के हथगड़ गांव में रविवार अहले सुबह बोरा के गोदाम में आग लगने से गोदाम मे रखे बोरा व गोदाम में रखे अन्य समान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार व्यसायी कन्हैया कुमार हथगड़ गांव में किराए के मकान में बोरा का गोदाम बनाया था। देर रात गोदाम बंद कर वे अपने घर चले गया सुबह करीब चार बजे ग्रामीणों द्वारा उसे सूचना दी गई कि आपके गोदाम में भीषण आग लग गई है। जिसके बाद वे गोदाम पहुंचा। इधर ग्रामीणों ने घटना की जानकारी हंसडीहा पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच अग्निशमन विभाग को फोन कर मामलें की जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों के सहयोग आग बुझाने में लग गई। घंटो मुशक्त के बाद आग पर काबू पा लिया गया और अगल बगल स्थित मकान जलने से बच गया। वहीं आग पर काबू पा लेने के बाद अग्निशमन वाहन भी घटना स्थल पर पहुंच बचे आग के लपटे को बुझाया। उक्त घटना में करीब हजारों रुपये के बोरा व समान जलकर राख हो गए।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से आत्मनिर्भर व विकसित

## भारत का सपना होगा साकार : रवि प्रकाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** 'हमारे देश के युवा हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। उनकी ऊर्जा को सकारात्मक रूप में सही दिशा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधार-स्तंभ है। क्वालिटी एजुकेशन से ही हम हुनरमंद एवं स्वावलंबी युवा पीढ़ी तैयार कर सकते हैं और इसके लिए कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक अत्यंत आवश्यक हैं। तभी हम विकसित राष्ट्रों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकेंगे। यह कहना है सीबीएसई के उत्कृष्टता केंद्र पटना के प्रमुख रवि प्रकाश का। डीपीएस बोकारो में आयोजित वरिष्ठ शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एक खास बातचीत में उन्होंने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सरकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करने में यह नीति सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। एक सवाल के जवाब में श्री प्रकाश ने कहा कि जब तक समाज आत्मनिर्भर नहीं बनेगा- देश आत्मनिर्भर नहीं बन सकता। इसके लिए कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई और एनसीईआरटी मिलकर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को क्रियान्वित करने की दिशा में सतत प्रयासरत है। लगातार शिक्षकों एवं रिसोर्स पर्सन के रूप में काम कर रहे उनके प्रशिक्षकों का भी व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक ही धरातल पर नई शिक्षा नीति को उतारने में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में सीओई प्रमुख ने कहा कि आज के बच्चों को भटकाव से बचने के लिए यह आवश्यक है कि उनमें नैतिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए।

# सारजोम बेडा फुटबॉल चैंपियनशिप दीपक ब्रदर्स, रांची की टीम बनी विजेता टीम

### विजेता टीम को पांच लाख नगद व ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को चार लाख नगद व ट्रॉफी से किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय सारजोम बेडा फुटबॉल चैंपियनशिप का विजेता टीम बनी दीपक ब्रदर्स, रांची। फाईनल मैच दीपक ब्रदर्स, रांची बनाम मुर्मू ब्रोदर्स, रांची के बीच आयोजित हुई। जिसमें दीपक ब्रदर्स रांची की टीम ने मुर्मू ब्रदर्स, रांची की टीम को 1-0 से हराया।



विजेता टीम को पुरस्कृत करती मुख्य अतिथि विधायक डॉ लुईस मरांडी

विजेता टीम को मुख्य अतिथि झामुमों के जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी ने नगद पांच लाख व ट्रॉफी देकर सम्मानित की। वहीं उपविजेता टीम को चार लाख नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। तीसरे स्थान पर रहे बिरसा मुंडा एफसी और चौथे स्थान पर रही टीम एफसी गुमला को एक-एक लाख नगद देकर सम्मानित किया गया। मैच आफ द सीरिज रहे दीपक ब्रोथर्स, रांची के खिलाड़ी उपेंद्र हाजरा को 25 हजार नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेस्ट गोलकीपर रहे खिलाड़ी रेमंड लकड़ा को 6 हजार रुपये नगद, हाईएस्ट स्कोरर खिलाड़ी कुलीबुली एवं ऑर्टिगा को 6-6 हजार रुपये नगद और फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ी रोहित तिग्गा को 3 हजार रुपये नगद एवं प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच एक-एक हजार रुपए नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मैच में पड़ोसी राज्य बिहार, बंगाल समेत अन्य राज्यों के कुल 16 टीमों ने भाग लिया। मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा सभी टीमों में अफ्रीकी महादेश से विदेशी खिलाड़ी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम। फाइनल मैच के समापन समारोह में सारजोम बेडा क्लब का 25वां वर्षगांठ पर गुब्बारा उड़ा कर मनाया। इस बार 25 वां वर्षगांठ पर 10 वां वर्ष उत्साहपूर्वक फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। सफल आयोजन में सारजोम बेडा क्लब के अध्यक्ष ब्रह्मदेव सोरेन, उपाध्यक्ष पीटर टुडू, सचिव राजेश सोरेन, सह-सचिव राहुल मुंशी टुडू, विनय बास्की, कोषाध्यक्ष अमर हेम्ब्रम, ग्लैडसन सोरेन एवं मीडिया प्रभारी जुनस मरांडी का सराहनीय प्रयास रहा।

# ढोरी 5 नंबर ग्रॉउड में किया गया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो /फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के ढोरी 5 नबंर ग्रॉउड में रविवार को बेरमो प्रिमियर लिग 2025 सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज किया गया। यहाँ मुख्य रूप से बेरमो थाना के एसआई मो शाजिद असांरी, सीसीएल ढोरी के अमलो प्रोजेक्ट मैनेजर संतोष कुमार व समाजसेवी टिंकू महतो ने फीता काटकर टूनार्मेंट का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम अतिथियो ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। अतिथियो ने कहा कि क्रिकेट जैसे खेलों से न केवल फिटनेस को बढ़ावा मिलता है, बल्कि खेल भावना और टीम वर्क की भावना भी विकसित होती है। खेल को प्रोत्साहित करने और युवाओं में खेल भावना जागृत करने के उद्देश्य से उन्होंने काम की व्यस्तता के बीच समय निकालकर उद्घाटन समारोह में भाग लिया। उन्होंने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए कमेटी को बधाई दी। यहाँ प्रारंभिक मैच सुरेश सुदर्शन स्पोटर्स 11 उर्फ बाबू भईया बनाम ईईई (एएए) इंस्टीट्यूट सेंट्रल कॉलोनी के बीच खेला गया. जिसमें टॉस जीतकर ईईई (एएए) इंस्टीट्यूट सेंट्रल कॉलोनी ने पहले बॉलिंग किया। इसके पश्चात सुरेश सुदर्शन स्पोटर्स 11 उर्फ बाबू भईया 112 रन बनाये। जिसमें ईईई (एएए) इंस्टीट्यूट सेंट्रल कॉलोनी ने सात बिकेट से जीत दर्ज की। कमेटी के लोगों ने बताया कि टूर्नामेंट के फाइनल विजेता को 50 हजार और ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 30 हजार और ट्रॉफी एवं प्रत्येक मैच में मेन ऑफ द मैच एवं फाइनल में मेन ऑफ द सिरीज दिया जाएगा। साथ ही फाइनल मैच में इनामो की बोछार रहेगी। फाइनल मैच 16 फरवरी को खेला जाएगा।

क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने में क्रांति बीपी, देवराज विश्वकर्मा, छोटू राम, छोटका उर्फ परवीण, बिंदा यादव, बाबू भईया, कौशल राम, बबलू विश्वकर्मा, कार्तिक रजवार, धीरज राम, अमृत प्रजापति, पवन शास्त्री, छोटु साव, बिमल मुंडा, मोहन विश्वकर्मा, राजेश कुमार, शमीम खान, अशोक मोदी, जावेद असांरी, शशी कुमार, रंजु थापा, मिथलेश विश्वकर्मा आदि का योगदान रहा। मौके पर फुसरो नप के पूर्व पार्षद आनंद राम व प्रभात सिंह उर्फ रिंकू सिंह, सीसीएल ढोरी के अमलों साइडिंग मैनेजर प्रदीप कुमार, समाजसेवी मो मेराज, गोपी डे, राजेश राम, चंदन विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## बोल्डर लदा हाईवा के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, युवती गंभीर, इलाजरत

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के दुमका रामपुरहाट के मुख्य मार्ग पर हरिपुर मोड़ के समीप एक बोल्डर लदा हाईवा की चपेट में आने से बाईक सवार की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाईक सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल दोनों युवक-युवती को शिकारीपाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं युवती को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

खबर एक नजर में

## झारखंड राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन जल्द हो : दीपेश

**बेरमो।** फेडेरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के सदस्यों की बैठक कोकर स्थित पैरागन फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के परिसर में नवनिर्मित भवन में संपन्न हुई, जिसमें अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला ने वर्तमान में व्यापारियों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए बिगड़ी विधि-व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त किया और सदस्यों को संबोधित करते हुए फेडेरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के साथ झारखंड के सभी 24 जिलों के व्यापारियों, उद्यमियों, प्रोफेशनलों और सर्विस प्रोवाइडरों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का आग्रह किया, जिससे उक्त चारों वर्ग एक साथ एक प्लेटफार्म पर आ सकें और उनकी समस्याओं पर समाधान का संयुक्त प्रयास किया जा सके। आज व्यापारी वर्ग को आर्थिक विकास की धूरी कहा जाता है, वह सरकार को विभिन्न तरह के टैक्स सहित पूरी सोसाइटी को अनेक तरह की सेवाएं देता है, लेकिन उसके लिए सरकार द्वारा कोई भी अलग से सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान नहीं किए गए हैं, जिसके लिए झारखंड राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग सर्वसम्मति से की गई। उक्त बैठक में अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला, महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, लॉ एंड ऑर्डर कमेटी के को-चेयरमैन हरीश नागपाल, शाहिद आलम, सहित विवेक कुमार, आलोक कुमार गुप्ता, जितेंद्र कुमार सिंह, एस मृदुला, स्वरूप कुमार सेठी, कुमार आदित्य उरांव, आशीष जायसवाल, रुपेश रंजन सिन्हा, मनीष रंजन, राकेश कुमार गुप्ता, अंकित अग्रवाल, सरोज कुमार, निखिल कुमार टिकमानी, अरुण कुमार, मयूर पोद्दार, संजीत कुमार, पप्पू कुमार, कमलेश संचेती, हरेंद्र कुमार अग्रवाल, चंद्रशेखर सहित अन्य सदस्य उपस्थित हुए। मंच संचालन एस मृदुल ने किया और धन्यवाद ज्ञापन महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने दिया।

## दिसोम माघ पूजा हुई आयोजित, दिसोम जाहेरथान कमेटी का हुआ पुर्नगठन

**दुमका।** दिसोम 'माघ पूजा' दिसोम जाहेरथान में रविवार को सम्पन्न हुई। पूजा दिसोम मांझी बाबा विशाल मरांडी के नेतृत्व में आयोजित हुई। सर्वप्रथम दिसोम नायकी सीताराम सोरेन ने मरांग बुरू, जाहेर ऐरा, परगना बाबा के साथ सभी ईष्ट देवताओं को मुर्गा की बलि देकर पूजा-अर्चना कर सभी की सुख शांति का कामना किया। इसके बाद बलि के रूप में दिया गया मुर्गा का खिचड़ी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इसके बाद बैठक आयोजित हुई। जिसमें सभापति के रूप में सुरेशचंद्र सोरेन को चुना गया। बैठक में सभापति के नेतृत्व में विभिन्न पदों के लिए चुनाव हुए।

## पेज एक का शेष

### बीजापुर में भीषण ...

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्य के सीएम विष्णुदेव साय समेत तमाम नेताओं ने सुरक्षाबलों की इस सफलता पर बधाई दी। श्री शाह ने दो जवानों की शहादत पर दुख जताया और कहा कि नक्सलियों के सफाये तक अभियान जारी रहेगा।

**बस्तर आइजी ने दिया व्यौरा :** बस्तर आइजी सुंदरराज पी ने मीडिया को बताया कि सुरक्षाबलों को बीजापुर के नेशनल पार्क में बड़े संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इस इनपुट पर जवानों की टीम जिसमें डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर की टीम थी. जवानों की इस टीम को ऑपरेशन और सर्चिंग के लिए नेशनल पार्क एरिया में भेजा गया। नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गयी। सुरक्षाबलों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 31 नक्सलियों को मार गिराया। इस दौरान हमारे दो जवान शहीद हो गये। उन्होंने बताया कि नारायणपुर से लगी महाराष्ट्र की सीमा पर रविवार सुबह मुठभेड़ हुई। उस समय सुरक्षाकर्मियों की एक टीम एंटी-नक्सल ऑपरेशन पर थी।

**घात लगा कर जवानों पर फायरिंग :** श्री सुंदरराज ने बताया कि जैसे ही डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर्स के जवान बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में पहुंचे। पहले से घात लगाये नक्सलियों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी। हमला तेज होते देख जवानों ने भी पोजिशन ली और नक्सलियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू की। फायरिंग में 31 नक्सली मारे गये। हमारे दो जवान शहीद हो गये और दो घायल हो गये।

**भारी मात्रा में हथियार बरामद :** बस्तर आइजी ने बताया कि मुठभेड़ के बाद जवानों ने भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल, थ्री नॉट थ्री रायफल, बीजीएल लॉन्चर और विस्फोटक बरामद किया है। मुठभेड़ स्थल पर जवानों का सर्च ऑपरेशन जारी है। सर्च ऑपरेशन के लिए इलाके में अतिरिक्त फोर्स की टुकड़ी भेजी गयी है।

### हजारीबाग के पूर्व ...

अशोक कुमार की गिरफ्तारी नहीं होने पर समाहरणालय परिसर के सामने एकदिवसीय महाधरना दिया गया था।

**पूर्व एसडीओ मुख्य आरोपी :** मामले के सूचक एसडीओ के साला राजू कुमार गुप्ता बने थे। उसने एसडीओ अशोक कुमार समेत चार लोगों को आरोपी बनाया था। जिसमें एसडीओ के पिता दुर्योधन साव छोटा भाई शिवनंदन कुमार एवं छोटे भाई की पत्नी रिंकू देवी का नाम शामिल हैं।

**मामले को सुलझाने की हुई कोशिश :** यह भी आरोप लगाये गये कि अशोक कुमार का किसी दूसरी महिला से अवैध संबंध था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होता रहता था। एक बार इस मामले में उनके ससुराल पक्ष के लोग और उनके परिवार बैठा के लोगों ने बातचीत भी की थी। अशोक कुमार ने भरोसा दिया था कि आगे शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। इसके बाद भी दोनों के बाद बीच विवाद हुआ और फिर यह घटना घटी है।

### सीएम के नाम की ...

पीएम मोदी 14 फरवरी की रात को स्वदेश वापस लौटेंगे। इसके बाद ही दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। शपथ ग्रहण में एनडीए के नेताओं के शामिल होने की आशा है। इसके अलावा सभी एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। शनिवार को पीएम मोदी सहित वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा मुख्यालय में विचार-विमर्श किया था।

**सचदेवा ने एलजी से मिलने का समय मांगा :** जानकारी के मुताबिक वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलने का समय मांगा है। इससे पहले जब उनसे सीएम फेस को लेकर सवाल किया गया था उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री पर फैसला पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व लेगा। उन्होंने कहा कि सभी नवनिर्वाचित विधायक उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में सक्षम हैं।

**पहली कैबिनेट बैठक में ही एसआइटी बनेगी :** दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पहली कैबिनेट बैठक में भ्रष्टाचार मामलों की जांच के लिए एसआइटी का गठन किया जाएगा। साथ ही सीएजी की रिपोर्ट भी पेश की जायेगी।

**छोटे कमरे में रहनेवाले ने शीश महल बनवाया : अन्ना :** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा, केजरीवाल कहते थे कि वे सारी जिंदगी एक छोटे से कमरे में रहेंगे। लेकिन उन्होंने शीश महल बनवाया। उन्होंने कहा- समाज के लिए अच्छा काम करने से व्यक्ति अंदर से खुश होता है। केजरीवाल को यह बात समझ में नहीं आई, नहीं तो वे कभी 'शीश महल' बनाने के बारे में नहीं सोचते।

**699 में से 555 की जमानत जब्त :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में 699 में से 555 यानी 80% प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गयी। वहीं, कांग्रेस के 70 में से 3 ही प्रत्याशी अपनी जमानत बचा पाये। कस्तूरबा नगर से अभिषेक दत्त दूसरे स्थान पर रहने वाले पार्टी के एकमात्र उम्मीदवार रहे, नांगलोई जाट से रोहित चौधरी और बादली से देवेंद्र यादव भी अपनी जमानत बचाने में कामयाब रहे।

स्पीड न्यूज

## लेबनान में इजरायल ने किया हमला, छह मरे

**बेरूत।** लेबनान की पूर्वी बेका घाटी में एक शहर के पास अल-शारा इलाके को निशाना बनाकर किए गए इजरायली ड्रोन हमले में शनिवार को छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने यह जानकारी दी। एनएनए ने यह भी बताया कि इजरायली युद्धक विमान दक्षिणी लेबनान के ऊपर गहन मध्य-ऊंचाई वाली उड़ानें संचालित कर रहे थे, जबकि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में सीमा क्षेत्र के पूर्वी क्षेत्र में स्थित अदैसेह गांव में विस्फोट अभियान चलाया।

## चीन में भूस्खलन के बाद 29 लोग लापता

चेंगदू । दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में शनिवार को हुए भूस्खलन के बाद 29 लोग लापता हैं। लापता लोगों की संख्या का अभी सत्यापन किया जा रहा है। प्रारंभिक मूल्यांकन के अनुसार, लगातार बारिश और भूवैज्ञानिक स्थितियों के कारण, भूस्खलन मलबे के प्रवाह में बदल गया है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 1.2 किलोमीटर तक मलबा जमा हो गया है, जिसकी कुल मात्रा 100,000 क्यूबिक मीटर से अधिक है।

## देवेगौड़ा ने मां नैना देवी के किये दर्शन

**नैनीताल।** पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने रविवार सुबह नैनीताल स्थित मां नैना देवी के दर्शन किए। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह व उप सचिव प्रदीप शाह की ओर से उनका स्वागत किया गया।शाह ने उन्हें याद दिलाया कि भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने 15 अगस्त 1996 को लाल किले की प्राचीर से भाषण देते हुए पृथक उत्तराखंड के गठन के लिए अपनी सरकार का संकल्प व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि इसके लिए उत्तराखंड की जनता सदा उनकी ऋणी रहेगी।

## गुजरात में डंपर पलटा चार श्रमिकों की मौत

**पालनपुर।** गुजरात में बनासकांठा जिले के थराद क्षेत्र में डंपर पलट जाने से तीन महिलाओं सहित चार श्रमिकों की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को बताया कि खेंगारपुरा गांव के निकट शनिवार देर शाम एक डंपर अचानक बेकाबू होकर सड़क से नाले में पलट गया। हादसे में तीन श्रमिक महिलाओं और एक बालक की मौत हो गयी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। मृतकों की पहचान अभी नहीं हुई है।

## अंबाजी में 51 शक्तिपीठों की परिक्रमा हुयी शुरू

बनासकांठा जिले की दांता तहसील के अंबाजी में स्थित आरासुरी अंबाजी माता के गब्बर पर्वत पर रविवार से तीन दिवसीय श्री 51 शक्तिपीठ परिक्रमा महोत्सव-2025 की शुभारंभ हो गया है। राज्य सरकार के उद्योग मंत्री बलवंत सिंह राजपूत ने माताजी की आरती कर ध्वजारोहण के साथ महोत्सव का उद्घाटन किया। महोत्सव में हाथों में ध्वजा लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। आदिवासियों ने परंपरागत वेशभूषा में ढोल-नगाड़े के साथ नृत्य कर लोगों को भाव-विभोर कर दिया। साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस परिक्रमा के लिए पहल की थी।

## महंगाई पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मैक्सिको, कनाडा और चीन पर व्यापार शुल्क लगाने की घोषणा और इसके तुरंत बाद इसे अगले तीस दिन के लिए टाल देने के निर्णय से बीते सप्ताह उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए मिलाजुला प्रदर्शन कर चुके सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह जनवरी की खुदरा और थोक महंगाई के जारी होने वाले आंकड़ों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 354.23 अंक अर्थात 0.5 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 77860.19 अंक पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 822.2 अंक यानी 3.4 प्रतिशत

# वायुसेना चीफ और सेना प्रमुख ने एक साथ तेजस में भरी उड़ान



### बेंगलुरू में एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी का आज उद्घाटन करेंगे राजनाथ सिंह

एजेंसी

**बेंगलुरु।** एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी एयरो इंडिया का औपचारिक उद्घाटन सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में होगा। पूर्व संध्या पर उन्होंने 10 से 14 फरवरी तक चलने वाले एयरो इंडिया के दौरान होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देने के साथ ही रक्षा क्षेत्र में विकसित हो रहे भारत का खाका खींचा। राजनाथ सिंह ने रविवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में स्वदेशी एलसीए तेजस मार्क-2 की प्रोडक्शन लाइन का दौरा करके प्रगति का जायजा लिया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को एक साथ उड़ान भरी। दोनों प्रमुख रविवार को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस में एक साथ 45 मिनट तक आसमान में रहे। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में पाठ्यक्रम के साथी रहे हैं। दोनों रक्षा बलों के बीच एकजुटता और आत्मनिर्भरता के समर्थन के प्रदर्शन में दोनों प्रमुखों ने रविवार को बेंगलुरु के येलहंका वायु सेना स्टेशन में एलसीए तेजस लड़ाकू विमान के प्रशिक्षक संस्करण में उड़ान भरी। एयरो इंडिया एयर शो की शुरूआत से एक दिन पहले वायु सेना प्रमुख ने बेंगलुरु के एयरो इंडिया में स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस को 45 मिनट तक उड़ाया और उनके साथ सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी भी रहे। उनकी यह उड़ान देश के रक्षा बलों की ओर से 'मेड इन इंडिया' हथियार प्रणालियों के लिए समर्थन को प्रदर्शित करने के लिए थी। एलसीए तेजस विमान एचएएल ने निर्मित और डीआरडीओ ने विकसित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी एलसीए तेजस में नवंबर, 2023 में उड़ान भरी थी। भारतीय वायु सेना अपने हवाई बेड़े में लगभग 40 एलसीए तेजस विमानों को शामिल कर चुकी है। निकट भविष्य में 83 और एलसीए मार्क-1ए को शामिल करने की योजना बना रही है। भारतीय वायु सेना ने 83 विमानों के बाद 97 और एलसीए तेजस विमानों को अपने हवाई बेड़े में शामिल करने की योजना बनाई है। इन विमानों का उत्पादन बढ़ाने के भारत के प्रयासों में तेजी आने वाली है, क्योंकि जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने आवश्यक इंजनों की समय पर डिलीवरी करने का वादा किया है। देश की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में तेजस कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका होने के साथ इंजन की डिलीवरी में देरी ने उत्पादन कार्यक्रम को दबाव में डाल दिया है। जनरल इलेक्ट्रिक से एयरो-इंजन की संशोधित डिलीवरी के साथ भारत तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट का उत्पादन बढ़ाने के लिए तैयार है। एचएएल मार्च-अप्रैल तक पांच तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान और चार तेजस लड़ाकू प्रशिक्षक विमान तैयार करेगा। एचएएल को उम्मीद है कि वह शीघ्र ही उन्नत क्षमताओं के साथ तेजस एमके-2 की तैयारी भी करेगा।

# चित्रकूट में बस दुर्घटनाग्रस्त देवघर के श्रद्धालु 20 घायल

▸▸ प्रयागराज में स्नान करने के बाद जा रहे थे चित्रकूट, 10 लोगों की हालत गंभीर




एजेंसी

**चित्रकूट।** महाकुंभ में स्नान के बाद चित्रकूट आ रहे झारखण्ड के श्रद्धालुओं की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 20 श्रद्धालु घायल हैं, जिनमें 10 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा रविवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास हुआ। देवघर के रहने वाले श्रद्धालु एक प्राइवेट बस में सवार होकर प्रयागराज स्नान करने के बाद चित्रकूट दर्शन को आ रहे थे।

रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास टायर फटने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 20 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को बस से निकालकर उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।अस्पताल प्रशासन के मुताबिक 10 श्रद्धालुओं की ज्यादा चोटें आई हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बस में करीब 74 श्रद्धालु सवार थे, जो सभी लोग प्रयागराज स्नान के लिए आये हुए थे। यहां से वे सभी चित्रकूट दर्शन करने आ रहे थे, तभी यह हादसा हो गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो उसके लिए सारे इंतजाम किए जा रहे हैं ।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा




**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शनिवार शाम करीब 5:20 बजे राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। अपने इस्तीफे में बीरेन सिंह ने मणिपुर की सेवा करने का अवसर मिलने का आभार व्यक्त किया और केंद्र सरकार की ओर से विकास और सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने केंद्र सरकार से मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने, सीमा घुसपैठ पर सख्ती, नशे के कारोबार पर रोक, बायोमेट्रिक आधारित सख्त सीमा नियंत्रण और सीमा बुनियादी ढांचे के विकास को तेज करने की अपील की है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने मणिपुर विधानसभा के निलंबन की भी सिफारिश की। मुख्यमंत्री 8 फरवरी की शाम चार्टर्ड फ्लाइट से दिल्ली गए थे। इससे पहले, 5 फरवरी को राज्य के तीन वरिष्ठ मंत्री–पीडब्ल्यूडी मंत्री गोविंददास कोंथौजम, वन एवं पर्यावरण मंत्री थोंगम बिस्वजीत और उपभोक्ता मामलो के मंत्री एल. सुसिंद्रो मैतेई–चार भाजपा विधायकों के साथ चार्टर्ड फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे थे।

# यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप ने पुतिन से की बात

## रूस के राष्ट्रपति ने की ट्रंप से शांति समझौते की जतायी इच्छा

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत की है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप और पुतिन के बीच फोन पर हुई बातचीत में यूक्रेन युद्ध खत्म करने के बारे में चर्चा की गई है। ये फरवरी 2022 के बाद व्लादिमीर पुतिन की किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ पहली बातचीत है। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव अभियान के समय से ही यूक्रेन युद्ध खत्म कराने की बात की। पिछले हफ्ते भी ट्रंप ने कहा था कि ये युद्ध रुकना चाहिए। ये बातचीत इसी दिशा में एक प्रयास माना जा रहा है। एयर फोर्स वन में एक इंटरव्यू में न्यू यॉर्क पोस्ट ने डोनाल्ड ट्रंप से पूछा कि उन्होंने और पुतिन ने कितनी बार बात की है। इस पर ट्रंप ने कहा कि बेहतर होगा कि मैं इस पर ज्यादा कुछ ना कहूं लेकिन इतना जरूर है कि पुतिन लोगों को मरते देखना नहीं चाहते हैं। दूसरी ओर क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट पर कहा है कि बातचीत के अलग-अलग माध्यम हैं। मुझे व्यक्तिगत रूप से पता नहीं है। मैं ना तो इसकी पुष्टि करता हूं और ना ही खंडन कर सकता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि बीते तीन साल से यह युद्ध चल रहा है। मैं कह चुका हूं कि अगर मैं 2022 में राष्ट्रपति होता तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता। अब मेरे पास रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने का ठोस प्लान है। मुझे आशा है कि यह जल्दी खत्म होगा क्योंकि युद्ध बेहद खराब है। मैं इसे खत्म करना चाहता हूं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से अगले सप्ताह अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस मिलेंगे। ट्रंप का कहना है कि वह किसी भी संभावित शांति समझौते में सुरक्षा गारंटी के बदले यूक्रेन से दुर्लभ रेयर अर्थ मिनरल्स को लेकर 500 मिलियन डॉलर का समझौता करना चाहते हैं। पुतिन ने आखिरी बार पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन से फरवरी 2022 में बात की थी। यही वो समय था, जब पुतिन नेयूक्रेन पर हमले का आदेश दिया था।

## गोरखपुर से पटना तक वंदे भारत जल्द चलेगी : वैष्णव

**बेतिया।** रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बहुप्रतिक्षित बेतिया के छावनी स्थित आरओबी के संपर्क संख्या दो की सड़क एवं पुल का उद्घाटन रविवार को किया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर से पटना तक वंदे भारत सुपर एक्सप्रेस चलेगी। यह काम तीन से चार माह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि पांच वर्ष की डबल इंजन की सरकार में रेलवे में ऐसा आमूल चूल परिवर्तन और विकास होगा जो इतिहास में कभी नहीं हुआ है। छावनी आरओबी की कुल लागत 103.6 करोड़ रुपया है तथा पुल की ऊपरी लंबाई 1.48 किलोमीटर है। रेल मंत्री ने कहा कि पहले रेलवे का बजट 1000 करोड़ रुपया था, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसे बढ़ाकर 10,000 रुपया कर दिया है। उन्होंने कहा कि छावनी आरओबी बनने का श्रेय अगर किसी को जाता है तो पश्चिम चंपारण के सांसद डॉक्टर जायसवाल को जाता है। उन्हीं के अथक प्रयास और परिश्रम के कारण ही बनकर तैयार हुआ है। इसके पूर्व डॉक्टर संजय जयसवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का स्वागत एवं सम्मानित किया। डा. जैसवाल ने अपने संबोधन में चंपारण वासियों के सुविधा के लिए रेल से संबंधित कई डिमांडों का एक पत्र सौंपा और उनके कठिनाइयों से रेल मंत्री को अवगत कराया। केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रेल से संबंधित कई कठिनाइयों से रेल मंत्री को कई डिमांड रखी और सहानुभूति पूर्वक उसे पर विचार करने का आग्रह किया।



## रघुवर दास ने मां विंध्यवासिनी दरबार में लगायी हाजिरी

**मीरजापुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने रविवार की शाम अपने परिवार के साथ मां विंध्यवासिनी के दरबार में हाजिरी लगाई। साढ़े छह बजे पुराने विशिष्ट मार्ग से मंदिर पहुंचे, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने उन्हें विधिवत दर्शन-पूजन कराया। मां विंध्यवासिनी के दर्शन के दौरान रघुवर दास ने परिवार सहित श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन के बाद उन्होंने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं से भी बातचीत की।

## अभिनेत्री जया प्रदा ने बेटे के साथ संगम में लगायी डुबकी



**महाकुंभ नगर।** अभिनेत्री और पूर्व सांसद जया प्रदा ने रविवार को अपने बेटे संग त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। उन्होंने महाकुंभ मेले में पहुंचकर अपनी खुशी जाहिर की और केंद्र एवं राज्य सरकार की व्यवस्थाओं की सराहना की। जया प्रदा ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। लाखों श्रद्धालु जिस भक्ति और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं, वह देखने लायक है।

# ट्रंप ने सीक्रेट सर्विस से मांगी दो हत्यारों की जानकारी

एजेंसी

पिछले साल अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप को मारने किया गया था प्रयास



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने सीक्रेट सर्विस को उन दो लोगों के बारे में सारी जानकारी मुहैया कराने का निर्देश दिया है, जिन्होंने पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें मारने का प्रयास किया था। ट्रंप ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि मैं दोनों हत्यारों के बारे में पता लगाना चाहता हूं। एक आदमी के पास छह सेलफोन क्यों थे और दूसरे आदमी के पास [विदेशी] ऐप्स क्यों थे? उन्होंने कहा कि वह जानने के हकदार हैं। उन्होंने कहा कि बाइडेन की वजह से अब और पीछे नहीं हटूंगा। मैं जानने का हकदार हूं। और उन्होंने इसे काफी समय तक रोके रखा। ट्रंप पर पहली हत्या का प्रयास 13 जुलाई, 2024 को पेंसिल्वेनिया में उनके अभियान भाषण के दौरान हुआ। ट्रम्प को कान में गोली मार दी गई, एक दर्शक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अमेरिकी गुप्त सेवा ने कहा कि उन्होंने एक संदिग्ध 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स को मार डाला है, जिसने मंच की ओर कई गोलियां चलाई थीं। वह उस क्षेत्र के बाहर तथा कार्यक्रम के मंच से लगभग 100 मीटर दूर एक औद्योगिक भवन की छत पर छिपा हुआ था। अक्टूबर 2024 में, ट्रम्प पर जुलाई में हत्या के प्रयास की जांच करने वाले एक स्वतंत्र आयोग ने यूएस सीक्रेट सर्विस के काम में कई विफलताएं पाईं, जिसके कारण अंततः हमले को रोका नहीं जा सका। ट्रम्प पर दूसरी हत्या का प्रयास 15 सितंबर, 2024 को फ्लोरिडा में उनके गोल्फ क्लब के पास हुआ। गुप्त सेवा अधिकारियों ने हमलावर पर गोलियां चलाईं, जो झाड़ियों में छिपा हुआ था।

# किसान के हाथों में राजनीतिक ताकत : धनखड़

## कृषि व्यवसाय से जुड़ें युवा : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



मातृकुंडिया के महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुये उपराष्ट्रपति।

**चित्तौड़गढ़।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज की शासन व्यवस्था को किसान के प्रति नतमस्तक बताते हुए कहा है कि किसान के हाथों में राजनीतिक ताकत और आर्थिक योग्यता है और उसे किसी की मदद का मोहताज नहीं होना चाहिए।

श्री धनखड़ अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की महायात्रा में किसान की भूमिका को कोई कुंठित नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि आज की शासन व्यवस्था किसान के प्रति नतमस्तक है और किसान दाता है। उन्होंने कहा कि किसान की आर्थिक व्यवस्था में जब उत्थान आता है तो देश की व्यवस्था में उद्धार आता है, बाकी किसान दाता है, किसान को किसी की ओर नहीं देखना चाहिए, किसी की मदद का मोहताज नहीं होना चाहिए क्योंकि किसान के सबल हाथों में राजनीतिक ताकत है, आर्थिक योग्यता है। उपराष्ट्रपति ने युवाओं को कृषि व्यापार से जुड़ने पर जोर देते हुए किसान, उसके बेटे-बेटी से अनुरोध किया कि दुनिया का सबसे बड़ा व्यापार, बेशकीमती व्यापार, कृषि उत्पादन का है। किसान अपने उत्पाद के व्यापार से क्यों नहीं जुड़ा हुआ है। किसान उसमें क्यों नहीं भागीदारी ले रहा है। हमारे नौजवान प्रतिभाशाली हैं। ज्यादा से ज्यादा किसानों को सहकारिता का फायदा लेते हुए अन्य व्यवसायों में, कृषि उत्पादन के व्यवसाय में अपने आपको लगनशील रूप से कार्यरत करना चाहिए। इसके दूरगामी आर्थिक सकारात्मक परिणाम होंगे। उन्होंने 25 साल पहले हुए जाट आरक्षण आंदोलन के दिनों को याद करते हुए कहा कि मैं यहाँ 25 साल बाद आया हूँ, 25 साल पहले इसी जगह पर एक बहुत अच्छा काम हुआ था। सामाजिक न्याय की लड़ाई की शुरूआत की थी, जाट और कुछ जातियों को आरक्षण मिले। यह शुरूआत वर्ष 1999 की थी, समाज के प्रमुख लोग यहां उपस्थित थे। मैं भी उनमें एक था। हमने इस पवित्र भूमि, देवनगरी, मेवाड़ के हरिद्वार में संरचना की, कार्यसिद्धि मिली और आज उसके नतीजे देश और राज्य की प्रशासनिक सेवाओं में मिल रहे हैं। उसी आधार पर, उसी सामाजिक न्याय पर, उसी आरक्षण पर जिनको लाभ मिला है, आज वो सरकार में प्रमुख पदों पर हैं। उनको मेरा आग्रह रहेगा; पीछे मुड़कर जरूर देखें और कभी नहीं भूलें कि इस समाज के सहयोग की वजह से, इस समाज के प्रयास की वजह से हमें सामाजिक न्याय मिला, जब भी कोई आंदोलन होता है, खास तौर से आरक्षण से जुड़ा हुआ। लोग आतंकित हो जाते हैं, हिंसक हो जाते हैं, और कई दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। पर इस पावन भूमि पर मेरा सिर गौरव से ऊंचा है, छाती चौड़ी है कि हमारा आंदोलन सामाजिक न्याय का दुनिया के लिए सबसे बड़ी मिसाल है। कहीं कोई अव्यवस्था नहीं हुई, कहीं कोई हिंसा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि किसानों से कृषि विज्ञान केंद्रों का लाभ लेने का आग्रह करते हुए किसान को मदद करने के लिए 730 से ज्यादा कृषक विज्ञान केंद्र हैं जहां किसानों को नई तकनीकों एवं सरकारी नीतियों की जानकारी लेनी चाहिए।

## दिल्ली की जीत बिहार चुनाव परिणाम का सिग्नल : संजय झा

**पटना।** राज्यसभा सांसद और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम हो, बिहार की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव का परिणाम या दिल्ली का चुनाव परिणाम हो, यह आने वाले बिहार विधानसभा के परिणाम का सिग्नल है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने खुद कहा है कि नीतीश कुमार के आने के बाद बिहार में परिवर्तन हुआ है। डबल इंजन की सरकार से बिहार में काफी फायदा हुआ है। उन्होंने दिल्ली चुनाव परिणाम को लेकर कहा कि हम लोग दिल्ली में घूम रहे थे। दिल्ली के 70 प्रतिशत इलाके को पिछले 10 साल में स्लम बना दिया गया है।

पूर्वांचल के लोगों को जिस तरह आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा अपमानित किया गया, उस सबका परिणाम है कि आप की सरकार गई।

